जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्ष: 15 | अंक: 196
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12
मंगलवार | 30 अप्रैल, 2024

- 'विकास रथ' पर साथ राजनाथ संग आदित्यनाथ, जनसमुद्र बोल उठा- अबकी बार, 400 पार
- नामांकन से पहले रक्षा मंत्री, लखनऊ के सांसद और भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह का निकला रोड शो
- हाथ में कमल और चेहरे पर मुस्कान लिए विकास रथ पर सवार रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

लखनऊ से राजनाथ सिंह ने नामांकन किया, यूपी और उत्तराखंड के सीएम भी साथ रहे,

02 किमी रोड शो कर कलेक्ट्रेट पहुंचे

सोमवार को भाजपा कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक सड़कों पर उमड़ा 'भगवा जनसमुद्र'

लखनऊ बोला साथ-साथ फिर जीतेंगे राजनाथ

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को शुभ मुहूर्त में दोपहर 12 बजे लखनऊ से नामांकन दाखिल किया। वहीं आधे घंटे बाद केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने भी नामिनेशन किया। उनके साथ सीएम योगी आदित्यनाथ और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। राजधानी लखनऊ की सड़कों पर सोमवार को भारतीय जनता पार्टी का विकास रथ निकला। इस पर सवार रक्षा मंत्री, लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो दूसरी तरफ उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हाथ में कमल का फूल और चेहरे पर मुस्कान लिए आमजन से जुड़े रहे। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय से प्रारंभ हुआ रोड शो कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। कार्यकर्ताओं के हौसलों के आगे चिलचिलाती धूप भी बौनी दिखी। रास्ते में कई स्थानों पर कार्यकर्ताओं समेत समाज के विभिन्न वर्गों ने योगी-राजनाथ पर पुष्पवर्षा भी की। पूरा रास्ते भाजपा के झंडे संग भगवामय रहा। रोड शो के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तरांखड के सीएम पुष्कर सिंह धामी, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय, कौशल किशोर, महापौर सुषमा खर्कवाल, देवरिया के सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद संजय सेठ, विधायक राजेश्वर सिंह, नीरज बोरा, पंकज सिंह आदि जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राजनाथ सिंह ने लखनऊ से नामांकन किया

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ से नामांकन दाखिल कर दिया। इस दौरान उनके साथ सीएम योगी आदिन्यनाथ और उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी मौजूद रहे। नामांकन से पहले लखनऊ के हनुमान सेतु मंदिर पहुंचे और पूजा-अर्चना की। मंदिर से सीधे हजरतगंज पहुंचे। वहां से 2 किमी रोड शो कर कलेक्ट्रेट पहुंचे।

राजनाथ ने हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन पूजन किया

लखनऊ लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के प्रन्याशी राजनाथ सिंह ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले हनुमान सेतु मंदिर में दर्शन पूजन किया। भगवान हनुमान के दर्शन पूजन के बाद पुजारियों ने उन्हें विजय का आशीर्वाद दिया। हनुमान सेतु मंदिर में ही विराजमान भगवान शिव के विधिवत पूजन के बाद प्रन्याशी राजनाथ सिंह के समर्थकों ने जयकारे लगाया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी, एमएलसी मुकेश शर्मा, महानगर अध्यक्ष आनन्द सहित तमाम कार्यकर्तागण मौजूद रहे। हनुमान सेतु में भारतीय जनता पार्टी के प्रन्याशी राजनाथ सिंह के पहुंचने से पहले यातायात व्यवस्था देख रहे पुलिसकर्मियों ने लखनऊ विश्वविद्यालय के गेट संख्या दो पर सेतु की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात को रोक दिया। करीब 45 मिनट हनुमान सेतु में दर्शन पूजन के दौरान यातायात रुका रहा, जिसे बाद में खोल दिया गया।

2024 चुनाव का हाल-चाल

18वीं लोकसभा के लिए हो रहे आम चुनाव में भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को मैदान में उतारा है। राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से भाजपा की नौंवी जीत के लिए मैदान में उतरे हैं। इस जीत के साथ उनकी जीत की भी हैट्रिक हो जाएगी। सपा ने विधायक रविदास मेहरोत्रा पर भरोसा जताते हुए उन्हें अपना प्रन्याशी बनाया है। वहीं बसपा ने सरवर मलिक को प्रन्याशी बनाया है।

अटल जी 5 बार रहे सांसद

लखनऊ संसदीय सीट के इतिहास की बात करें तो इस सीट पर अब तक हुए 17 संसदीय चुनाव में आठ बार भाजपा ने यहां जीत दर्ज की है। अटल जी को इस सीट से लगातार 5 बार सांसद बनने का गौरव हासिल है। वहीं कांग्रेस की शीला कौल (1980 और 1984 के चुनाव में) और भाजपा के राजनाथ सिंह 2-2 बार यहां से सांसद बने हैं। इस सीट सिर्फ एक बार 1967 के चुनाव में निर्दलीय उम्मीदवार आनंद नारायण मुल्ला भी जीत हासिल कर चुके हैं।

जुलूस को बनाना है यादगार: पाठक

डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने कहा, यह सभी की पार्टी है। कोई भी व्यक्ति बूथ अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, जिला अध्यक्ष और राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। चुनाव में विपक्ष से कहीं भी टक्कर नहीं है, लेकिन लखनऊ लोकसभा को देश की सबसे बड़ी जीत में लाना है। इस लक्ष्य के साथ नामांकन को भी भव्य और यादगार बनाना है। वहीं राजनाथ सिंह के नामांकन पर बेटे नीरज सिंह ने कहा, लखनऊ के संसदीय सीट से 5 लाख से ज्यादा वोटों से जीत हासिल करेंगे। ये ऐतिहासिक जीत होगी। इस बार देश में 400 से ज्यादा सीटें जीत रहे हैं।

"राहुल गांधी हमेशा अपने बयानों से चर्चा में बने रहने के आदी हैं। जिन्हें भारत के इतिहास और भूगोल की जानकारी नहीं है, वो इस तरह की अनर्गल टिप्पणी ही करेंगे। जिन लोगों ने अपने आपको एक्सीडेंटल हिंदू कहा है, वे भारत के इतिहास के बारे में चर्चा करेंगे तो यह हास्यास्पद ही होगा।
-योगी आदित्यनाथ, सीएम

"मैंने बदलता हुआ लखनऊ देखा है, आज यहां फ्लाईओवर हैं, मेट्रो है, हर तरह के पार्क हैं, सड़कें हैं, लाइटें हैं, गलियां हैं। लखनऊ का बहुत तेजी से विकास हुआ है। जो काम अटलजी के समय में शुरू हुए थे उन सभी को राजनाथ सिंह के नेतृत्व में आगे बढ़ाया गया है।
-पुष्कर सिंह धामी, उत्तराखंड के सीएम

यूपी के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने स्वयं संभाली कमान

- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदिन्यनाथ ने बीच-बीच में स्वयं कमान संभाल लेते हुए व्यवस्था संभालने का आह्वान जनसमुद्र से करते रहे। योगी ने लखनऊवासियों का आभार जताया तो भारत मां की जयकार, वंदे मातरम, फिर एक बार-मोदी सरकार आदि नारे लगवाते रहे।
- योगी आदिन्यनाथ रास्ते की व्यवस्था को भी माइक से संभालते रहे। अव्यवस्था न हो, इसके लिए बीच-बीच में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यवस्था से जुड़े लोगों को रथ से ही निर्देश भी देते रहे। विकास रथ पर राजनाथ सिंह हाथ जोड़ आमजन का अभिवादन करते रहे तो योगी आदिन्यनाथ कमल का फूल चुनाव चिह्न लेकर अबकी बार-400 पार का संवाद भी करते रहे।

देशभक्ति गीतों संग जुड़ा लखनऊ

- रोड शो के दौरान देशभक्ति गीत भी लोगों में जोश भरता रहा। जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। ऐ वतन-ऐ वतन आदि गीतों पर ढोल-नगाड़े संग लोग झूमते रहे। वहीं बीच में आई एंबुलेंस को भी रास्ता देकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपनी संजीदगी को दर्शाया। रोड शो के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं का अनुशासन व जोश भी दिखा।<
- राजनाथ सिंह के नामांकन में उमड़ी भीड़ पल-पल की तस्वीर को कैमरे में कैद करती रही। भाजपा का कार्यकर्ता हो या आम जनमानस, हर कोई अपने मोबाइल में पल-पल की तस्वीर को खींच रहा था। वहीं राजनाथ सिंह और योगी आदिन्यनाथ कार्यकर्ताओं की हौसलाअफजाई और आमजन का अभिवादन भी करते नजर आए।

अखिलेश ने सरकार पर किया वार, बोले

भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना हो गया है गायब

जन एक्सप्रेस | हाथरस

18वीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में हाथरस लोकसभा सीट के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सिकंदराराऊ के क्रीड़ा स्थल ग्राउंड पहुंचे। जहां उन्होंने सपा प्रत्याशी जसवीर वाल्मीकि के लिए वोट मांगे। अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है, इंडी गठबंधन इस चुनाव में भाजपा को ही खत्म कर देगा। अगर बीजेपी सरकार आती है, तो अग्नि वीर की तरह पुलिस में भी 3 साल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। अलीगढ़ की हवा यहां भी पहुंच गई होगी। पश्चिम की हवा ने भाजपा का पूरे तरीके से सफाया करने का काम किया है। इस बार हाथरस सीट इतिहास बनाएगी। भाजपा वाले 10 साल की उपलब्धियां गिना रहे हैं। वह अकेले 10 साल नहीं दिल्ली के 10 साल और यूपी के 7 साल जोड़कर 17 साल का हिसाब दें। उन्होंने यूपी सरकार पर बोला कि नौकर नहीं मिल रही हैं। पेपर भी लीक हो रहे हैं। यूपी सरकार तो अपने लीकेज को ही नहीं रोक पाई है। हाथरस कांड से योगी सरकार में हाथरस की सबसे ज्यादा बदनामी हुई। अब भाजपा और उनका गठबंधन 400 पार के नाम का झुनझुना बजा रहा है। सपा ने एंबुलेंस चलाई, भाजपा ने खराब कर दी। 100 नंबर गाड़ी को 112 कर दिया, अपना नंबर बढ़ा दिया।

हजारों करोड़ रुपए का चंदा वसूल किया

उन्होंने इलेक्टोरल बॉन्ड की चर्चा करते हुए कहा कि उन कंपनियों से पैसा लिया गया, जिनकी कोई कंपनी नहीं। ईडी और सीबीआई का डंडा दिखा करके हजारों करोड़ रुपए का चंदा वसूल किया। अब जब जनता समझ गई तो बंगले झांकने लगे हैं। किसान की आए दोगुनी करने के भाजपा के वादे पर सवालिया निशान लगाते हुए अखिलेश ने कहा कितने किसानों की आय दुगनी हुई है, क्या कोई आंकड़ा है? परिवारवाद के प्रश्न पर अखिलेश ने कहा कि उनके परिवार ने कुर्बानियां दी हैं] अगर भाजपा परिवार की बात करती है तो उसने जितने भाजपाइयों के परिवारों को टिकट दिया है उनकी टिकट वापस ले परिवार के लोगों से वोट भी ना मांगे। तो कितने वोट मिलेंगे उन्हें ?

मोदी की जेब से नहीं दिया जा रहा राशन: मायावती

जन एक्सप्रेस | बदायूं

बसपा सुप्रीमो मायावती ने बदायूं के इस्लामनगर में आयोजित चुनावी सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा सियासी वार किया। गरीबों को दिए जा रहे राशन का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आपके टैक्स के रुपये से फ्री में थोड़ा सा राशन मिलता है। यह राशन, मोदी या भाजपा की की जेब से नहीं मिलता। इसलिए जब भाजपा और आरएसएस के लोग आएं और नमक का कर्ज याद दिलाएं तो आप उनके बहकावे में न आएं। मायावती ने सोमवार को बदायूं, संभल और आंवला लोकसभा क्षेत्र के बसपा उम्मीदवारों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह खासकर गरीब जनता से कहना चाहती हैं कि पिछले कुछ समय से अति गरीब परिवारों को अस्थायी तौर पर फ्री में जो थोड़ी सी खाद्य सामग्री दी जा रही है, उससे स्थायी तौर पर भला होने वाला नहीं है लेकिन जब जब चुनाव आते हैं भाजपा और आरएसएस के लोग खासकर गरीब बस्तियों में जाते हैं और कहते हैं कि भाजपा और नरेंद्र मोदी ने आप लोगों को खाने के लिए फ्री में राशन दिया है। ये कर्ज तो अदा करना ही है।

टैक्स के पैसे से आया राशन

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि आपको जो फ्री में थोड़ी बहुत खाद्य सामग्री दी जा रही है, ये मोदी या भाजपा की जेब से नहीं दी जा रही है बल्कि आप लोग जो टैक्स देते हैं। उस टैक्स के पैसे से खाद्य सामग्री मिलती है। यह नहीं सोचना है कि हमने नमक खाया है इनका। ये तो आपका अपना ही नमक है। जो टैक्स के पैसे से आया है। वैसे भी गरीब लोगों की जटिल समस्या देश में हर हाथ को काम देने से हल होगी।

दो बाइकों में भयंकर टक्कर, मौके पर तीन छात्रों की मौत, परिवारों में पसरा मातम

जन एक्सप्रेस | बागपत

बागपत जनपद में बड़ौत-मेरठ मार्ग पर सोमवार को वाजिदपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कक्षा 11वीं व 12वीं और 8वीं में पढ़ने वाले अलग-अलग गांवों के तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक छात्र घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। वहीं, घायल को नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। उधर, तीन छात्रों की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। बताया गया कि अंगदपुर गांव निवासी कक्षा 12वीं में पढ़ने वाला छात्र सालिम (19) पुत्र पल्लू सोमवार की दोपहर गांव के ही अपने एक दोस्त सावेज पुत्र शराफत के साथ बाइक से बड़ौत आ रहा था। वहीं, दूसरी ओर भगवानपुर नांगल निवासी कक्षा 11वीं में पढ़ने वाला उम्मेद (18) पुत्र यामीन अपने चचेर भाई कक्षा 8वीं में पढ़ने वाले सुफियान (15) पुत्र दिलशाद के साथ गांव से मेरठ की ओर जा रहा था। जब दोनों बाइक सवार बड़ौत-मेरठ मार्ग पर वाजिदपुर गांव के पास पहुंची तो तेज गति होने के कारण नियंत्रित नहीं हो पाई और दोनों बाइकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई।

रिपोर्ट अयोध्या में गर्मी लगातार बढ़ रही है, इस कारण राम मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या में भी कमी आई है

महंगा नहीं रहा रामलला के दर्शन करना

जन एक्सप्रेस | डॉ.वैभव शर्मा

- फ्लाइट सस्ती होने के साथ-साथ गेस्ट हाउस व होम स्टे संचालकों ने किराया भी घटा दिया है
- माना जा रहा है कि फ्लाइट की बुकिंग और ठहरना सस्टा होने से राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी

लखनऊ। अयोध्या में रामलला के दर्शन करने का मन बना रहे हैं तो आने वाले दिनों में आपके लिए अच्छा मौका है। रामनगरी के लिए हवाई यात्रा और वहां होटल, गेस्ट हाउस में ठहरना दोनों सस्ते होने जा रहे हैं। इसलिए आप जेब की पहुंच में परिवार के साथ रामलला के दर्शन के साथ-साथ आध्यात्मिक पर्यटन का आनंद ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार कम हुआ हवाई यात्रा का किराया 7 मई से लागू होगा। अयोध्या में गर्मी लगातार बढ़ रही है। जिसके कारण राम मंदिर आने वाले भक्तों की संख्या में भी कमी आई है। इसी को देखते हुए विमान कंपनियों ने उड़ान भरने वाली हर फ्लाइट की बुकिंग सस्ती कर दी है। माना जा रहा है कि फ्लाइट की बुकिंग सस्ती होने से राम मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी होगी। फ्लाइट सस्ती होने के साथ-साथ गेस्ट हाउस व होम स्टे संचालकों ने किराया भी घटा दिया है। होम स्टे में जो कमरे 10 दिन तक पहले तक तीन हजार तक में मिलते थे वे अब एक से डेढ़ हजार में मिल रहे हैं।

ढाई हजार तक फ्लाइट का किराया कम हुआ

अयोध्या से मुंबई की फ्लाइट करीब 8000 रुपये में बुक होती है, लेकिन 7 मई से इसी का फ्लाइट का किराया कम कर दिया जाएगा। अब यह फ्लाइट 5235 रुपये में बुक होगी। ये ऑफर एयर इंडिया एक्सप्रेस के साथ-साथ इंडिगो व स्पाइसजेट में भी मिल रहा है। मुंबई से रामनगरी वाली फ्लाइट 5698 रुपये में बुक हो रही है। इसी तरह दिल्ली से अयोध्या की फ्लाइट आठ मई को 3300 रुपये में और अयोध्या से दिल्ली वाली चार मई को 3220 रुपये में बुक हो रही है। वहीं, 13 मई को हैदराबाद की बुकिंग 5465 रुपये में, कोलकाता और चेन्नई के लिए 5999 रुपये में फ्लाइट बुकिंग चल रही है। उम्मीद जताई जा रही है। मौजूदा समय में रामनगरी के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 1500 से 2000 तक यात्री प्रतिदिन आवागमन करते हैं।

कई शहरों से आने वाली फ्लाइट का किराया कम हुआ

रामनगरी के साथ-साथ दिल्ली, मुंबई, अहमदाबाद, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता से आने वाले विमानों का किराया भी कम किया गया है। इसके चलते उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर यात्रियों का आवागमन बढ़ सकता है।

पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराना सबका दायित्वः डीएम

* डीएम व एसपी ने ली सेक्टर/जोनल मजिस्ट्रटों की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द तथा पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में सोमवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराने को लेकर ऑडिटोरियम के सभागार में विधानसभा क्षेत्र 236 चित्रकूट तथा विधानसभा क्षेत्र 237 मानिकपुर के जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने जोनल तथा सेक्टर मजिस्ट्रेटों से कहा कि आप लोगों को तीन बार निर्वाचन संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण दिलाया गया है। कहा कि निर्वाचन को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराना है, आप लोग अपना क्षेत्र व पोलिंग पार्टियों का रूट चार्ट अच्छी तरह से समझ ले। 19 मई और 20 मई मुख्य दिन है। पोलिंग पार्टियां रवानगी व मतदान के दिन अच्छा कार्य करें। कहा कि आप लोगों को जो भी अधिकारी फोन करें, तो उसको रिसीव अवश्य करें। कहा कि मतदान समाप्ति के बाद स्ट्रांग रूम में सभी पार्टियों को लाकर चुनाव सामग्री जमा कराएं। मतदान के दौरान अगर कहीं मशीन खराब होती है, तो तत्काल उसको बदले और कोई समस्या है तो संबंधित उप जिलाधिकारी तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी को अवगत कराया जाए। पूरे उत्साह के साथ निर्वाचन को सकुशल संपन्न कराना सबका दायित्व है। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि पोलिंग संबंधी जो भी गतिविधियां है, उसमें पीठासीन तथा सेक्टर मजिस्ट्रेट की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्षेत्र में सेक्टर मजिस्ट्रेट ही ऐसा अधिकारी है, जो मतदान केंद्र का बार-बार भ्रमण करता है और कोई समस्या आती है, तो वही निस्तारण करते हैं। कहा कि पर्याप्त पुलिस फोर्स की व्यवस्था की गई है।

जनपद में 87 सेक्टर बनाए गए हैं, उन सेक्टर मजिस्ट्रेटों के साथ संबंधित थानों की भी कुछ पुलिस फोर्स लगाई गई है। उन्होंने कहा कि सामान्य प्रेक्षक व पुलिस प्रेक्षक जब जनपद में आएंगे, तो उनके द्वारा भी मतदान केंद्र व क्षेत्र का भ्रमण किया जाएगा। आप सभी लोग पारदर्शिता के साथ निर्वाचन को निर्भीक होकर संपन्न कराए। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई है। अगर अभी भी किसी को कोई समस्या हो तो बताएं, तत्काल उसका निस्तारण कराया जाएगा।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उपजिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर पंकज वर्मा, राजापुर प्रमोद कुमार झा, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल, राजपुर निष्ठा उपाध्याय, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी सहित संबंधित अधिकारी तथा जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

दो बच्चों के साथ महिला ने कुएं में कूदकर कर ली आत्महत्या

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

थाना क्षेत्र के ऊचाडीह ग्राम पंचायत के झलमल मजरे में आदिवासी महिला ने अपने दो बच्चों को लेकर कुँए में कूद कर बच्चों सहित आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, एसडीएम पंकज कुमार वर्मा, सीओ मऊ राजकमल, प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर रीता सिंह मौके पर पहुँचे। महिला व दो बच्चों के शवों को कुएं से निकलवा कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की गहनता से जाँच करने के निर्देश दिए है। बतादे कि घटना सोमवार की दोपहर की बताई जा रही है। दोपहर में महिला अंजू देवी 22 वर्ष पत्नी साबितलाल कोल घर से अपने दोनों बच्चों सुधीर 03 वर्ष व सुदीप 01 वर्ष को साथ में लेकर घर से गायब हो गयी थी। परिजन उसकी खोज बीन करने लगे, तभी करीब 3:00 बजे ग्रामीणों ने बताया कि कुँए में शव पड़े हुए है। घटना की जानकारी पर परिजनों ने पुलिस को जानकारी दी। पुलिस मामले की जाँच में जुटी हुई है।

मतदाता पर्ची के सही तरीके से वितरण से बढ़ेगा मतदान प्रतिशत : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए सोमवार को तहसील सभागार कर्वी में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनन्द ने बूथ लेवल अधिकारियों की बैठक ली।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से कहा कि आगामी 20 मई को मतदान दिवस के पूर्व प्रत्येक दशा में मतदाताओं को शत-प्रतिशत घर-घर पर्ची बांटना है। कहा कि इस दौरान मतदाता पर्ची बांटने का रजिस्टर बनाएं और मतदाता पर्ची देते समय फोटो भी खींच कर रखें। कहा कि अगर आप लोग मतदाता पर्ची सही तरीके से वितरण करेंगे, तो हमारे जनपद का मतदान प्रतिशत अवश्य बढ़ेगा। कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के लिए मतदाता जन जागरूकता कार्यक्रम लगातार शहर व गांव में चल रहे हैं।

जिलाधिकारी ने बूथ लेवल अधिकारियों से कहा कि मतदाता पर्ची बांटते समय कोई भी घर, मजरा, पुरवा छूटना नहीं चाहिए, यह आप लोग सुनिश्चित करें। गांव का अगर कोई मतदाता कहीं शादी विवाह में गया है, तो उसकी पर्ची सुरक्षित रखें और जब वह वापस अपने घर आए, तो उनको मतदाता पर्ची दी जाए। मतदाता पर्ची का वितरण सही तरीके से किया जाए, मतदाता पर्चियों को कहीं फेंकना नहीं है, इसका भी आप लोग विशेष ध्यान दें।

कहा कि गांव में मतदाताओं को मतदान दिवस के दिन अधिक से अधिक बूथ पर पहुंचकर मतदान करने के लिए भी प्रेरित करें। दिव्यांग मतदाता एवं 80 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं कि आप लोग मदद करेंगे, इनमें से जो मतदाता बूथ पर मतदान करने के लिए सहमत हैं, उनका मतदान मतदान केंद्रों पर कराया जाएगा, अगर वह मतदान केंद्रों पर आने में असमर्थ हैं, तो उनके मतदान के लिए व्यवस्था की जाएगी। कहा कि मतदाता सूची बनाने के कार्यों को सही तरीके से किया गया है, इसी प्रकार इस मतदाता पर्ची वितरण में भी मेहनत करें ताकि हमारे जनपद का मतदान शत-प्रतिशत रहे।

इस मौके पर उपजिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, तहसीलदार कर्वी वाचस्पति सिंह, नायब तहसीलदार कर्वी मंगल सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बूथ लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

ग्रामीणों को जन्म-मृत्यु प्रमाण और परिवार रजिस्टर की नकल के लिए नहीं लगाने होंगे चक्कर

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला पंचायतराज अधिकारी इन्द्र नारायण सिंह ने बताया कि ग्रामीणजन जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर की नकल आदि के लिये विकासखण्ड कार्यालय के साथ-साथ जनपद कार्यालय में प्रत्यावेदन देने के लिये आते हैं, जिससे उन्हे वांछित सूचना प्राप्त करनें अत्यधिक समय लगने के साथ परेशान होना पड़ता है। ग्रामीणों को इस परेशानी से छुटकारा दिलाने के लिए सम्बन्धित ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि सम्बन्धित ग्राम पंचायत के पंचायत भवन अथवा क्लस्टर मुख्यालय वाले गांव के पंचायत भवन में उपस्थित रहकर लाभार्थियों के प्रार्थना पत्र प्राप्त करें व लाभार्थियों को हस्ताक्षर सहित प्राप्ति रसीद उपलब्ध करायें। इसके बाद अनिवार्य रूप से एक सप्ताह में समस्त औपचारिकता पूरी करते हुये सम्बन्धित को नकल/प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दें।

प्रार्थना पत्र प्राप्त करने की व्यवस्था निर्धारित करने पर स्थल, समय, प्राप्तकर्ता के विवरण सहित सूचना ग्राम पंचायत के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करें और ग्राम में डुगडुगी पिटवाकर ग्रामीण जनों को अनिवार्य रूप से अवगत करा दें। यदि कोई प्रकरण सहायक विकास अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी एवं परगनाधिकारी से सम्बन्धित है तो लाभार्थी से सम्बन्धित अधिकारी के नाम का प्रार्थना पत्र प्राप्त करें। सम्बन्धित अधिकारी के पास अपनी रिपोर्ट सहित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करें और नियमानुसार अनुज्ञा प्राप्त कर लाभार्थी को वॉछित नकल/प्रमाण पत्र उपलब्ध करायें। ग्राम पंचायत स्तर पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र व परिवार रजिस्टर की नकल के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों का विवरण तिथिवार एक पंजिका में उल्लिखित किया जाए और अग्रसारण व निस्तारण की स्थिति सहित विवरण भरा जाए। प्रत्येक माह की 25 तारीख को सम्बन्धित सचिव द्वारा एक दिन पूर्व तक प्राप्त, निस्तारित व लम्बित आवेदनों की सूचना निम्नांकित प्रारूप पर अनिवार्य रूप से दी जायेगी।

लोकसभा चुनावः पहले दिन इलाहाबाद सीट से कांग्रेस के उज्ज्वल रमण ने किया नामांकन, कई ने पर्चे खरीदे

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

इलाहाबाद संसदीय सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इसको लेकर कलेक्ट्रेट में काफी गहमा गहमी रही। सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। उज्ज्वल के साथ कांग्रेस और सपा दोनों दलों के नेता मौजूद रहे। लोकसभा चुनाव के छठवें चरण के मतदान के लिए सोमवार से नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य शुरू हो गया। पहले दिन इलाहाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी उज्जव्ल रमण सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। वाहनों के लंबे काफिले और भारी समर्थकों के साथ कचहरी पहुंचे उज्ज्वल रमण सिंह ने रिटर्निंग अफिसर के समक्ष अपना पर्चा दाखिल किया। उज्ज्वल के सात सपा और कांग्रेस दोनों दलों के नेता मौजूद रहे। पहले दिन सिर्फ उज्ज्वल ने ही नामांकन पत्र दाखिल किया। पर्चा दाखिले को लेकर कलेक्ट्रेट पर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक बंदोबस्त किया गया था। कांग्रेस के जिला शहर कमेटी के प्रवक्ता हसीब अहमद ने बताया की उज्जवल रमण सिंह ने तीन सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस दौरान प्रस्तावक के तौर पर सपा से मेजा विधायक संदीप पटेल, पूर्व विधयाक हाजी परवेज अहमद, विधान परिषद सदस्य मान सिंह यादव मौजूद रहे। इसके अलावा कांग्रेस की ओर से अनुग्रह नारायण सिंह, प्रभारी मुकुंद तिवारी, जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, फुजैल हाश्मी, हरिकेश त्रिपाठी, शेखर बहुगुणा, मनोज पासी साहित आदि नेता मौजूद रहे।

अवैध शराब बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने दो आरोपियों को 20 लीटर कच्ची तथा 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसमें उपनिरीक्षक राजापुर सिद्धनाथ राय तथा उनकी टीम द्वारा आरोपी अमर सोनकर निवासी केवटरा काली माता मंदिर कस्बा व थाना राजापुर को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ व उपनिरीक्षक सरधुवा मुन्नीलाल तथा उनके हमराही द्वारा आरोपी चिरौजी देवी निवासी सुरवल थाना राजापुर को 20 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किए गए।

पांचों तत्वों को शुद्ध करती है भगवान की बाल लीला : दीक्षित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का रसपान भागवत पीठ परिक्रमा मार्ग कामदगिरी की तलहटी मे चल रही श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा के पंचम दिवस में भागवत रत्न आचार्य नवलेश महाराज ने श्रोताओं को कराया। उन्होंने बताया कि भगवान की बाल लीला पांचो तत्वों को शुद्ध करती है। पृथ्वी तत्व मिट्टी खाकर, जल तत्व कालिया नाग को नाथ कर, वायु तत्व को शुद्ध किया। दशम स्कंध भगवान का प्राण है। राजा परीक्षित को शुकदेव मुनि ने गिरिराज की कथा सुनाई। गिरिराज तीन भाई हैं। कमदगिरि, गिरिराज और काशी में एक भाई रहते हैं। जीवन का उद्देश्य केवल घर मकान बनाना नहीं, सबकी सेवा और परमार्थ के लिए है। भागवत पीठ में सूरी माता को कथा सुनाते हुए आचार्य ने बताया कि जीवन बहुत दुर्लभ है, क्षणभंगुर है इसलिए सब भगवान से जुड़े। इसी से कल्याण है। आरती के पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर श्रोतागण मौजूद रहे।

बारात उठाने जा रही बस में लगी भीषण आग, बड़ा हादसा टला

जन एक्सप्रेस । माधौगढ़

बारात उठाने जा रही भिंड मध्य प्रदेश की प्राइवेट बस आग लगने से राख हो गई। बस में यात्री ना होने से बड़ा हादसा टल गया।

माधौगढ़ थाना क्षेत्र में रामपुरा रोड पर मिहोनी के निकट राम श्याम ट्रैवल्स भिंड से सम्बद्ध शिवकुमार सिंह की यात्री बस सोमवार की शाम माधौगढ़ से रामपुरा की ओर जा रही थी। तभी अचानक मिहोनी के पास उसमें आग लग गई। बस को जलता हुआ देख बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देकर उसे सड़क के किनारे खड़ा कर दिया और स्वयं कूंदकर बाहर हो गया। बल्कि उसमें सवार लोगों को भी किसी तरह बाहर निकाल लिया गया। यह बस रामपुरा के निकट ग्राम टीहर एक बारात उठाने जा रही थी। फिलहाल घटना के समय बस में राह चलती चार-पांच सवारियां ही थी, जो तत्काल बस के बाहर हो गई। यदि यह हादसा बारातियों से भरी बस में होता तो बड़ी घटना घटित हो सकती थी। फिलहाल सूचना पाकर माधौगढ़ कोतवाली पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गई, जिन्होंने किसी तरह आग पर काबू पाया गया। इस घटना में आर्थिक नुकसान के अतिरिक्त अन्य किसी प्रकार की हानि नही हुई।

पत्नी की बेवफाई से आहत युवक ने कुंए में कूदकर दी जान

जन एक्सप्रेस । कौशांबी

भखंदा उपरहार गांव निवासी लल्ला (38) पुत्र भुल्लर सिंह किसानी करता था। करीब सात साल पहले पड़ोस के गांव की युवती से उसकी शादी हुई थी। लल्ला के दो बच्चे हैं। एक बेटी पांच साल की और एक बेटा तीन साल का है। परिजनों के अनुसार शनिवार को उसकी पत्नी करारी कोतवाली इलाके के एक गांव निवासी रिश्तेदार के साथ बच्चों को छोड़कर चली गई। सरायअकिल कोतवाली के भखंदा उपरहार गांव में रविवार की रात पत्नी की बेवफाई से आहत होकर एक युवक ने कुंए में कूदकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने काफी मशक्कत के बाद युवक के शव को कुंए से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भखंदा उपरहार गांव निवासी लल्ला (38) पुत्र भुल्लर सिंह किसानी करता था। करीब सात साल पहले पड़ोस के गांव की युवती से उसकी शादी हुई थी। लल्ला के दो बच्चे हैं। एक बेटी पांच साल की और एक बेटा तीन साल का है। परिजनों के अनुसार शनिवार को उसकी पत्नी करारी कोतवाली इलाके के एक गांव निवासी रिश्तेदार के साथ बच्चों को छोड़कर चली गई।

खोजबीन के बाद पता चला कि उसकी पत्नी रिश्तेदार युवक के रह रही है। परिजनों की मानें तो पत्नी के इस कदम से लल्ला को गहरा सदमा लग गया। उसने अपने दोनों बच्चों को पड़ोसी गांव पन्ना का पूरा उनके ननिहाल भेज दिया। रविवार देर शाम उसने सोशल मीडिया पर पत्नी की एक फोटो देखी। जिसमें एक युवक उसकी पत्नी की मांग में सिंदूर भर रहा था। यह देख लल्ला के होश फाख्ता हो गए। इसके बाद उसने गांव के एक कुंए में कूदकर अपनी जीवनला समाप्त कर ली। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब डेढ़ बजे रात काफी मशक्कत के बाद लल्ला के शव को कुंए से बाहर निकाला।

लोकसभा चुनाव को लेकर व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । कालपी

लोकसभा चुनाव में कोई भी व्यक्ति असीमित धन खर्च न कर सके या अन्य प्रलोभनों से मतदाताओं को प्रभावित न कर सके। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जालौन लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक विवेकानन्द ने बैठक की।

एसडीएम कालपी के कार्यालय में आयोजित बैठक में केंद्रीय व्यय प्रेक्षक के साथ एसडीएम हेमंत पटेल, तहसीलदार अभिनव तिवारी, नायब तहसीलदारों हरदीप सिंह नीलमणि सिंह, एसएम शुक्ला के अलावा जिम्मेदार अधिकारी तथा कर्मचारियों व पदाधिकारियों की मौजूद रहे। जिनके नेतृत्व में पांच-पांच सदस्यों की उड़ाका दल की तीन टीमों का गठन किया गया है। केन्द्रीय व्यय प्रेक्षक ने विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक दलों द्वारा सामान्य लोकसभा चुनाव हेतु व्यय धनराशि पर सम्बन्धित चर्चा की। बैठक में केंद्रीय प्रेक्षक विवेकानन्द द्वारा लोकसभा चुनाव के लिए गठित एफएसटी तथा एसएसटी टीमों के द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई।

मालूम हो कि कालपी विधानसभा क्षेत्र में तीन उड़ाका दल की टीमों में नायब तहसीलदार कालपी प्रथम टीम तथा कदौरा के नायब तहसीलदार हरदीप सिंह तथा चुर्खी के नायब तहसीलदार नीलमणि सिंह के नेतृत्व में गठित टीमें 8-8 घंटे घूम-घूमकर पूरे विधानसभा क्षेत्र में निगरानी रखेंगे तथा नगदी व अन्य अवैध वस्तुओं को देखेंगे। टीम में पुलिस सहित कई विभागों के कर्मचारी शामिल रहेंगे। इस संबंध में तहसीलदार अभिनव तिवारी ने बताया कि चुनाव में मतदाताओं को अनैतिक तरीके से प्रभावित करने वालों पर उड़ाका टीम निरंतर नजर बनाये रखेगी। वाहनों में किसी के पास अधिक नगदी मिलती है तो उसका ब्यौरा चैक किया जाएगा। इसी प्रकार शराब व अन्य मादक पदार्थों पर भी निगरानी रखी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक वार्डर से वार्डर तक उड़ाका दल निगरानी रखेगा।

`मुआवजा दिलाने की गुहार

जन एक्सप्रेस/लालता रोड़, चित्रकूट। मऊ तहसील के पिपरौंद गांव के निवासी प्रेमनारायण पाण्डेय पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद ने उपजिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि बीती 24 अप्रैल को वह अपने नलकूप में ताला लगाकर घर चला गया था। रात्रि में नलकूप में अचानक आग लग गई। जहां सिंचाई के लिए रखे 175 पाइप जलकर नष्ट हो गए। साथ ही नलकूप वाला कमरा भी क्षतिग्रस्त हो गया। दूसरे दिन सबेरे इसकी जानकारी मिलने पर वह मौके पर पहुंचा, किंतु आग लगने के कारण की जानकारी नहीं हो सकी। पीड़ित ने मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है।

चार पर हुई मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा भोली-भाली जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्ड-गर्दी करने वाले आरोपी प्रेमचन्द्र व गुड्डू उर्फ राकेश निवासीगण कैम्प का पुरवा डिलौरा कोतवाली कर्वी, लालदास व मुन्ना निवासीगण बनाड़ी कोतवाली कर्वी के विरुद्ध धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्यवाही की गयी।

धारदार हथियार से वृद्ध की हत्या कर हत्यारोपी फरार, हत्याकांड से गांव में फैली सनसनी

जन एक्सप्रेस । उरई

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारी में वृद्ध की हत्या कर हत्यारोपी मौके से फरार हो गए। घटना से गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने बारीकी से साक्ष्य एकत्रित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अजनारी निवासी वृद्ध परशुराम कुशवाहा 70 वर्ष अपने दोस्त प्रेम के साथ लाइट न आने की वजह से घर के बाहर लेटा हुआ था। जबकि उसका छोटा लड़का विवेक और उसकी पत्नी रिंकी मकान के ऊपरी हिस्से वाले कमरे में सो रहे थे। देर रात को जब लाइट आई तो परशुराम अपने नीचे वाले कमरे में जाकर लेट गया और तभी देर रात को धारदार हथियार से ताबड़तोड़ वार करके उनकी हत्या कर दी गई। इस बात की भनक तक किसी को ना लगी और हत्यारोपी परशुराम के कमरे में बाहर से कुंडी लगाकर भाग निकले।

सोमवार सुबह काफी देर होने के बाद भी जब परशुराम कमरे से बाहर न निकले तब छोटा लड़का विवेक उनको उठाने के लिए गया तो बाहर से कमरे की कुंडी लगी पाई जैसे ही वह कुंडी खोलकर अंदर पहुंचा तो वहां खून में सराबोर पिता का शव देख उसके होश उड़ गए। उसकी चीख पुकार से परिवार के बाकी लोग भी मौके पर आ गए। सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी, सीओ गिरजा शंकर त्रिपाठी, कोतवाल वीरेंद्र पटेल भी फॉरेंसिक टीम सहित पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पर पुलिस ने घटना का निरीक्षण किया तो वहीं फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

गहरे कुएं में गिरकर युवक की मौत

* कुंए पर बने खम्बों से फांसी लगाने का कर रहा था प्रयास, रस्सी टूटने से हुआ हादसा

जन एक्सप्रेस । कालपी

आटा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपराया के कुएं में बने खभों से रस्सी डालकर फांसी लगाने का प्रयास करते समय रस्सी टूटने से युवक कुएं में गिर गया। जिससे डूब कर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आटा थाना क्षेत्र के पिपराया निवासी मानवेंद्र उर्फ लकी ने सोमवार को घर के पास बने कुए में फांसी लगाकर खुदकुशी करने की कोशिश की, लेकिन रस्सी टूटने से वह कुए के अंदर गिर गया। कुएं में गिरने की आवाज सुनकर परिजन व मोहल्ले के लोग मौके पर दौड़ गए। जिन्होंने उसे कुएं से निकालने का काफी प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो गई। मौजूद लोगों की सूचना पर हल्का इंचार्ज एनएल सिंह मौके पर पहुंच गए। जिन्होंने कुएं में उतरा रहे शव को बाहर निकाला और कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी। युवक के शव को जब कुए से बाहर निकाला गया तो उसकी शर्ट पर अजीबोगरीब लिखे लेखों ने लोगो को सोचने पर मजबूर कर दिया। शर्ट पर लिखा था की अगले जन्म में फिर से शीतला माता की पूजा करेंगे। लेकिन जिन लोगो ने घर छोड़ के हमारे साथ गलत किया है, उनको पानी का भी डूबा नही बचने देंगे। मेरी मां व पापा ने संस्कार दिए है, लेकिन मुझे तंत्र से सताया जा रहा है। मैं अपने परिवार से दुखी नही हूं। फिलहाल पुलिस ने मामले की जमीनी स्तर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

न्यायालय के गेट नंबर दो पर शॉर्ट सर्किट से अधिवक्ताओं के चैंबरो में लगी आग

जन एक्सप्रेस । उरई

जिला एवं सत्र न्यायालय के बाहर बने अधिवक्ताओं के तीन चैंबर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, तब तक तीन चैंबर पूरी तरह से जलकर खाक हो चुके थे।

शहर के कालपी रोड स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय के गेट नंबर 2 के बाहर अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा, श्याम जीवन त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह पाल, अमित दिवाकर और अधिवक्ता संजीव तिवारी के चेंबर बने हुए हैं। तभी अधिवक्ता श्याम जी त्रिपाठी के चेंबर में लगे पंखे में अचानक शार्ट सर्किट से आग लग गई। यह आग उस समय लगी, जब सभी अधिवक्ता चेंबर छोड़कर जिला एवं सत्र न्यायालय में मौजूद थे। मामूली सी आग ने देखते ही देखते एक बड़ा रूप ले लिया, और आसपास के चेंबर भी इसकी चपेट में आ गए। आग को भड़कता देख ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग को बुझाने का प्रयास किया। मगर तेजी से बढ़ती आग को देखकर दमकल कर्मियों को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची, और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा, श्यामजीवन त्रिपाठी, धर्मेंद्र सिंह पाल के चेंबर में रखी कुर्सी फाइल, और अन्य सामान जलकर खाक हो गया। अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा और धर्मेंद्र पाल ने बताया कि इस आग से तीनों चेंबर में लाखों रुपए की क्षति हुई है। आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी थी, फिलहाल इस पर काबू पा लिया गया है।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 30 अप्रैल 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पाँच दिनों मे हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं किन्तु वर्षा की कोई संभावना नहीं है तथा दोपहर के समय धूल भरी आँधी और हवाओं की सामान्य से अधिक तेज चलने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 39.4 (+1.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 19.4 (-1.6)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 44 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 18 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

लव जिहादः मुस्लिम युवक ने पहले किया रेप और अपहरण, अब महिला पर डाल रहा धर्म परिवर्तन का दबाव

"जिस महिला ने आकर शिकायत दर्ज कराई है वह महोबा से अपने पति का परिन्याग कर तीन बच्चों के साथ मोहम्मद हाशिम के यहां पर लिविंग रिलेशनशिप में रह रही है। महिला ने आरोप लगाया है कि अब मोहम्मद हाशिम उस पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बना रहा है। मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

विपिन कुमार
जे.सी.पी.

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लव जिहाद रुक ने का नाम नहीं ले रहा है।जिहादी मानसिकता के लोग भोले भाले हिंदू परिवार की महिलाओं युवतियों को लालच देकर उनका धर्म परिवर्तन कर उनके साथ यौन शौषण कर रहे हैं जिसके अनगिनत मामले सामने आते रहते हैं। लेकिन सोमवार को पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई में एक ऐसा लव जिहाद का मामला सामने आया जिसे सुनकर लोगों के पैरों तले जमीन खिसक गई। इस मामले में आरोपी युवक पर विवाहिता द्वारा पहला आरोप उसका नहाते समय विडियो बनाकर जबरन रेप और ब्लैकमेल करने व दूसरा आरोप उसका अपहरण करने के बाद वर्षों कैद में रखकर के उसका शारीरिक शोषण कर अब उस पर इस्लाम धर्म कबूलने का दबाव बनाना लगाया गया है।

पुलिस कमिश्नर के जनसुनवाई कार्यालय में सोमवार को एक महिला राष्ट्रीय बजरंग दल के सह संयोजक राम जी तिवारी के साथ पहुंची, और उसने पुलिस अधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि वह महोबा की रहने वाली है, उसके पति ज्योतिष का कार्य करते थे और उनके पति के पास हिन्दू नाम रखकर मोहम्मद हासिम ज्योतिष सीखने आता जाता रहता था। आरोप है कि मोहम्मद हाशिम ने महिला का नहाते हुए न्यूड वीडियो बना लिया और उसको इंटरनेट पर वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ जबरन उसका यौन शोषण किया।

साथ ही साथ यह भी आरोप लगाया कि उसके तीन बच्चों समेत उसका अपहरण करके मोहम्मद हाशिम उसे कानपुर ले आया और थाना चकेरी क्षेत्र के श्याम नगर में जबरन लेकर रह रहा था।

महिला ने गंभीर आरोप लगाते हुए यह बताया कि उसे जबरन मोहम्मद हाशिम मुस्लिम धर्म अपनाने पर मजबूर कर रहा है।धर्म परिवर्तन करने के उद्देश्य से उसे मजार पर ले जाकर नमाज पढ़ने का दबाव बना रहा है मना करने पर मारता पीटता है और बच्चो के साथ भी गलत हरकत करता है।साथ ही बताया कि हिंदू कपड़े पहनने का विरोध कर बुर्का पहनने के लिए कहता है न मानने पर बेल्ट से पीटता है और नशीली दवा खिलाकर हमेशा बेहोश अवस्था में सबको रखता है। उसके बच्चों के साथ भी गलत हरकत करता है। पीड़ीत महिला का कहना है की किसी तरह राष्ट्रीय बजरंग दल के सह संयोजक राम जी से संपर्क कर आरोपी मोहमद हाशिम के चंगुल से छूट कर कानपुर पुलिस कमिश्नर की जन सुनवाई में न्याय की गुहार लगाई है।

फजलगंज कोतवाल ने दबोचे शातिर गांजा तस्कर

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में सोमवार को थाना फजलगंज पुलिस ने दो इंटरस्टेट शातिर गांजा तस्करों को 29 किलो 836 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए दो तस्करों में से एक के ऊपर लगभग डेढ़ दर्जन गंभीर धाराओं के मुकदमे दर्ज हैं जिनमें सबसे ज्यादा मुकदमे एनडीपीएस एक्ट के हैं। थाना फजलगंज परिसर में प्रेस वार्ता के दौरान डी.सी.पी. सेंट्रल आर.एस गौतम द्वारा फजलगंज कोतवाल एस.के. सिंह के नेतृत्व में इंटरस्टेट दो शातिर गांजा तस्करों देवेन्द्र सिंह व चंदन यादव को गिरफ्तार किया गया है, पुलिस टीम ने दोनों के पास से 29 किलो 836 ग्राम नाजायज गांजा प्राप्त किया है। श्री गौतम ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि इन दोनों में से एक तस्कर देवेंद्र सिंह पुत्र अमर सिंह थाना बिधूना जनपद औरैया के विरूद्ध ल 307, 394, 392, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर एक्ट समेत एनडीपीएस एक्ट में, जनपद औरैया, कन्नौज, कानपुर देहात के विभिन्न थानों में लगभग डेढ़ दर्जन मुक़दमे दर्ज हैं। यह भी बताया कि यह सभी बड़े ड्रग डीलर हैं यह छोटे लोगों को नाजायज गांजा सप्लाई किया करते थे लेकिन फजलगंज पुलिस टीम ने इन्हें दबोच लिया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में कोतवाल फजलगंज सुनील कुमार सिंह, उप निरीक्षक लोकेंद्र सिंह, उप निरीक्षक गौरव कुमार, हेड कांस्टेबल बृजपाल सिंह, उप निरीक्षक सुमित शर्मा, हेड कांस्टेबल लव कुश मिश्रा, हेड कांस्टेबल राकेश कुमार, कांस्टेबल शिवकुमार की भूमिका प्रमुख रही है।

4 मई को 4 बजे शुरू होगा पीएम का रोड शो

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह की कानपुर में होने वाली चुनावी बैठक के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के रोड शो की तैयारी शुरू हो गई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर में 4 मई को रोड शो करेंगे। पीएम के रोडशो को लेकर 4 रूट तय किए गए हैं। उनके साथ रोड शो में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे। सोमवार को सीएसए स्थित प्रशासन, पुलिस और भाजपा पदाधिकारियों के बीच हुई बैठक में संभावित रूट को लेकर चर्चा की गई। इसके बाद कानपुर-बंदेलखंड क्षेत्रीय कार्यालय में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें रूट को लेकर अंतिम मुहर लगाई गई। सूत्रों के मुताबिक रूट को लेकर शासन को रिपोर्ट भी भेज दी गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रोड से कानपुर बुंदेलखंड के चौथे चरण के चुनाव में कानपुर नगर अकबरपुर लोकसभा सीट पर सीधा लाभ मिलेगा।

सुरक्षा के रहेंगे कड़े इंतेजाम

रोडशो को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए गये हैं। सुरक्षा कारणों से ऐसे रूट को भी चिन्हित किया जा रहा है, जहां कम से कम हाईराइज बिल्डिंग हो। भाजपा सूत्रों के मुताबिक रोडशो के लिए ऐसे रूट को चिन्हित करने पर विचार किया जा रहा है, जहां बेतहाशा भीड़ न उमड़ पाए। सोमवार को सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार, अपर आयुक्त हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त यातायात, पुलिस उपायुक्त दक्षिण रविंद्र कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात आरती सिंह, सहायक पुलिस उपायुक्त सृष्टि सिंह ने सीएसए स्थित मैदान, रेलवे ग्राउंड निराला नगर का निरीक्षण किया वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की सक्रियता को देखा।

बैठक में ये लोग हुए शामिल

बैठक में मुख्य रूप से सुरेंद्र मैथानी, विधायक महेश त्रिवेदी, नीलिमा कटियार, विधान परिषद सदस्य सलिल बिश्नोई, पूर्व विधायक रघुनंदन भदौरिया, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष नरेंद्र तिवारी, लोकसभा प्रभारी रामशरण कटियार, मणिकांत जैन, राकेश सोनकर, क्षेत्रीय महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, पवन प्रताप सिंह, आनंद राजपाल, अरुण पाल, आलोक शुक्ला, जयप्रकाश कुशवाहा सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान कनपुरिया टैलेंट के हुए मुरीद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

पीएफसी फिल्म्स द्वारा ईमिनेट अवार्ड शो का आयोजन गोविंद नगर दीप होटल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अरविंद सिंह, अमित मिश्रा, मो. अरशद अंसारी, प्रमोद गुप्ता कोप्रोड्यूसर नीरज एवं बॉलीवुड एक्टर मुश्ताक खान ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता मुश्ताक खान ने शिरकत की।

मीडिया से बातचीत में उन्होंने बताया कि यहां वह कनपुरिया टैलेंट को देखकर अभिभूत हो गए। उन्होंने कानपुर के ऊपर बनी कई फिल्में देखीं। जिसको देखकर वह प्रभावित हुये।

कहा पीएफसी फिल्म के डायरेक्टर प्रमोद गुप्ता के आमंत्रण पर ईमिनेट अवार्ड शो में कानपुर आने का मौका मिला है। यहां के कलाकारों बहुत ऊर्जावान है और इसीलिए यहां राजू श्रीवास्तव जैसे महान कलाकार ने जन्म लिया जिन्होंने पूरी देश ही नही पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया।

पीएफसी फिल्म्स ने रियलिटी टीवी शो धमाल इंडिया डांस, सुपर मॉम, डांस के दीवाने, फ़िल्म लव जिहाद, रक्षक, जजमेंट कई मूवी जो कि एमएक्स प्लेयर हंगामा ओटीटी पर रिलीज हो चुकी है प्रमोद गुप्ता ने हमेशा नई प्रतिभाओं को अपनी फिल्मों में मौका प्रदान किया और उनके यहां से निकल कर कलाकार बॉलीवुड में अपनी पहचान बना रहे है।

एक्टिंग की सिखाई बारीकियां

पीएफसी फिल्म के निदेशक प्रमोद गुप्ता ने सेमिनार का आयोजन किया। इस सेमिनार में बॉलीवुड अभिनेता मुश्ताक खान ने शहर के कलाकारों को एक्टिंग की बारीकियां सिखायीं। वहीं बॉलीवुड की दुनिया में काम कर चुके कलाकारों को ईमिनेट एवार्ड से सम्मानित किया प्रमोद गुप्ता ने बताया कि उनकी कई फिल्में करोना, मंजर, लघु फिल्म चाक, चरित्रहीन, लवजेहाद जैसी फिल्मों के लिये उन्हें सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि वह जल्द ही एक कार्यशाला का आयोजन करेंगे। जिसमें नए कलाकारों को अभिनय के गुरु, डांस और डायलॉग डिलवरी, कैमरा फेसिंग भी सिखाई जायेगी। चयनित कलाकारों को उनकी आगामी फिल्म में काम दिया जाएगा जिसकी शूटिंग 25 मई से शुरू होगी। अभिनेता मुश्ताक खान एक भारतीय फिल्म कलाकार कॉमेडियन हैं। मुश्ताक खान का वह पिछले तीन दशक से हिंदी सिनेमा में बतौर सहायक कलाकार सक्रीय हैं। वह हिंदी सिनेमा में फिल्म हम है राही प्यार के, जोड़ी नंबर 1 और फिल्म वेलकम के लिए जाने जाते हैं। इस अवसर पर निधि गुप्ता वेद प्रकाश, सुधीर तिवारी, कीर्ति त्रिपाठी, प्रदुम्य अवस्थी, अजय त्रिपाठी, राजेन्द्र कुमार, राजेन्द्र गुप्ता, दीपक त्रिपाठी, विनीत सिन्हा, नीतू राजपाल, विशाल कुमार, अभय मिश्रा, इब्राहिम खान, प्रभा मिश्रा, अमित मिश्रा, अनुज तिवारी आदि लोग उपस्थित रहे।

सिप्मा सी आर सी यू 550 एस डी एम टी बार्स बाजार में उतारा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सिप्मा ग्रुप में सिप्मा ग्रिप लॉक टी एम टी बार की अपार सफलता के बाद अपना नया उत्पाद सिप्मा सी आर सी यू 550 एस डी एम टी बार्स बाजार में उतारा है। बिठूर स्थित श्री गंगा वैली के ग्राउंड बाल रूप में आयोजित एक भव्य समारोह के अंतर्गत कंपनी ने अपने नए उत्पाद सी आर सी यू 550 एस डी टी एम टी बार्स को लॉच किया इस अवसर पर प्रमुख रूप से सिप्मा ग्रुप के चेयरमैन नवीन जैन, निदेशक नवनीत जैन, प्रहर्ष जैन एवं उत्तर प्रदेश के कई जिलों से आए हुए वितरक उपस्थित रहे। अपने संबोधन में नवीन जैन ने अपने वितरकों एवं विक्रेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के प्रयासों, लगन एवं कड़ी मेहनत तथा कंपनी के प्रति आपकी प्रतिबद्धता की वजह से सिप्मा ग्रिप लॉक टी एम टी बार्स ने ग्राहकों का दिल जीता है जो सराहनीय एवं प्रसंशनीय है। अब आपके सामने कंपनी ने अपना नया उत्पाद सिप्मा सी आर सी यू 550 एस डी टी एम टी बार्स पेश किया है। जो मौसम प्रतिरोधक क्षमता, आर सी सी के साथ 10 गुना मजबूत पकड़, भूकम्परोधी, किफायती इको फ्रेंडली, मजबूती के साथ लचीलापन इत्यादि विशेषताओं से भरपूर है। पर आधारित है। अत्याधुनिक क्रोमियम और कॉपर इन्फ्यूज्ड तकनीक और वर्षों की विशेषज्ञता के मिश्रण से निर्मित सिप्मा ग्रिप लॉक टी यम टी बार्स सी आर सी यू 550 एस डी यूरोप तकनीक पर आधारित है। सिप्मा ग्रिप लॉक टी यम टी बार्स सी आर सी यू 550 एस डी विश्वानीयता के मानको के साथ जंग प्रतिरोधक, मौसम प्रति रोधक, भूकम्प प्रति रोधक, आरसीसी के साथ 10 गुना अधिक पकड़, उच्च लचीलापन, पेसे की बचत, पर्यावरण के अनुकूल इत्यादि विशेषताओ से भरपूर है। ताकत ओर लचीलेपन के बेजोड़ संयोजन के साथ, सिप्मा ग्रिप लॉक टी यम टी बार्स सी आर सी यू 550 एस डी यह सुनिश्चित करता है कि आपकी पारियोजनाएं सिर्फ निर्मित नहीं की गयी है, बल्कि लम्बे समय तक चलने के लिए बनाई गई है। सिप्मा ग्रुप 30 वर्षों से अधिक विरासत वाला उत्तर प्रदेश का प्रमुख स्टील उद्योग है जो अटूट निरंतरता एवं उत्कृष्ट क्वालिटी के लिए प्रसिद्ध है। सिप्मा ग्रिप लॉक टी एम टी बार्स भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा प्रमाणित है। विश्व मानक दिवस पर भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा उत्तर प्रदेश का नंबर 1 ब्रांड का गौरव सिप्मा ग्रुप को प्रदान किया जा चुका है। यह सम्मान उत्तर प्रदेश राज्य में लगातार 5 वर्षों तक उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद निर्माण करने पर प्रदान किया जाता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से दिलीप मेहरा, विजय जाखोदिया, दीपक हाडा व शहर के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

बेस्ट कोच व यूथ आवर्ड से संदीप कुमार किए गए सम्मानित

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

यूथ आर्चरी ऐकेडमी को नं.-1 आर्चरी ऐकेडमी ऑफ द इयर व सन्दीप कुमार को कानपुर के तीरंदाजी खेल के बेस्ट कोच व यूथ आवर्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड उन्हें होटल दीप गोविन्द नगर कानपुर में पीएफसी फिल्मस के द्वारा आयोजित एमिनेंट अवार्ड शो 2024 में दिया गया है जिसमें कानपुर नगर में तीरंदीज खेल के प्रति खिलाड़ियों को जगरूक करने व जिला तीरंदाजी संघ, कानपुर से सम्बद्ध यूथ आर्चरी ऐकेडमी किदवई नगर कानपुर द्वारा दिन पर दिन खिलाडियों की खेल प्रतिभा को निखारते हुए उन्हें जिलास्तर, प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर, स्कूल नेशनल व खेलों इंडिया जैसी प्रतियोगिताओं के लिये तैयार किया जा रहा है। जिला तीरंदाजी संघ कानपुर के महासचिव राजा भरत अवस्थी ने बताया कि ऐकेडमी से लगातार खिलाडी जिलास्तर, प्रदेश स्तर, राष्ट्रीय स्तर व स्कूल नेशनल प्रतियोगिताओं में मेडल प्राप्त करते हुए कानपुर का नाम रोशन कर रहे है। खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखते हुए यूथ आर्चरी ऐकेडमी, किदवई नगर कानपुर को नम्बर-1 आर्चरी ऐकेडमी ऑफ द इयर व सन्दीप कुमार को बेस्ट कोच आवर्ड से सम्मानित किया गया है। यह आवर्ड बॉलीवुड एक्टर मुस्ताक खान द्वारा दिया गया। यह आवर्ड कानपुर में अपने -अपने क्षेत्र में किये गये उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है। इस अवसर पर जिला तीरंदाजी संघ, कानपुर नगर के अध्यक्ष श्रेयाश कपूर काशी ज्वैलर्स, महासचिव राजा भरत अवस्थी व यूथ आर्चरी ऐकेडमी की टीम कोच फागू महातों, दीपक शर्मा, अभिषेक सिंह, प्रभात, देवांश, शिवम वर्मा, अजीत वर्मा, विशाल सविता, सन्धया वर्मा, श्रेयांश, व यूथ आर्चरी ऐकेडमी की सम्पूर्ण टीम ने शुभकामनाएं प्रदान की।

अग्निकांड में फिर बढ़ी तारीख, टला फैसला

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बीते दिन सोमवार को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के अग्निकांड मामले में फिर से एक बार एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 के न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए तारीख बढ़ा दी है। न्यायाधीश ने अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों को लिखित में जवाब दाखिल करने के लिए कहा था और मामले में अगली सुनवाई 29 अप्रैल नियत कर दी है। 29 अप्रैल को अभियोजन और बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं ने लिखित में बहस कोर्ट के सामने दाखिल नहीं कि जिस कारण विद्वान न्यायाधीश के द्वारा अब इस मामले की सुनवाई एक मई तक के लिए नियत कर दी गई है। इस मामले में अंतिम निर्णय 29 अप्रैल को भी नहीं आ पाया, क्योंकि उस दिन लिखित में अभियोजन और बचाव पक्ष दोनों अपना जवाब दाखिल करना था। और लिखित में बहस दाखिल न करने के कारण अब तारीख बढ़ गई है।

आपको बताते चलें कि सपा विधायक इरफान सोलंकी को कल जनपद महाराजगंज से नहीं लाया गया था, उसकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई। वहीं दूसरी ओर विधायक के भाई रिजवान सोलंकी को कानपुर जेल से नहीं लाया गया था। उसकी पेशी भी वीसी के माध्यम से हुई, जमानत पर रिहा हुए हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान, अज्जन और मोहम्मद, शरीफ स्वयं पहुंचे हुए थे। अभियोजन और बचाव पक्ष ने लिखित बहस नहीं दाखिल की जिस कारण सुनवाई की तारीख एक मई तक के लिए बढ़ गई है।

ज्ञातव्य हो कि बीते वर्ष 8 नवंबर 2022 को थाना जाजमऊ क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी स्थित सपा विधायक इरफान सोलंकी के पैतृक मकान के ठीक बगल में निवास करने वाली बेवा नजीर फातिमा ने उनकी झोपड़ी को विधायक इरफ़ान और उसके भाई रिजवान सोलंकी समेत गैंग के अन्य सदस्यों द्वारा साजिश रच के फूंक देने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर थाना जाजमऊ में मुकदमा दर्ज करवाया गया था। मुकदमा दर्ज होते ही विधायक इरफान सोलंकी अपने भाई रिजवान सोलंकी को लेकर फरार हो गया था। लेकिन उसे पुलिस से भागना काफी भारी पड़ा भागने के दौरान ही उसने ऐसे ऐसे अपराधों को अंजाम दिया जो एक साधारण व्यक्ति तो नहीं दे सकता था जिसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला खुद को अशरफ अली बनाकर हवाई यात्रा करना था। इस मामले में उसे सहयोग करने के कारण हिस्ट्रीशीटर शौकत पहलवान की बेटी सपा नेत्री नूरी शौकत समेत उसके भाइयों और इरफान के सालों को भी जेल जाना पड़ा था। इसके बाद भी मुकदमा दर्ज होने का सिलसिला नहीं रुका संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक डॉक्टर रिजवान को भी गैर कानूनी तरीके से नागरिकता दिलाने के मामले में विधायक के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। अग्निकांड मामले में विधायक इरफान सोलंकी समेत अन्य के खिलाफ एमपी एमएलए कोर्ट एडीजे 11 में दिन प्रतिदिन सुनवाई चली है। मामले में अंतिम निर्णय सुनाया जाना है लेकिन हर मर्तबा किसी न किसी कारण तारीख आगे बढ़ जाती है। कल के दिन सोमवार को भी लोगों को अंतिम निर्णय न आने की उम्मीद इसलिए थी क्योंकि दोनों पक्षों को लिखित में बहस दाखिल करनी थी फिलहाल अब इस मामले में अगली सुनवाई आगामी एक मई को होगी।

अंतिम अवसर बाकी

सोमवार को सिर्फ लिखित में बहस शौकत पहलवान के अधिवक्ता द्वारा कोर्ट में दाखिल की गई। वहीं दूसरी ओर न ही तो अभियोजन और ना ही तो इरफान और रिजवान के अधिवक्ताओं द्वारा लिखित में बहस दाखिल की गई है जिस कारण अब कोर्ट ने उन्हें अंतिम मौका एक मई को बहस दाखिल करने के लिए दिया है।

अधिवक्ताओं के दल ने पुलिस कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना चमनगंज में अधिवक्ताओं के विरुद्ध दर्ज हुए मुकदमे के विरोध में अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल सोमवार को पुलिस कमिश्नर के कार्यालय पहुंचा और पुलिस अधिकारी को पत्र देते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। इस दौरान कानपुर बार एसोसिएशन के महामंत्री आदित्य सिंह व थे लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने संयुक्त रूप से पुलिस अधिकारी को बताया कि उनके अधिवक्ता साथियों पर जानलेवा हमला हुआ और पुलिस ने अधिवक्ताओं पर ही मुकदमा दर्ज कर लिया है। कहा कि अधिवक्ताओं पर दर्ज मुकदमों को जल्द से जल्द निरस्त किया जाए और यह भी कहा कि अगर मुकदमे निरस्त नहीं हुए तो संगठन अधिवक्ताओं को न्याय दिलाने के लिए आंदोलन के करने को बाध्य होगा।

इंटरनेशनल इंप्लिश फॉर स्पीकर्स ऑफ़ अदर लैंप्वेजेज से लाभों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लैंप्वेजेज एवं स्किल्स एंड एजुकेशन ग्रुप, यूनाइटेड किंगडम के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार को अंग्रेजी भाषा को रोजगार परक बनाने, संवाद कौशल विकसित करने, छात्रों को विदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने जैसे विषयो पर चर्चा हुई। इस अवसर पर जॉय ज्योति नंदी ने स्किल्स एंड एजुकेशन ग्रुप द्वारा आयोजित किये जाने वाले कौशल परक सर्टिफिकेट प्रोग्राम इंटरनेशनल इंप्लिश फॉर स्पीकर्स ऑफ़ अदर लैंप्वेजेज से विद्यार्थियों को होने वाले विभिन्न लाभो के बारे में बताया। कूटा के अध्यक्ष प्रो.बी.डी. पाण्डेय, वरिष्ठ प्रो.जी.डी. दुबे, विश्वविद्यालय के अंग्रेजी भाषा की संयोजक प्रो.निवेदिता टंडन, प्रो.नीरू टंडन, प्रो.जबा कुसुम, डॉ.सर्वेश मणि त्रिपाठी, सह आचार्य, स्कूल ऑफ़ लैंप्वेजेज ने अपने अपने विचार रखे। डॉ.अंकित त्रिवेदी, निदेशक, स्कूल ऑफ़ लैंप्वेजेज ने इस एमओयू से विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्राप्त होने वाले विभिन्न अवसरों के बारे में बताया।

बैठक में स्कूल ऑफ़ लैंप्वेजेज़ की सहायक आचार्य डॉ.ऋचा वर्मा, डॉ.पूजा अग्रवाल, डॉ.सोनाली मौर्या, डॉ.प्रभात गौरव मिश्र एवं शालिनी शुक्ला आदि शिक्षक मौजूद रहे।

पत्नी का कत्ल कर फरार हुए पति को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान दबोचा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। घरेलू कलह के चलते अपनी पन्नी को मौत के घाट उतारने वाले कातिल पति को पनकी पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम को 25000 का इनाम देने की घोषणा भी की गई है। ज्ञातव्य हो कि बीती 16 अप्रैल को पनकी थाना अंतर्गत कछुआ तालाब के पास शिवा नाम के व्यक्ति ने अपनी पन्नी गुंजा की चाकू से गोदकर हन्या कर दी थी और मौके से फरार हो गया था। जिसकी पनकी पुलिस तलाश कर रही थी। सोमवार को मुखबिर से पनकी पुलिस को सूचना मिली की अभियुक्त शिवा पनकी पुल के पास आ रहा है जिस पर पनकी पुलिस ने उसे रोकने की कोशिश की तो आरोपी शिवा ने पुलिस पर तमंचे से गोली चला दी। पुलिस ने आन्मरक्षा में गोली चलाई जो शिवा के पैर में जा लगी जिससे शिवा घायल हो गया। जिसको उपचार के लिए पास के सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां डाक्टरों ने उसकी हालत सामान्य बताई है।

स्मृति ईरानी ने तीसरी बार दाखिल किया नामांकन पत्र

✻ नामांकन में उमड़ा जन सैलाब, भगवामय दिखी अमेठी

जन एक्सप्रेस । अमेठी

केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी ने लगातार तीसरी बार अमेठी लोकसभा से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।सोमवार को हजारों की भीड़ के साथ रोड शो करते हुए सांसद का काफिला कलेक्ट्रेट पहुंचा। जहां स्मृति ईरानी ने जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत के समक्ष दो सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, यूपी सरकार के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश मसाला, जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी और स्मृति ईरानी के पति जुबिन ईरानी, भाजपा के जिला पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में नागरिकगण मौजूद रहे। इससे पूर्व भाजपा कार्यालय से जामो रोड तक करीब तीनकिलोमीटर लंबे रोड शो का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हिस्सा लिया। सोमवार को सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे भाजपा कार्यालय से सांसद का रोड शो शुरू हुआ।

सांसद के रोड में हजारों की भीड़ मौजूद रही। एम पी के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ रोड शो करते हुए स्मृति ईरानी एक बजकर दस मिनट पर कलेक्ट्रेट पहुंची। जहां उन्होंने एक बजकर बीस पर अपना नामांकन किया। इस दौरान सांसद स्मृति ईरानी ने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के सानिध्य में भाजपा प्रत्याशी के नाते अमेठी की सेवा में नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि पांच वर्षों में हमें अमेठी लोकसभा में सेवा का मौका मिला। इन पांच सालों में हमने 1 लाख 14 हजार घर प्रधानमंत्री के दिशा निर्देश में बनते देखा। चार लाख परिवारों को पहली बार शौचालय मिला। पहली बार अमेठी में 3 लाख 50 हजार घरों में नल से जल आया। डेढ़ लाख से अधिक परिवारों को विद्युत का कनेक्शन मिला। चार लाख से ज्यादा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि मिल रही है। शिक्षा के क्षेत्र में अमेठी में केंद्रीय विद्यालय, सैनिक स्कूल और अन्य प्रशिक्षण संस्थान खोले गए।यह वह अमेठी है, जिसमें पहली बार अमेठी के इतिहास में किसानों के लिए खाद की रैक उतारी गई। पन्द्रह साल एक लापता सांसद के चलते खाद के लिए लाइन में लगे किसानों को लाठी खाते देखा है। आज मैं कृतज्ञता के साथ कहती हूं, कि आपका आशीर्वाद कमल के फूल और नरेंद्र मोदी को मिले। मैंने आज अपना नामांकन किया है।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि मोदी की गारंटी पर जनता को भरोसा है। विश्वास है। अमेठी ही नहीं पूरे देश में भाजपा की लहर है। और भारी बहुमत से मोदी की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि बहन स्मृति ईरानी इस बार पहले से भी भारी बहुमत से चुनाव जीतेंगी। मोहन यादव ने कहा कि मैंने आज देखा की अमेठी के एक-एक घर से जिस तरीके से लोग निकाल कर बहन स्मृति ईरानी के समर्थन में सड़कों पर आ गए। इससे यह प्रतीत होता है कि हमारी बहन भारी बहुमत से चुनाव जीत रही हैं। उनको पूरा समर्थन मिल रहा है। मुझे अमेठी आने का मौका मिला। मैं अपना सौभाग्य समझता हूं। राहुल गांधी के चुनाव लड़ने के सवाल पर मोहन यादव ने कहा इस पर कोई भी जबाब कांग्रेस के लोग दे सकते हैं। मैं सिर्फ इतना जानता हूं कि मेरी बहन स्मृति ईरानी भारी बहुमत से चुनाव जीत रही हैं। स्मृति ईरानी के नामांकन में आज जिस तरीके से जन सैलाब उमर पड़ा उससे यह साफ है की अमेठी से कोई भी चुनाव लड़े उसके लिए लड़ाई स्मृति के आगे आसान नहीं होगी।

एक लाख से ऊपर के संदिग्ध अंतरणों की बैंकों को प्रतिदिन देनी होगी सूचना

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकरनगर

जनपद के व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी ने निर्वाचन में होने वाले व्यय पर निगरानी रखने वाली संबंधित टीमों के साथ बैठक किया। उसमें मुख्य रूप से लेखा समिति टीम, मीडिया मॉनिटरिंग टीम, वीडियो अवलोकन समिति, सहायक व्यय प्रेक्षक , मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी, कॉल सेंटर के सहायक प्रभारी, आबकारी टीम ,लीड बैंक मैनेजर, आयकर अधिकारी, जीएसटी के अधिकारियों के साथ बैठक किया और निर्देश दिए। बैंकों को एक लाख से ऊपर के संदिग्ध अंतरणों के लेनदेन की सूचना प्रतिदिन मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट के प्रभारी के साथ-साथ प्रेक्षक को भी उपलब्ध कराएंगे। पेड न्यूज और फेक न्यूज़ पर सतत नजर रखने का निर्देश दिया। आयकर विभाग को 10 लाख से ऊपर के ट्रांजैक्शन की सूचना देने का निर्देश दिया।

समस्त सहायक व्यय प्रेक्षको को निर्वाचन व्यय से संबंधित बारीक जानकारी से अवगत कराया। बैठक में समस्त प्रभारी अधिकारी के साथ-साथ से व्यय के नोडल वरिष्ठ कोषाधिकारी बृजलाल, लाइजनिंग अफसर, प्रेक्षकके नोडल अधिकारी अविनाश पांडेय तथा जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी उपस्थित थे।

नफरत की राजनीति करती है भाजपा : सुरेश पटेल

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी युवजन सभा रायबरेली की एक बैठक पार्टी कार्यालय सुपर मार्केट, रायबरेली में आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने की। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष इं. वीरेन्द्र यादव उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र यादव ने कहा कि रायबरेली में सम्पूर्ण विकास कार्य समाजवादी पार्टी की सरकार में हुआ। श्री यादव ने कहा कि इस बार समाजवादी पार्टी इण्डिया गठबन्धन रायबरेली लोकसभा सीट पर भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी। बैठक को सम्बोधित करते हुए युवजन सभा के जिलाध्यक्ष सुरेश चन्द्र पटेल ने कहा कि भाजपा सिर्फ नफरत की राजनीति करती है और यही समाजवादी लोग इण्डिया गठबन्धन के साथ मिलकर नफरत की राजनीति को खत्म करने का काम करेंगे। साथ ही साथ श्री पटेल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र वितरित करते हुए संगठन को मजबूत करते हुए बूथ स्तर तक पहुँचाने का आवाहन किया। बैठक को समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश मौर्या, जिला सचिव, सतगुरू पासवान, शिवबरन यादव, युवजन सभा के जिला महासचिव घनश्याम यादव, जिला उपाध्यक्ष शिवम अटरा, कुलदीप यादव, आनन्द, जफर इकबाल, कमलेश पटेल, कोषाध्यक्ष आशाराम पटेल, जितेन्द्र यादव आदि लोगों ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से ओम प्रकाश रावत, मुनेश्वर रावत, सुभाष मौर्य, आशीष यादव राही, सुनील मौर्या, दीपांकर देवेश, अनमोल, फारूख, अली मोहम्मद, सचिन, अभिषेक यादव, मनीष, आनन्द कुमार, अजीत यादव, राज कुमार पटेल, आनन्द थुलवांसा, मो0 अर्शलान, संतोष सिंह बिष्ट, अजान अहमद, दानिश खान, जुहेब, इरशाद, संदीप गदागंज, शिवकान्त, बाबादीन पासी, गुड्डू यादव, इलाका यादव, मनीष, आशीष आदि लोग उपस्थित रहे।

समर्थकों से अभय सिंह की भावुक अपील, जीना मरना तेरे संग-जंग में रहना मेरे संग

जन एक्सप्रेस/तारुन-अयोध्या। दिल वही है कुछ किरदार बदलने वाले हैं। हम वही है जो अपनो संग इतिहास बदलने वाले हैं।

सियासी सफर में हमेशा सुर्खियों में रहने वाले गोसाईगंज विधायक अभय सिंह 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से अपनो संग राजनैतिक सक्रियता बढ़ाते हुये बड़ा सियासी धमाका करके सियासी सूरमाओं को चौकाने वाले हैं। इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों के बहुत से समर्थकों को दर किनार व नजर अंदाज कर स्थानीय नेताओं द्वारा अपने जेबी लोगो को तवज्जो दिए जाने को लेकर गोसाईगंज विधान सभा मे बखेड़ा खड़ा हो गया हैं। ऐसे लोगो को अपने पाले में करने के लिए अभय सिंह अपने प्रभाव के चलते गोसाईगंज विधानसभा में एक बड़ा धमाका करने की तैयारी में हैं। उनका ये सियासी धमाका अम्बेडकर नगर लोकसभा चुनाव में चौकाने वाला होगा। परन्तु इसके लिए अभी उन्होंने अपने पत्ते नही खोले हैं। परन्तु उन्होंने अपने समर्थकों से भावुक अपील करते हुये वार्ता की है।

निष्ठा तथा सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारी चुनाव के कार्य में जुटें : मानवेंन्द्र सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

भारतीय जनता पार्टी द्वारा अयोध्या विधान सभा के बूथ अध्यक्षों का सम्मेलन श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुण्ड अयोध्या धाम में समपन्न हुआ। सम्मेलन में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेंद सिंह ने कहा कि श्री राम दर्शन यात्रा के दौरान लगभग दो माह से अधिक का समय आप लोगों के साथ व्यतीत हुआ। जिसमें अनुभव हुआ कि अयोध्या के कार्यकर्ता कितनी निष्ठा भाव के साथ अपने कार्यों का निर्वहन करते हैं। उसी निष्ठा तथा सर्मपण के साथ सभी पदाधिकारियों को चुनाव के कार्य में जुट जाना है। मंडल तथा शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी निरंतर बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख के साथ समन्वय बनाएं। भाजपा को विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल बनाने में आप सभी निष्ठावान कार्यकताओं का सर्वाधिक योगदान है।उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या तथा यहां के चुनाव पर हैं।

यहां से पूरे विश्व को एक संदेश जाना चाहिए। बूथ समितियां व पन्ना प्रमुख की वोटर तथा प्रभावी मतदाताओं से निरंतर सम्पर्क में रहें। बूथ की ग्रेडिंग कर लीं जाए। चुनाव अभियान व्यवस्थित ढ़ंग से चलाना है।सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। यह देश की राजनीती की दिशा व दशा तय करेगा।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कर पीएम मोदी ने पूरी दुनिया को एक संदेश दिया है। आज पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या के चुनाव पर है। सभी कार्यकताओं को चार जून को भगवा लहराने का संकल्प लेकर चुनाव में जुट जाना है।

विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में सबका साथ सबका विकास के पथ पर चल कर हम सबका विश्वास जीतने के पथ पर अग्रसर हैं।

अयोध्या से ऐतिहासिक विजय मिले। देश में सर्वाधिक अंतर से अयोध्या विजय का संकल्प हम सभी को लेना है।सम्मेलन का संचालन विधान सभा प्रभारी अशोक कसौंधन ने किया। इस दौरान जिपंअ रोली सिंह, लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डा. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र, रमापति पाण्डेय, महंत राम कुमार दास, बाल कृष्ण वैश्य, अनुराग त्रिपाठी, वरूण चौधरी, शशि प्रताप सिंह, दिव्य प्रकाश तिवारी, अरूण तिवारी, दिनेश मिश्र, अरविन्द सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या, अशोका द्विवेदी, आशा गौड़, रीना द्विवेदी सहित मंडल, शक्ति केन्द्र पदाधिकारी, सभी बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

छात्रा अलशबा की मौत पर आक्रोश

जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर ने लखनऊ गोरखपुर राजमार्ग पर डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईटी कैंपस के बाहर मोड़ पर हुई दुर्घटना में डी फार्मा की छात्रा अलशबा की मौत पर दुख जताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।अभाविप कार्यकर्ताओं ने परिजनों से मिलकर सांत्वना देकर संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रीय मंत्री श्री अंकित शुक्ला ने मांग की है की घटनास्थल पर बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रकों पर कार्यवाही की जाए और डिवाइडर को बंद किया जाए।गौरतलब है कि डिवाइडर के बंद ना होने के कारण वाहनों का आवागमन लापरवाही से होता रहता है पहले भी ऐसी कई घटनाएं हो चुकी हैं। महानगर मंत्री श्री सत्यम दुबे ने बताया कि अभाविप ने पहले भी यह मांग की थी किंतु प्रशासन द्वारा अभी तक उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

मनाई गई राजर्षि रणंजय सिंह जी की 124वीं जयंती

✻ संस्थानों में हुआ हवन-पूजन कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस । अमेठी

सोमवार को राजर्षि रणंजय सिंह की 124वीं जयंती राजर्षि रणंजय सिंह समूह के संस्थानों में धूम-धाम से मनाई गई।इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।राजर्षि संस्थानों में वैदिक यज्ञ आयोजित किया गया। रानी सुषमा देवी बालिका इंटर कॉलेज मुंशीगंज अमेठी के परिसर में हवन पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ।बताते चलें की राजर्षि रणंजय सिंह के जीवन के तीन प्रमुख उद्देश्य वैदिक धर्म प्रचार, समाज सुधार एवं शिक्षा प्रसार थे। राजर्षि का अनुशासन भरा जीवन, उनकी सादगी उत्तम आचरण, जनसामान्य की समस्याओं के हल के लिए उनकी सुलभता और जीवन के हर क्षेत्र में उनकी अर्जित यश कीर्ति, आज भी क्षेत्र के बुजुर्गों से सुनने को मिलती है।राजर्षि के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्यों के कारण ही अमेठी को लहुरी काशी की संज्ञा मिली। महर्षि दयानंद के विचारों से प्रभावित राजर्षि रणंजय सिंह सामाजिक कुरीतियों एवं आडंबरों के धुर विरोधी थे। वर्तमान में अमेठी रियासत के मुखिया डॉ संजय सिंह एवं डॉ अमीता सिंह राजर्षि के विचारों का अनुसरण करते हुए अमेठी को एजुकेशनल हब के रूप मे पहचान दिलाने के साथ-साथ, हरेक क्षेत्र में विकास को समर्पित हैं। राजर्षि रणंजय सिंह के जयंती के अवसर पर आरआरपीजी अमेठी में एक काव्य गोष्ठी **काव्यांजलि** का आयोजन किया गया।जिसमें राजर्षि रणंजय सिंह समूह के विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। काव्य गोष्ठी के साथ-साथ विभिन्न संस्थानों के सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अव्वल रहे प्रतिस्पर्धियों व विभिन्न पाठ्यक्रमों में टॉप करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर के पुरस्कृत किया गया।

ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आई दो छात्राएं, एक की हुई मौत-दूसरी घायल

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। थाना कोतवाली के अंतर्गत आईटी कॉलेज के पास हाईवे पर हुआ हादसा, ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आई फार्मेसी की दो छात्राएं, एक छात्रा अलशबा की मौत, दूसरी छात्रा घायल, जिला अस्पताल में हुआ इलाज, कोतवाली नगर के जनौरा कट पर एनएच 27 पर हुआ हादसा, अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली ने दोनों छात्राओं को मारी टक्कर, अवध विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ फार्मेसी की बी फार्मा सेकंड ईयर की छात्रा थी मृतका अलशबा, अयोध्या कोतवाली के दर्शननगर कुढ़ा केशवपुर की रहने वाली थी छात्रा अलशबा, फार्मेसी छात्राओं में आक्रोश, जिला अस्पताल में तैनात रही पुलिस, कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने जिला अस्पताल पहुंचकर ली घटना की जानकारी, ट्रैक्टर ड्राइवर को तलाश रही पुलिस।

तीसरी पुण्यतिथि पर याद किए गए अनिरुद्ध सिंह परिवार

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

✻ स्मृति दिवस पर पुत्री ने रखा विद्यालय परिसर में प्रयोगशाला का आधारशिला

जलालपुर नगर स्थित नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य रहे स्वर्गीय अनिरुद्ध सिंह परिवार की तीसरी पुण्यतिथि पर इकलौती पुत्री और के एन एस मेयो अस्पताल की डायरेक्टर डाक्टर मधुलिका सिंह ने विद्यालय परिसर में प्रयोगशाला निर्माण की आधारशिला रखी विद्यालय के प्रधानाचार्य लख्मीचंद की उपस्थिति में विद्यालय परिसर में रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला के लिए आधारशिला रखी गई। उल्लेखनीय है कि अनिरुद्ध सिंह परिवार बीते कोरोना कल के दौरान लखनऊ स्थित अपनी पुत्री के केएनएस (मेयो)अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया था जिसके बाद विद्यालय परिवार के लोग लंबे अरसे से पूर्व प्रधानाचार्य की यादगार के लिए भवन निर्माण करने का विचार कर रहे थे अनिरुद्ध सिंह परिवार की तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर इकलौती पुत्री डॉ मधुलिका सिंह ने नरेंद्र देव इंटर कॉलेज के छात्र छात्राओं को आधुनिक लैब से शिक्षा मिल सके इसी सोच के तहत अनिरुद्ध सिंह परिवार की नाम पर रसायन विज्ञान की प्रयोगशाला की आधारशिला रखी गई।

विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि इससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक प्रयोगशाला की स्थापना से काफी जानकारी हासिल हो सकेगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि श्री परिवार विद्यालय में भौतिक विज्ञान के अध्यापक पद पर कार्यरत रहते हुए प्रधानाचार्य का पद भी संभाला और सेवानिवृत होने के बाद कोरोना कल के दौरान निधन हो गया। जो विद्यालय परिवार के लिया आपूर्णनीय क्षति हुई। इस दौरान के एन एस अस्पताल के मैनेजर सौरभ सिंह, शिक्षक राम गोपाल शुक्ला संतोष कुमार प्रदीप कुमार अवनीश कुमार सहित विद्यालय के सभी लोग मौजूद रही

रामलला के दरबार में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल ने लगाई हाजिरी

अतिथियों की सुरक्षा और सुगम दर्शन के लिए योगी सरकार ने किये चाक-चौबंद इंतजाम

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

प्राण प्रतिष्ठा के बाद से लगातार देश के विभिन्न प्रदेशों के राज्यपाल रामलला का दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचा रहे हैं। इस क्रम में सोमवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अयोध्या पहुंचे। भगवान श्रीराम के बाल स्वरूप विग्रह का विधि-विधान से दर्शन पूजन किया। श्रीराम का दीदार कर वे भाव विभोर हो गए। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।

राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि मैं मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का दर्शन कर रहा हूं, लंबे समय तक जो संघर्ष चला है, मेरी भी इसमें भूमिका रही है। आशा थी एक समय आएगा, जब भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होगी। भगवान राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद महाप्रभु का दर्शन करने के लिए अपनी पत्नी के साथ अयोध्या पहुंचा हूं। प्रभु राम लला का दर्शन करने के बाद जीवन धन्य हो गया।

परशुराम जयंती पर दीपोत्सव व हवन पूजन व भंडारा

जन एक्सप्रेस/अयोध्याधाम। भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव महापर्व 10 मई 2024 को घर-घर भगवान महा विष्णु के अवतार श्री परशुराम जी का पूजन और दीपोत्सव पर जगह-जगह हवन पूजन भंडारे का आयोजन होगा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने बताया की अखिल भारतीय चाणक्य परिषद उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में जनपद बलरामपुर में धूमधाम से मनाया जाएगा जन्मोत्सव अधिक से अधिक संख्या में संगठन के पदाधिकारी कार्यकर्ताओं से पहुंचने का आवाह्न किया है कार्यक्रम स्थल श्री यदुनंदन मिश्र जिला अध्यक्ष बलरामपुर के निज आवास बहादुरपुर निकट जिलाधिकारी आवास पर बलरामपुर गोंडा रोड समय 4:00 बजे आयोजित है। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा की अखिल भारतीय चाणक्य परिषद का मुख्य उद्देश्य विलुप्त हो रहे भारतीय तथा स्थानीय संस्कृति को सुरक्षित रखना है। ब्राह्मण, समाज का गुरु है जो कि सबको ज्ञान देता है समाज का सुधार तभी संभव है जब स्वयं के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन हो।

एनएसपीएस त्रिपुला में हुआ छात्र परिषद का गठन

परिषद के सभी चयनित पदाधिकारियों को दिलाई गई पद व गरिमा की शपथ

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

✻ पदनाम पट्टिका एवं बैज लगाकर किया गया सम्मानित

न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला में नवगठित विद्यालय छात्र परिषद के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने 12 सदस्यीय परिषद के छात्रों को पद व गरिमा की शपथ दिलाई और उन्हें पदनाम पट्टिका एवं बैज लगाकर सम्मानित किया। इस मौके पर हेड गर्ल पलक त्रिपाठी और हेड ब्वाय आर्यन निर्मल सहित सभी सदस्यों ने अपने दायित्व को कतर्व्यनिष्ठा के साथ सम्पादित करने की बात कही।

परिषद के चयनित पदाधिकारियों में हेड गर्ल एवं हेड ब्वाय सहित शिक्षा मन्त्री प्रिया यादव, सांस्कृतिक मन्त्री अलंकृता त्रिपाठी, खेल मन्त्री अब्दुल रमीज़, अनुशासन मन्त्री अनुष्का सिंह, परिवहन मन्त्री उत्तम सिंह एवं उप शिक्षा मन्त्री ओम अवस्थी, उप सांस्कृतिक मन्त्री आरती द्विवेदी, उप खेल मन्त्री ज़ोहरान असद, उप अनुशासन मन्त्री कृतिका यादव ,उप परिवहन मन्त्री रक्षित प्रजापति शामिल रहे।

प्रधानाचार्य ने परिषद के सभी चयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि परिषद का गठन विद्यार्थी जीवन में नेतृत्व के गुणों को विकसित करने के लिए किया गया है। आगे चलकर ऐसे विद्यार्थी ही विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर नेतृत्व क्षमता से संपन्न होंगे। नेतृत्व का अथ बहुत व्यापक है। शिक्षा से लेकर खेल तक हर स्थान पर इसकी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, कतर्व्यनिष्ठा, दायित्व बोध, दूसरों के प्रति सम्मान, देश व संविधान के प्रति श्रद्धा जैसे गुणों के विकास के लिए ही विद्यार्थी परिषद का गठन किया जाता है। ये बच्चे ही एक दिन देश के सच्चे और अच्छे नागरिक बनकर देश का गौरव बढ़ाएंगे। विद्यालय के पाठ्य सहगामी क्रिया-कलापों में इन पदाधिकारियों की अहम भूमिका है साथ ही उन्होंने परिषद् के सदस्यों से अपेक्षा की कि वह सभी विद्यालय के छात्रों के लिए रोल मॉडल बनकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

दबंग, लालची पति ने पत्नी एवं उसके पिता की परिवारीजनों के साथ मिलकर की पिटाई

जन एक्सप्रेस/खीरों, रायबरेली। जनपद के थाना खीरों क्षेत्रान्तर्गत स्थित गांव डुमटहर, पो . अतरहर, जिला रायबरेली निवासी रोहित शुक्ल पुत्र रमेश शुक्ल ने अपनी पत्नी चेतना एवं उसके पिता कमल कुमार अवस्थी की परिवारी जनों के साथ मिलकर उस समय बेरहमी से जमकर पिटाई कर दी जब वह उसके घर आए हुए थे। जनपद उन्नाव के थाना बिहार के गाँव रामनाथ खेड़ा मजरे पोखरी निवासी कमल कुमार अवस्थी ने अपनी बेटी चेतना का विवाह, थाना खीरों क्षेत्रान्तर्गत स्थित डुमटहर मजरे अतरहर निवासी रमेश शुक्ल के पुत्र रोहित शुक्ल के साथ किया था लेकिन रोहित शुक्ल एवं उसका परिवार शुरू से ही कुछ न कुछ मांग किया करते थे और उनका लालच इतना बढ़ गया कि मोटी मांग पूरी न होने पर वह चेतना के साथ आए दिन मारपीट करने लगे, हद तो उस समय हो गई जब वह रविवार को चेतना के पिता के सामने ही उसे मारने लगे और बीच बचाव करने पर उसके पिता व उनके साथ आये स्वजनों की भी पिटाई कर दी और उनका वाहन एवं अन्य सामान छीन लिया।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । मंगलवार । 30 अप्रैल 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	40°C	22°C
कानपुर	39°C	22°C
देहरादून	33°C	18°C
नई दिल्ली	37°C	22°C

दुबग्गा क्षेत्र में बीते दिन हुई महिला की मौत हादसा या हत्या

मृतक के माता-पिता का आरोप दामाद ने पूर्व में नशे की हालत में मेरी बेटी को जान से मारने का किया था प्रयास, दे रहा था लगातार धमकी

- मृतक के पति के अनुसार उसकी पत्नी की ट्रेन की टक्कर से हुई मौत
- मृतक की बेटी के अनुसार पिता नशे की हालत में मां को बड़ी बेरहमी से मारता व पीटता था

जन एक्सप्रेस । अभिमन्यु कुमार रावत

"मेरी बेटी के साथ जो घटना हुई है उसकी निष्पक्ष जांच पुलिस करें और मेरी बेटी को न्याय दिलाया जाए।
-शंभू लाल, मृतिका के पिता, निवासी इब्राहिमगंज

मृतिका किरन का फाइल फोटो

"मेरी बहन कायर नहीं थी जो आन्महन्या करेगी मेरी बहन मेहनती और हिम्मत वाली थी, क्योंकि मेरी बहन के साथ हमेशा उसके पति मारपीट कर धमकी देते थें और कहते थे कि तू मर जा, वही मेरी बहन का कहना था कि मैं कायर नहीं हूं जो आन्महन्या करूंगी, जबकि मेरी बहन ब्यूटी पार्लर के साथ-साथ दुर्गागंज स्थित एक नमकीन फैक्टरी में काम कर अपने बच्चों का पालन पोषण करती थी, मुझे विश्वास है कि मेरी बहन की हन्या हुई है ना की ट्रेन की टक्कर से मौत, निष्पक्ष जांच कराई जाए।
-सरोज, मृतिका की बहन

"मृतिका की बेटी के अनुसार पिता नशे की हालत में जब भी आते थे मां के साथ मारपीट करते थे, मुझे विश्वास है कि मेरी मां की हन्या हुई, जिसकी सम्बंधित अधिकारी निष्पक्ष जांच करें और दोषी पर कार्यवाही करें।
-स्नेहा, मृतिका की बेटी

लखनऊ। लखनऊ कमिश्नरेट की दुबग्गा पुलिस जहां कार्यवाही के नाम पर लापरवाही करती नजर आ रही है वहीं मिली जानकारी के अनुसार मृतिका के पिता शंभू लाल निवासी इब्राहिमगंज ने संबंधित दुबग्गा कोतवाली में शिकायती पत्र देते हुए बताया कि मैंने अपनी दो बेटियों की शादी सरोज व किरन की करीब 19 साल पहले सलेमपुर अमेठिया निवासी अनिल व विक्रम से की थी, जिसमें किरन का पति नशे का आदी था वह आए दिन मेरी बेटी किरन के साथ मारपीट करता था, मेरी बेटी के दो बेटे व एक बेटी है, मुझे विश्वास है कि मेरी बेटी की हत्या हुई है और मेरे दामाद अनिल ने कि है क्योंकि मेरी बेटी को हमेशा नशे की हालत में मारता और पिटता था, वहीं सूत्रों की माने तो मृतिका की मौत के एक दिन पहले पति-पत्नी में हुई थी मारपीट, वही मृतिका के पिता व रिश्तेदार के अनुसार मेरी बेटी कि ट्रेन से टक्कर लगने से नहीं हुई मौत, दुबग्गा पुलिस कार्यवाही के नाम पर यह कह रही है कि जो जांच अधिकारी हैं वह छुट्टी पर हैं जब आएंगे तब कार्यवाही होगी।

मृतिका के भाई व रिश्तेदार के अनुसार किरन का पति जब भी किरन को धमकी देता था, तो यह कहता था कि मैं कुछ भी तुम्हारे साथ कर दूंगा मुझे पन्ना भैया बचा लेंगे आखिर यह पन्ना भैया है कौन, जिसने मृतिका के मां, भाई व रिश्तेदार? के बिना सहमत भराया था पंचनामा।

शहतूततला काकोरी में मृतिका किरन का ब्यूटी पार्लर था, वहां के लोगों के अनुसार किरन बहुत अच्छी लड़की थी उसके साथ जिसने भी यह घटना कि है उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी को सजा मिलनी चाहिए।

इस सम्बन्ध में दुबग्गा कोतवाली प्रभारी से जानकारी के लिए फोन किया गया तो फोन नहीं लगा। इस मामले को लेकर जब सहायक पुलिस आयुक्त काकोरी से जानकारी की गई तो, उन्होंने बताया कि जानकारी कर, कार्यवाही कराने की बात कही।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से पुन: शुरू हुआ बिना मानक के एन.एस. हास्पिटल

- पूर्व में गर्भवती महिला की इलाज के दौरान लापरवाही के चलते हुई थी मौत, सीज हुआ था हास्पिटल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

स्वास्थ विभाग के संबंधित अधिकारीयों कि लापरवाही से आखिरकार बिना मानक के पुनः शुरू हुआ एन. एस. हास्पिटल। जानकारी अनुसार पूर्व महीने 21 फरवरी के दिन प्रसव कराने गई रिंकी रावत की इलाज के दौरान लापरवाही के चलते जच्चा-बच्चा दोनों की मौत हो गई थी, जिसकी खबर जन एक्सप्रेस अखबार ने प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिसको उप. मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए. पी. सिंह ने लिया था संज्ञान, मौके पर काकोरी सीएचसी अधीक्षक डॉ अवधेश कुमार व उनकी टीम मौके पर पहुंच कर पारा कोतवाली पुलिस की मौजूदगी में एन. एस. हॉस्पिटल की जांच करने के दौरान भारी मात्रा में दवाइयां व एक्सपायरी दवाइयां बरामद हुई थी, जिसको देखते हुए तत्काल प्रभाव से हॉस्पिटल को सीज किया गया था, उसी हास्पिटल को पुनः संचालित किया जा रहा है आखिरकार स्वास्थ्य विभाग के किस अधिकारी की सहपर शुरू किया जा रहा एन. एस. हास्पिटल।

"एन. एस. हास्पिटल तो बंद है, मैं तन्काल दिखवाता हूं।
-डॉ अवधेश कुमार
सीएचसी अधीक्षक काकोरी

"एन. एस हॉस्पिटल में किसी मरीज कि भर्ती नहीं कि जा रही है हमारे हॉस्पिटल की फाइल प्रोसेजर में है।
-शीला गौतम

शांतिपूर्ण और निष्पक्ष मतदान के लिए निर्वाचन आयोग मुस्तैद

- राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से निर्देशों का हो रहा पालन, ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी
- 1 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी की गई जब्त
- 28 अप्रैल को कुल 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लोकसभा चुनाव-2024 को उत्तर प्रदेश में निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से निरंतर कार्रवाई की जा रही है। आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है। प्रवर्तन एजेंसियों, उड़नदस्तों की ओर से अवैध शराब, नकदी की जब्ती संबंधी कार्रवाई निरंतर जारी है। इसके तहत 1 मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी जब्त की गई हैद्य सिर्फ 28 अप्रैल की ही बात करें तो प्रदेश में 182.07 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स व नकदी पकड़ी गई।

मतदान के लिए निरंतर हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई

उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। ऐसे में आबकारी, आयकर, पुलिस, नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों की ओर से पहली मार्च से 28 अप्रैल तक कुल 32977.30 लाख रुपये की शराब, ड्रग्स, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त की गई है। इसमें 3211.02 लाख रुपये नकद, 4583.70 लाख रुपये की शराब, 21850.88 लाख रुपये की ड्रग्स, 2175.30 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1156.39 लाख रुपये की अन्य सामग्री जब्त की गई।

28 अप्रैल को 182.07 लाख रुपये के सामान जब्त

आबकारी, आयकर, पुलिस, नारकोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 28 अप्रैल को कुल 182.07 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग्स व नकदी जब्त की गई। इसमें 4.39 लाख रुपये नकद, 51.58 लाख रुपये की 18989.75 लीटर शराब, 112.38 लाख रुपये की 441702.58 ग्राम ड्रग्स व 13.72 लाख रुपये कीमत की 5916 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गईं।

यहां हुई कार्रवाई

28 अप्रैल को प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में अनुमानित 90.42 लाख रुपये की 361700 ग्राम (361.70 किलोग्राम) ड्रग्स तथा आगरा दक्षिण विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 13.71 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 5916 ग्राम ड्रग्स पकड़ी गई।

फास्ट फॉरवर्ड

यशवंत सिंह का निष्कासन रद्द, बीजेपी में दो साल बाद वापस

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बीजेपी से छह साल के लिए निष्कासित एमएलसी और पूर्व मंत्री यशवंत सिंह का निष्कासन दो वर्ष बाद आज सोमवार को रद कर दिया गया। भाजपा की यूपी इकाई के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने उनकी वापसी की घोषणा की है। योगी आदिन्यनाथ के 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद छह माह के भीतर उनके विधानमंडल का सदस्य बनने के लिए इस्तीफा देकर विधान परिषद की अपनी सीट खाली करने की वजह से यशवंत सिंह सुर्खियों में आ गये थे।प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सोमवार को यशवंत सिंह को पत्र जारी कर निष्कासन समाप्त कर दिया है। श्री सिंह से अपेक्षा की गई है कि वह फिर से पार्टी के विचारों के प्रति समर्पण व निष्ठा के साथ पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे। भाजपा ने अप्रैल 2022 में एमएलसी यशवंत सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में तन्काल प्रभाव से छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया था।

सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वालों को सबक सिखाने का वक्त: स्वतंत्र देव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव में बाराबंकी में आयोजित बीजेपी की चुनावी जनसभा में सोमवार को जय श्रीराम व भारत माता की जय के बीच जिन्ना का मुद्दा गूंज पड़ा। जीआईसी ऑडीटोरियम में भाजपा प्रन्याशी राजरानी रावत की नामांकन सभा में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि सरदार पटेल की जिन्ना से तुलना करने वालों को इस चुनाव में सबक सिखाने का वक्त आ गया है।ये ऐसे लोग हैं जो 500 किमी दूर फातिया पढ़ आते है मगर रामजी के दर्शन करने नहीं पहुंच पाते। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक-एक वोट की कीमती है। मात्र एक वोट से अटल जी की सरकार गिर गई थी जिसके बाद कांग्रेस ने 10 साल शासन किया। देश को भ्रष्टाचार में डुबो दिया। हिंदुन्व को आतंकवाद कहा। बाराबंकी अयोध्या के सबसे करीब है इसलिए यहां सबसे अधिक से वोटों से जीतना है। कम से कम 80 प्रतिशत वोट मिलने चाहिए। स्वतंत्र देव ने सपा पर सीधे हमला बोलते हुए कहा कि अब कांवड़ यात्रा पर रोक नहीं लगती है बल्कि श्रद्धालुओं पर फूल बरसाए जाते हैं।

हटाये गये पोस्टर, बैनर व प्रचार सामग्री

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,27,98,360 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से 78,25,064 तथा निजी स्थानों से 49,73,296 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग 8,61,531, पोस्टर 36,08,621, बैनर 22,00,111 एवं अन्य 11,54,801 मामलों में कार्यवाही की गयी। निजी स्थानों में से वालराइटिंग 6,78,970, पोस्टर 22,91,838 बैनर 12,33,667 एवं अन्य 7,68,821 मामलों में कार्यवाही की गयी। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1277 मामलों में तथा लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2193 मामलों में कार्यवाही की गयी। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 103 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित109 प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

हिन्दू समाज पार्टी के प्रत्याशी गौरव वर्मा ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गौरव वर्मा लखनऊ लोकसभा क्षेत्र से आज अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।इस मौके पर हिन्दू समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष किरन तिवारी, भारतीय जन-जन पार्टी के संस्थापक संरक्षक मनीष महाजन, हिन्दू समाज पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहित मिश्रा, गौरव गोस्वामी सहित कई लोग मौजूद थे। इससे पहले पार्टी के प्रन्याशी गौरव वर्मा पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सैकड़ों समर्थकों के साथ तय समय प्रात: 11 बजे खाटु श्याम मंदिर, निकट गोमती तट, न्यु हैदराबाद एकत्र हुए, जहां से जुलूस के रूप में नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुये। नामांकन दाखिल करने से पूर्व हिन्दू समाज पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व प्रन्याशी गौरव वर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जनता के बीच चौबीसों घंटे उपलब्ध रहने का विश्वास दिलाया और शहर के मतदाताओं पर विश्वास जताया कि वह शहर के वास्तविक विकास के लिए हिन्दू समाज पार्टी के प्रन्याशी विजई बनाएंगे।

आकाश आनंद के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर बसपा में उबाल, सड़क पर उतरे कार्यकर्ता

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक आकाश आनंद के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। सोमवार को बसपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हाथ में पोस्टर बैनर लेकर मुकदमा वापस लेने की मांग की। इस दौरान शहर कोतवाली पहुंचे कार्यकर्ताओं से शहर कोतवाल अनूप शुक्ला की नोंकझोंक हुई। शहर कोतवाल बसपा कार्यकर्ताओं से कहते रहे कि जो कल गलती आपने की थी, लेकिन कार्यकर्ता मानने को तैयार न हुए। प्रभारी निरीक्षक अनूप शुक्ला ने बताया कि उच्चाधिकारियों से बात कर कार्रवाई की जाएगी।

बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो के शाखा प्रबंधक पर भ्रष्टाचार के आरोप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

घूसखोरी के आरोपों में घिरी बैंक ऑफ इंडिया की गहदो शाखा

जिन बैंको को उनकी साफ़ छवि और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। उन्ही बैंक की शाखाओ के कुछ कर्मचारियों की भ्रष्टाचार नीतियाँ बैंक की साख पर भी सवालिया निशान खड़ा कर देती है।

राजधानी लखनऊ से महज 30 किमी दूर गहदो मे स्थित बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो मे जैसे सभी नियमों और कानूनों को ताक पर रखकर शाखा का संचालन किया जा रहा है। जहाँ एक तरफ़ बैंक शाखा से के सी सी ऋण धारक किसानों से ऋण वसूली के लिये कमीशन पर वसूली के रखे गये गुंडों से धमकी भरे फोन कराने को लेकर चर्चाओं मे रही। शिकायत के बावजूद भी जमीन नीलाम कर, जेल भेजकर ऋण वसूली करने की धमकी देने वाले बैंक सखी श्यामलली के पति कृष्ण कुमार पर कोई कार्यवाही नहीं होना बैंक शाखा प्रबंधक और धमकीबाज़ बैंक सखी के पति कृष्ण कुमार के बीच नजदीकियो से सवाल उठता है यह रिश्ता क्या कहलाता है। वही दूसरी तरफ़ शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला पर रोजगार वाली योजनाओं मे ऋण के बदले घूस लेने के आरोप भी लगे है। शाखा प्रबंधक अभी इन आरोपों से उबर भी नहीं पाये थे। की आँट निवासी अजय मौर्या ने बैंक ऑफ़ इंडिया की मुख्य शाखा एवं रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया को शिकायती पत्र लिखकर शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला पर करोड़ो रूपये लेकर भागे बैंक पोषित क्षेत्रीय सूदखोर को संरक्षण देने का आरोप लगाया है। बैंक ऑफ़ इंडिया गहदो के शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। शाखा प्रबंधक पर आरोप दर आरोप लगते जा रहे है। आँट निवासी अजय मौर्य ने शिकायती पत्र मे बताया रोजगार हेतु खादी ग्रामउद्योग के माध्यम से कपड़े के उद्योग के लिये बैंक ऑफ़ इंडिया की शाखा गहदो से 10 लाख रूपये ऋण लिया था। जिस ऋण खाते की आधी धनराशि तत्कालीन ऋण प्रबंधक ने बैंक पोषित सूदखोर के हवाले कर दी थी। पीड़ित लाख जतन करता रहा, बैंक शाखा से अपने ऋण खाते की धनराशि दिलवाने की मिन्नते करता रहा मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित अजय मौर्य ने शाखा प्रबंधक पर आरोप लगाते हुये बताया जब हमने बैंक शाखा जाकर बैंक पोषित सूदखोर द्वारा लाखों रूपये गबन किये जाने और कार्यवाही की बात कही तो शाखा प्रबंधक सूदखोर पर कार्यवाही के बजाय पीड़ित का घर दुकान नीलाम करके ऋण वसूलने की धमकी देकर बैंक से जाने को कहा। पीड़ित अजय मौर्य ने बताया बैंक पोषित सूदखोर की बैंक मे अच्छी धमक होने क्षेत्र के लोगो ने करोड़ो रूपये दिये थे। शिकायत के बाद शाखा प्रबंधक अभिजीत शुक्ला ने सूदखोर से मोटी रकम लेकर उसे अपने संरक्षण मे कही भेज दिया जिससे पीड़ित के लाखों रूपये सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोगो के करोड़ो रूपये लेकर सूदखोर फरार हो गया। पीड़ित अजय मौर्य ने बैंक शिकायती पत्र मे शाखा प्रबंधक को अवैतनिक अवकाश पर भेजकर जाँच की मांग कर न्याय दिलाने की बात की है।

फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का हुआ शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- एफडीपी प्रोग्राम से क्षमता संवर्द्धन को नई दिशा मिलेगी: अटल

पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट लोहिया भवन अलीगंज में केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की अपेक्षानुसार 05 दिवसीय फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम यानि एफडीपी का शुभारम्भ अटल कुमार राय निदेशक पंचायती राज, अमनदीप दुली विशेष सचिव पंचायती राज विभाग, प्रवीणा चौधरी संयुक्त निदेशक, पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट, वित्त एवं लेखाधिकारी प्रदीप कुमार, नेशनल कंसल्टेन्ट तौकीर खान, रुचि यादव, पंचायतीराज तथा टीआरआई संस्था के कंसल्टेन्ट पंकज द्वारा किया गया। श्री राय ने इस प्रशिक्षण का आयोजन पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान प्रिट में कराये जाने हेतु केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय का आभार व्यक्त किया तथा भारत सरकार की पूरी टीम को धन्यवाद के साथ विभिन्न राज्यों से पधारे प्रतिभागियों का प्रदेश में स्वागत किया एवं उम्मीद जतायी कि इस कार्यक्रम से क्षमता संवर्द्धन को नई दिशा मिलेगी।निदेशक पंचायती राज ने प्रतिभागियों से अपेक्षा की कि उनके द्वारा प्रशिक्षण से प्राप्त जानकारी का उपयोग धरातल पर किया जायेगा। राष्ट्रीय स्तर के इस कार्यक्रम में 12 राज्यों के 65 फैकल्टी द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। फैकल्टी के क्षमता संवर्द्धन एवं कार्यकुशलता के लिए यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी है। पंचायती राज मंत्रालय एवं प्रिट के कुशल एवं अनुभवी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। श्री राय ने बताया कि यह प्रशिक्षण आवासीय है तथा प्रशिक्षण समापन 03 मई को सायं 05 बजे होगा।

किसान विरोधी समाजवादी पार्टी को आज आ रही अन्नदाताओं की याद: भूपेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के एटा के बयान पर करारा पलटवार किया। किसान विरोधी समाजवादी पार्टी को आज अन्नदाताओं की याद आ रही है। यह उस समय कहां थे, जब इनकी ही सरकार में किसान भाइयों की फसल खेतों में सड़ रही थी। उनको अपनी फसल का वाजिब दाम नहीं मिलता था। किसान आत्महत्या करने को मजबूर थे। भाजपा सरकार ने पिछले दस वर्षों में न केवल किसानों की आय में वृद्धि की है बल्कि किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'भारत रत्न' देकर हर अन्नदाता को सम्मानित करने का काम किया है। विपक्षी दलों पर हमलावर भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि जो भगवान राम का न हुआ, वह जनता का क्या होगा।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जिन्होंने चीनी मिलों में ताले लगा दिये। अपने फायदे के लिए उन्हें बेच दिया। ऐसे इंडी गठबंधन और सपा वाले भला किसानों का दर्द क्या जानें। इतना ही नहीं कांग्रेस ने बेशर्मी की सारी हदें पार कर दी थीं। इन्होंने किसान भाइयों का कर्ज माफ करने की जगह उनके साथ छलावा किया। भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि जब किसान भाइयों के कर्ज माफ करने की बारी आई तो कांग्रेस ने दो-दो, तीन-तीन सौ रुपये का चेक थमा दिया। जनता चार जून को इंडी गठबंधन और सपा को उनके कर्मों का फल दे देगी। तब वह अपने परिवार के साथ घरों में कैद होने को मजबूर हो जाएंगे। जिन्होंने देश में इमरजेंसी लगाकर हर नागरिक से उसका हक छिना, वह आज संविधान की बात करते हैं। यह उनके लिये शोभा नहीं देता है। देश और प्रदेश की जनता सब जानती है। देश की जनता जनार्दन चार जून को अपना फैसला बता देगी। यह वे लोग हैं, जो जनता के फैसले पर भी सवाल खड़ा करेंगे। जो प्रभु राम के अस्तित्व पर सवाल खड़ा कर सकता है, वह कुछ भी कर सकता है। देश की जनता अच्छी तरह से जान गई है कि जो भगवान राम का न हुआ, वह उनका क्या होगा।

मोहनलालगंज सु.सीट से बीजेपी के कौशल किशोर ने किया नामांकन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मोहनलालगंज सु. लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने आज अपना नामांकन दाखिल किया।लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर बीजेपी के कौशल किशोर का कब्जा है और वह केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार में राज्य मंत्री हैं। यहां भाजपा हैट्रिक की तैयारी में है। मोहनलालगंज सीट 2014 से भाजपा के कब्जे में है।मोहनलाल गंज सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। ये सीट 1962 में अस्तित्व में आई। 1962, 1967 और 1971 में यहां कांग्रेस का वर्चस्व रहा। इसके बाद जनता पार्टी और जनता दल यहां से जीते। 1991 के पहली बार भाजपा का खाता खुला। 1996 में भाजपा जीती। इसके बाद के चुनाव में समाजवादी पार्टी का कब्जा रहा। 2014 और 2019 के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कौशल किशोर ने जीत दर्ज की।2019 में भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार छोटे लाल वर्मा को हराया था। कौशल किशोर को 629,999 वोट मिले। सीएल वर्मा के खाते में 539795 वोट आए। 2014 में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने 455,274वोट हासिल कर जीत दर्ज की। दूसरे स्थान बसपा के उम्मीदवार आरके चौधरी के खाते में 309,858 वोट आए।भाजपा ने तीसरी बार केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर को टिकट दिया है। कौशल किशोर के मुकाबले में बसपा ने राजेश कुमार उर्फ मनोज प्रधान को उम्मीदवार बनाया हैं। इंडिया गठबंधन में सीट समाजवादी पार्टी के खाते में है। सपा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री आरके चौधरी पर दांव लगाया है। मोहनलालगंज संसदीय क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें क्रमशः मलीहाबाद, बख्शी का तालाब, सरोजिनी नगर, मोहनलालगंज और सिधौली विधानसभा सीट शामिल है। पांचों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी का कब्जा है। 5 में 3 विधानसभा सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

जीवन में रामत्व

हजारों वर्षों से राम कथा का जतन एवं संवर्धन कलाओं के माध्यम से, गीतों के माध्यम से, मंचन के माध्यम से आम जनमानस के बीच होता रहा है। देखा जाए तो लोक संस्कृति के विभिन्न प्रकारों में रामायण प्रदर्शित होता है जिसमें अपनी भिन्न भिन्न परंपराएं ,अपनी विशिष्ट वेशभूषा, भाषा के साथ जनजीवन के कई आयाम देखने को मिलते हैं। जिससे जनमानस अपने आप को समृद्ध करता आया है। लोकमंगल की भावना में भी राम के जीवन की अनंत कहानियों द्वारा बच्चों में मूल्यों को रोपित करने की परम्परा चली आ रही है।

श्री राम को सनातन धर्म में विष्णु का अवतार माना गया है। लोग उनको भगवान और आराध्य मान कर पूजा-अर्चना करते हैं। लेकिन जब हम राम के सम्पूर्ण जीवन का अवलोकन करते हैं तो पाते हैं कि राम केवल पूजा के विषय नहीं हैं, वह अनुकरणीय हैं हर स्थिति काल में जीवन को दिशा प्रदान करने वाले प्रेरणा पुंज हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि राम ने स्वयं को एक राजा और भगवान के अवतार के रूप में नहीं अपितु जननायक के रूप में स्थापित किया। हम उनके संपूर्ण जीवन में देखते हैं कि कैसे उन्होंने कठिन स्थितियों में भी मर्यादा के नूतन आयाम स्थापित किए। राजकुल में जन्म लेने के बाद भी राम ने अपना जीवन राजसी वैभव में नहीं बिताया। उनका बाल्यकाल आश्रम में व्यतीत हुआ, गुरुकुल में वह राजकुमारों की भांति नहीं अपितु सामान्य बालकों की भांति अपने और आश्रम के सारे कार्य करते थे। जब वह युवा हुए और राज्याभिषेक का समय आया तो उन्हें पिता के वचन के लिए वनगमन करना पड़ा। राम का जीवन मानवीय संबंधों के मार्गदर्शन में प्रेरणा देता आया है जिसके कारण वह लोक चेतना और परम्परा में सदैव जीवंत रहते हैं। जो लोक में व्याप्त है वह कालजयी है, वही सर्वमान्य है, वही अनुकरणीय है, वही वंदनीय है। लोक परंपरा में भी हम पाते हैं कि जन्मोत्सव, विवाह, हवन, कीर्तन, मांगलिक आयोजन आदि में महिलाएं जो मंगल गीत गाती हैं उसमें भी राम का नाम और उनका संबंध मूल्य ही समाहित है। ऐसे मर्यादा पुरुषोत्तम राम जो लोक के मन में हैं, जो जन-जन के हृदय में बसते हैं। देखें तो राम ही त्योहार हैं, उल्लास हैं, उत्सव हैं, भक्ति हैं, शक्ति हैं, पूजा हैं, ज्ञान हैं, प्रेरणा हैं और जीवन के प्रकाश स्तम्भ हैं। राम केवल जन-जन की भावना नहीं या सनातन धर्म को मानने वालों की आस्था का केंद्र नहीं बल्कि भगवान राम तो जीवन जीने का तरीका है। फिर चाहे वह संबंध मूल्यों को निभाना हो, धर्म के मार्ग पर चलना हो या फिर अपने दिए हुए वचन को पूर्ण करने के साथ कर्त्तव्य का निर्वहन हो। राम सिर्फ कहने में ही मर्यादा पुरुषोत्तम नहीं है बल्कि हर मायने में वह एक उत्तम और आदर्श पुरुष है वह जीवन के मार्ग को प्रशस्त करने वाले प्रकाश हैं। राम के जीवन आदर्शों को अनुकूल स्थिति में अपने आचरण में लाना जीवन को सरल और सहज बनाता है। राम का जीवन आदर्श, नैतिकता और व्यवहार का उच्चतम मापदंड है जो हर स्थिति में प्रासंगिक है। गुरु-शिष्य, राजा-प्रजा, स्वामी-सेवक, पिता-पुत्र ,पति -पत्नी, भाई-भाई, मित्र-मित्र के आदर्शों के साथ धर्म नीति, राजनीतिक,अर्थनीति के साथ सत्य, त्याग, सेवा, प्रेम, क्षमा, शौर्य, परोपकार, दान आदि मूल्यों का सुंदर समन्वित आदर्श रूप राम के संपूर्ण जीवन में समय-समय पर देखने को मिलता है। राम के जीवन के पुरुषोत्तम होने की विशेषताओं का संदर्भ रामायण में अनेक स्थानों पर देखने को मिलता है, जिसका जीवन में अनुकरण करने पर समरसता पूर्ण समन्वित और खुशहाल व्यक्तित्व का निर्माण होता है। राम का जीवन इतना अद्भुत और विशाल है कि उनके जीवन के प्रसंगों को बार-बार देखने और सुनने से भी मन नहीं भरता। आज ज्ञान, विज्ञान, तकनीकी ने कितनी भी प्रगति कर ली हो लेकिन जब व्यक्ति भावनात्मक रूप से खुद को कमजोर पाता है तब वह श्रीराम के जीवन आदर्शों में ही समाधान ढूंढने का प्रयास करता है। राम तो प्रभु का अवतार थे लेकिन जब उन्होंने भी मानव शरीर में धरती पर जन्म लिया तब उन्हे भी सामाजिक, पारिवारिक, सांसारिक बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन राम ने हर स्थिति में स्थित प्रज्ञ होकर कभी मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

एक्सप्रेस आलेख

अगले साल छत्तीसगढ़ में झीरम घाटी नरसंहार को 11 साल पूरे हो जाएंगे। इस सबसे बड़े नक्सली हमले में छत्तीसगढ़ कांग्रेस की प्रथम पंक्ति के कई नेता मारे गए थे। कई जवान भी बलिदान हुए थे। इस मामले में अब तक की जांच किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकी है । ऐसे में हमले में मारे गए कांग्रेस नेता और बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा के बेटे छविंद्र कर्मा ने कांग्रेस पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने हमले में जीवित बचे कांग्रेसी नेताओं का नार्को टेस्ट कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि नक्सलियों का ऐसा क्या प्रेम, जो कवासी लखमा बचकर आ जाते हैं। कोंटा से कवासी लखमा विधायक हैं, उनके विधानसभा क्षेत्र से यात्रा निकाल रही थी।

लाल आतंक से प्रेम कर अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारती कांग्रेस

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

मैं अभी भी डंके की चोट पर कहता हूं कि इस हमले में बचकर आए सभी नेताओं का नार्को होना चाहिए। इस नक्सली हमले की हृदयविरादकता इतनी अधिक थी कि नक्सलियों ने बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा को करीब 100 गोलियां मारीं और चाकू से उनका शरीर पूरी तरह छलनी कर दिया था। नक्सलियों ने उनके शव पर चढ़कर डांस भी किया था।

नक्सलवाद पर भाजपा शुरू से ही आक्रामक रहती आई है, किंतु दूसरी और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेताओं का व्यवहार है, उससे लगता है कि कांग्रेस जरूर नक्सलियों से विशेष प्रेम रखती है। इसलिए जब कोई नक्सली पुलिस मुठभेड़ में मारा जाता है तो उसके नेता नक्सली के घर जाकर उसे श्रद्धांजलि देने में भी परहेज नहीं करते । सोचिए; जब देश के कई राज्यों में जिसकी सरकार हो, वह कांग्रेस इस तरह का कृत्य करे या इससे जुड़े नेता प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नक्सलियों से मिलते हों अथवा उनके समर्थन में आगे आएं, तब फिर यह कैसे कहा जा सकता है कि कांग्रेस नक्सलवाद का विरोध करती है। छत्तीसगढ़ के बस्तर रीजन के कांकेर में मारे गए माओवादी (नक्सली) नेता सिरीपेल्ली सुधाकर उर्फ शंकर राव के घर कांग्रेस की एक वरिष्ठ नेता और तेलंगाना की कांग्रेस सरकार में मंत्री अनुसुइया दनसारी उर्फ सीताक्का अभी कुछ दिन पहले ही पहुंची और अब उनका इससे जुड़ा वीडियो भी वायरल है। जबकि यह सर्वविदित है कि नक्सली आंदोलन में एक प्रमुख व्यक्ति सुधाकर कई हिंसक घटनाओं में शामिल था और सुरक्षा बलों को उसकी तलाश थी। अब आप ही विचारें; कांग्रेस पार्टी के किसी वरिष्ठ नेता और एक राज्य तेलंगाना में जो मंत्री भी हो, वह किसी नक्सली के घर जाकर उसके परिवार के सामने संवेदना व्यक्त करे तो उसके इस कृत्य को क्या माना जाए? क्या यह देशभक्ति है या देशद्रोह ? ऐसे में कई लोग आज कह रहे हैं कि कांग्रेस पार्टी के एक जिम्मेदार नेता का यह आचरण केवल चरमपंथियों, वामपंथियों के कार्यों को महिमामंडित करने और उसे वैध बनाने के काम आता है। साथ ही यह कानून व्यवस्था बनाए रखने के सुरक्षा बलों के प्रयासों को कमजोर करते हैं। प्रश्न यह है कि क्या यह पहली घटना है, जब किसी नक्सली के प्रति कांग्रेस के नेता द्वारा हमदर्दी जताई गई। वस्तुतः छत्तीसगढ़ के जंगल में सुरक्षाबलों ने चार घंटे तक चली मुठभेड़ में जब 29 नक्सलियों को ढेर कर दिया जाता है, तब इसके लिए सुरक्षाबलों की पीठ थपथपाने की जगह कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत नक्सलियों को महिमामंडित करने का काम करती दिखती हैं, वह मारे गए नक्सलियों को 'शहीद' बताती हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला की इस पर प्रतिक्रिया भी आई, उन्होंने कहा भी कि ÷यह वही नक्सली हैं जिन पर 25 लाख का इनाम है लेकिन कांग्रेस कहती है जो शहीद हुए हैं उनकी जांच होनी चाहिए।÷ एक बयान छत्तीगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी खूब चर्चाओं में रहा, उन्होंने तो हद ही कर दी! कह रहे हैं कि 'जब से भाजपा की सरकार छत्तीसगढ़ में बनी है, प्रदेश में फर्जी मुठभेड़ बढ़ गई है। अभी चार महीने में फिर से फर्जी एनकाउंटर में वृद्धि हुई है। नक्सली बताकर वनवासियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के द्वारा उन्हें डराया-धमकाया जाने लगा है। बस्तर और कांकेर जैसे क्षेत्र में ये चल रहा है। इस प्रकार की घटनाओं की वृद्धि हो रही है।' विचार करें; क्या इस प्रकार के प्रमुख कांग्रेस नेताओं के बयान से नक्सलियों का मनोबल नहीं बढ़ता होगा? यह भी एक तथ्य है कि वर्ष 2018 मे प्रतिबंधित नक्सलियों से साठगांठ के आरोप में गिरफ्तार और नजरबंद तत्कालीन 10 लोगों के पास मिले दस्तावेजों से देश में अस्थिरता फैलाने की बड़ी साजिश का संकेत मिला था। चौंकाने वाली बात यह है कि नक्सलियों की मदद कर रहे 'शहरी नक्सली' इस मामले में कांग्रेस की सहायता मिलने का भी दावा कर रहे थे । भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में गिरफ्तार रोना विल्सन के लैपटॉप में एक बड़े नक्सली नेता की ईमेल मिली। ईमेल में 'कामरेड एम' ने दलित आंदोलन की आड़ में देश में अस्थिरता फैलाने में कांग्रेस का साथ मिलने का दावा किया गया था। विल्सन को भेजी ईमेल में लिखा गया कि शहर में रहने वाला शीर्ष नक्सल नेतृत्व कांग्रेस में हमारे कुछ दोस्तों के साथ संपर्क में है। वे दलित आंदोलन को और भी आक्रामक तरीके से आगे बढ़ाने का सुझाव दे रहे हैं। भीमा कोरेगांव हिंसा के दो दिन बाद ही लिखी ईमेल में वहां चले आंदोलन को काफी सफल बताया गया। इसके साथ ही हिंसा में एक व्यक्ति की मौत को मुद्दा बनाते हुए आगे भी आंदोलन चलाने और इसके लिए दुष्प्रचार सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया था। 'कामरेड एम' के अनुसार नक्सल नेतृत्व ने भीमा कोरेगांव हिंसा के लिए कामरेड सुधीर को दो बार फंड भेजा था। इसके साथ ही आगे के आंदोलन के लिए जरूरी फंड की जिम्मेदारी कामरेड शोमा और कामरेड सुरेंद्र को सौंपी गई । 'कामरेड एम' ने रोना विल्सन को बताया है कि किस तरह नक्सल नेतृत्व भीमा कोरेगांव की तर्ज पर अन्य भाजपा शासित राज्यों में उग्र दलित आंदोलन खड़ा करने की तैयारी में जुटा है। इस काम में जुटे विश्वरूपा, सुदीप, सुशील और देवजानी का मोबाइल नंबर भी दिया गया । इसमें में यह साक्ष्य महत्वपूर्ण है कि रोना विल्सन ने ही पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तर्ज पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की हत्या की साजिश का सुझाव अपनी ईमेल में नक्सली नेतृत्व को दिया था। इसकी जानकारी मिलने के बाद रोना विल्सन को जून में ही गिरफ्तार कर लिया गया था । वस्तुतः आज हमें यह ध्यान रखने की आवश्यकता है कि देश के 11 राज्य नक्सल से प्रभावित हैं। कुल 90 जिलों में नक्सली हिंसा देखने को मिलती है। सबसे ज्यादा नक्सल प्रभावित राज्य हैं- छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना। छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही घटनाएं इसकी तस्दीक करती हैं, जहां नक्सली हर साल कई बार सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हैं। हजारों जानें ऐसे हमलों में जा चुकी हैं और साल दर साल जा रही हैं। ये नक्सलवादी दावा करते हैं कि वे वनवासियों, छोटे किसानों और गरीबों की लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ये सच नहीं है। यह ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा जनकल्याण की योजनाओं तक को आरंभ नहीं होने देते हैं। अपने डर के साए में लोगों को रखते हैं और उन्हें विकास की मुख्य धारा से जान-बूझकर दूर रखते हैं ताकि उनके मन में शासन के प्रति विद्रोह की भावना भरना आसान हो जाए।

पिछले वर्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने पलटवार करते हुए पूरी की पूरी कांग्रेस पार्टी को ही नक्सल समस्या की जननी और संरक्षक बताया था। साथ ही कहा कि देश और प्रदेश के विकास को नक्सलियों ने अवरुद्ध किया। शहरों में रहने वाले नक्सलियों के समर्थकों ने विकास को रोका।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	षष्टी 07:05 तक
नक्षत्रः	उत्तराषाढा 28:09 तक
पक्षः	कृष्ण
वारः	मंगलवार
योगः	साध्य, 22:24
सूर्योदयः	05:42
सूर्यास्तः	18:54
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	15:36-17:15
विक्रमी संवत्:	2081
शक सम्वतः	1945
मासः	वैशाख
शुभ मुहूर्तः	11:54-12:42

जन एक्सप्रेस

इस्तीफे का दौर !

राजनीतिक गरमाई है ।
इस्तीफे का दौर ।।
फायदा ना मिल रहा ।
बस बने सिरमौर ।।
अंदर खिचड़ी पक रही ।
हैं सारे तैयार ।।
आलाकमान लगातार ।
झेल रहा प्रहार ।।
ऐन वक्त पर खेला ।
कुछ समझ ना आए ।।
गुंजाइश ना राहत की ।
क्या किससे फरमाएं ।।
अभी अगर यदि हाल ये ।
है बाकी परिणाम ।।
धीरे-धीरे है पतन ।
है यही पैग़ाम ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हां सचमुच यह सच है, कि वह इमानदार है यह भी सच है वह गरीब और फटे हाल है, आपदाओं से घिरा हुआ, आफतों का साथी, परेशानियां उसे छोड़ती नहीं, पर वह परेशान नहीं, मायूस भी नहीं, थका हुआ है, पर हारा हुआ कतई नहीं, हां यह सच है वह ईमानदार है, आज के मायनों में नहीं सत्य के मायनों में, यह भी सच है कि उसके तीन बच्चे हैं एक बेरोजगार, एक अविवाहित एक पालिका स्कूल का विद्यार्थी सब ईमानदारी के सताए हुए हैं, पत्नी इलाज के अभाव में संसार से चल बसी, लौट कर ना आने के लिए, यह सच है कि वह इमानदार है, परेशान भी है फटे हाल भी है, थका है हारा हुआ नहीं, ईमानदारी का मारा हुआ है, अकेला नहीं है वह, बरगद की तरह अपने में सभी को समेटे हुए।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जब सूरज पहली बार उगता है तो वह स्वयं कमजोर होता है और दिन चढ़ने के साथ ही वह ताकत और साहस इकट्ठा कर लेता है

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

गर्मियों में पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए लगाएं नीम, शहद और हल्दी का पेस्ट

गर्मियों के मौसम में स्किन से जुड़ी समस्याएं बढ़ जाती है। इन दिनों, चिलचिलाती धूप निकल रही है, जिसके कारण तापमान भी बढ़ रहा है, जिसका बुरा असर स्किन और बालों पर पड़ता है। खासकर, जिन लोगों की स्किन ऑयली होती है उन्हें इस मौसम में पिंपल्स की समस्या ज्यादा होती है। पिंपल्स के कारण चेहरे की खूबसूरती कम होने लगती है, इसके साथ ही कई बार पिंपल्स के कारण स्किन पर खुजली और दर्द भी होता है। पिंपल ठीक होने पर भी इसके निशान रह जाते हैं, जो कि लंबे समय तक स्किन पर दिखाई देते हैं। ऐसे में अगर आप भी गर्मियों के मौसम में पिंपल्स से परेशान रहते हैं तो एंटीफंगल और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर नीम और हल्दी के साथ शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। गर्मियों के मौसम में नीम, हल्दी और शहद का इस्तेमाल करने से पिंपल्स की समस्या कम हो सकती है।

गर्मियों में पिंपल्स से छुटकारा पाने के लिए नीम, शहद और हल्दी: नीम का पेड़ आपको अपने घर के आसपास आसानी से मिल जाएगा। औषधीय गुणों से भरपूर नीम के पत्ते कई बीमारियों को दूर करने में सहायक हो सकते हैं। नीम के पत्ते एंटीबैक्टीरियल, एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, जो गर्मियों में होने वाले पिंपल्स को कम करने में मदद कर सकते हैं। नीम के पत्तों का उपयोग सीधे स्किन पर किया जा सकता है। इसके लिए आप नीम के 15-20 पत्तियों को धोएं और फिर इसका एक पेस्ट तैयार करें। नीम की पत्तियों से बने इस पेस्ट को पिंपल्स के ऊपर लगाएं और 15 से 20 मिनट के बाद पानी से चेहरा साफ करें। इस पेस्ट के इस्तेमाल से पिंपल्स के कारण होने वाली खुजली से भी राहत मिलेगी। गर्मियों के मौसम में पिंपल्स से छुटकारा पाने और इसके निशानों को कम करने के लिए आप नीम का फेस पैक भी तैयार कर सकते हैं। इसके लिए ताजी नीम की पत्तियों से बने 1 चम्मच पेस्ट में 1 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, आधा चम्मच शहद और चुटकीभर हल्दी मिलाकर फेस पैक का पेस्ट तैयार करें। आप इसमें जरूरत अनुसार पानी भी मिला सकते हैं।

फायदे

- पिंपल्स की समस्या से राहत पाने के लिए हल्दी का इस्तेमाल फायदेमंद होता है। हल्दी में कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं, जो पिंपल्स को कम करने में सहायक होते हैं। इसके साथ ही हल्दी के इस्तेमाल से चेहरे पर नेचुरल निखार आता है।
- स्किन के लिए नीम बेहद लाभदायक है। नीम में मौजूद औषधीय गुण न्वचा को हेल्दी बनाने के साथ-साथ पिंपल्स की समस्या को दूर करने में कारगर साबित होते हैं। नीम के इस्तेमाल से न सिर्फ स्किन साफ होती है, बल्कि इससे ऑयली स्किन की समस्या भी कम हो सकती है।
- शहद न्वचा के लिए भी बेहद लाभकारी होता है। इसमें एंटी-बैक्टीरियल गुण होते हैं जो चेहरे पर होने वाले पिंपल्स को कम करने में मदद करते हैं। शहद न्वचा को सॉफ्ट और ग्लोइंग बनाने में भी सहायक होता है।

एक्सप्रेस विशेष

कांग्रेस के विरासत टैक्स पर उबाल

राघवेन्द्र प्रताप सिंह

दस वर्षों में सनातन धर्म का और विकास हुआ है जिसे 2024 के कार्यकाल में और अधिक तेजी से बढ़ेगी। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से वहां विकास की नयी कहानी लिखी जा रही है। महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित हो चुका है।

गर्मी का बढ़ी है,दूसरे चरण का मतदान भी हो चुका है। चुनावी रण भूमि में नेताओ के एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप से राजनीतिक पारा चरम पर पहुंच रहा है। अभी पांच चरण का चुनाव शेष है मुद्दों से बेख़बर नेताओ के जुबान में और तल्खी आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सम्पति बंटवारे के बयान को लेकर कांग्रेस ने खूब हो हल्ला मचाया यहां तक कि चुनावी रैलियों में राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा ने मोदी के बयान पर पलटवार किया वही विरासत कर को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को घेर लिया है। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के राजनीतिक सलाहकार सैम पित्रोदा ने देश में सम्पति के पुनर्वितरण की कांग्रेस की कथित योजना का समर्थन करने के लिए अमेरिका के विरासत टैक्स का हवाला दिया था। पित्रोदा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में विरासत टैक्स का प्रावधान है जिसके अनुसार सरकार का नागरिक की सम्पति में पचपन प्रतिशत की हिस्सेदारी का अधिकार है शेष पैंतालीस प्रतिशत अपने हिस्से की परिवार अथवा बच्चो को हस्तांतरित कर सकता है। सैम पित्रोदा के इस बयान के बाद कांग्रेस ने अपना पल्ला झाड़ते हुये पार्टी को उनसे अलग कर लिया है। कांग्रेस नेता जय राम रमेश ने एक टीबी चैनल में दिए बयान में सैम पित्रोदा के बयान को उनका निजी बयान बताया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमला करने का यह कहते हुये अवसर मिल गया है कि सैम पित्रोदा पहले राजीव गांधी और अब राहुल गांधी के राजनीतिक सलाहकार हैं इस लिए विरासत टैक्स पर दिया गया बयान गंभीर है। कांग्रेस और सहयोगी नेता जब भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरने के प्रयास में वह खुद घिर जाते हैं और उन्हें उल्टे जनता में अपनी सफ़ाई देने पड़ जाते हैं। विरासत टैक्स पर सैम पित्रोदा का बयान सुर्खियों में है। सैम पित्रोदा पहले राजीव गांधी के राजनीतिक सलाहकार रहे और अब राहुल गांधी के सलाहकार हैं ऐसे में बीजेपी उनकी बात को हल्के में कैसे ले सकती है। मसले पर जनता भी गंभीर है। 19 अप्रैल को पहले चरण का वोट देश के 21 राज्यों की 102 लोक सभा सीटों के लिए डालें गये थे। जहां मतदान 69.31 प्रतिशत रहा जबकि वर्ष 2019 के लोक सभा के लिए डालें गये वोट 69.43 प्रतिशत रहा ,वही गुजरात के सूरत लोक सभा सीट पर बीजेपी बिना लड़े ही चुनाव जीत गयी यहां मुकेश दलाल निर्विरोध निर्वाचित किये जा चुके हैं। दूसरे चरण का चुनाव भी शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हो गयी है। यूपी, विहार, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान के बाद अब हैदराबाद का चुनाव धीरे- धीरे दिलचस्प हो गया वहां बीजेपी उम्मीदवार माधुरीलता की लोकप्रियता जनता में दिख रहीं है। ओबैसी के खिलाफ बीजेपी ने माधुरी लता को अपना उम्मीदवार बनाया। माधुरी की धनुष से बिना निकले तीर की चर्चा बहुत दूर तक पहुंच गई है। श्री राम नवमी पर बीजेपी प्रत्याशी की हैदराबाद में प्रचार के दौरान धनुष के एक्शन का विरोधियों में रिएक्शन हुआ है। 2024 के इस चुनाव में पक्ष और विपक्ष के जारी हुये घोषणा पत्र की खूब चर्चा हो रहीं है। केंद्र की सत्ता में आते ही जनता के लिए तमाम योजनाओं को हकीकत में अमलीजामा पहनाएंगे ऐसा नेताओ का कहना है,युवाओं को रोजगार देंगे और महिलाओं की सुरक्षा करेंगे, किसानों को भी उनका अधिकार दिलाएंगे, सत्ता हो या विपक्ष फ़िलहाल घोषणा पत्र में आम अवाम को राहत देना नहीं भूले हैं। यूं कहें की आम अवाम के लिए नेताओ ने अपनी तिजोरी ही खोल दी है फिर भी जनता अभी चुप है,जो नेताओ के लिए असहनीय दर्द दिए जा रहीं है। सत्ता तक पहुंचने के लिए नेताओ में जुबानी जंग तेज हो गयी है एक दूसरे को नीचा दिखाने में नेता अब कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहते हैं। दूसरी बार केंद्र की सत्ता में भाजपा काबिज है और अब हैट्रिक की तैयारी है इसी लिए 2024 के चुनावों में 400 के नारे को सफल बनाने के लिए बीजेपी ने 78 पृष्ठों वालीं संकल्प पत्र में देश को आत्मनिर्भर और सशक्त भारत बनाने की रूपरेखा तैयार किया है। बीजेपी ने सरकार के दस वर्षो की उपलब्धियों को संकल्प पत्र में रखा है। पांच साल के लिए नरेंद्र मोदी की 24 गारंटियों की चर्चा भी पत्र की है। मतलब साफ है कि 2024 का यह चुनाव पूरे देश में मोदी अपनी गारन्टी पर लड़ रहे हैं। मोदी ने वायदे पूरे नहीं किये तो जनता सवाल किससे करेगी इस बात की गारन्टी कौन लेगा बीजेपी या संघ ? गारन्टी को लेकर आम अवाम संसय में है क्यों कि बीजेपी ने वायदे के मुताबिक रोजगार नहीं दिया,महंगाई बढ़ी है ,व्यापारी परेशान है किन्तु चुनाव मुद्दे हवा हवाई है। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनी थी तब सरकार ने कई महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक निर्णय लिए थे।

वायादे के अनुसार जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाया और सैकड़ों वर्ष से तिरपाल में रह रहे मर्यादापुरुषोत्तम प्रभु श्री राम को दिव्य भव्य एवं नव्य मंदिर में भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। अयोध्या धाम विश्व के धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर तेज गति से आगे बढ़ा है इसी का परिणाम है कि मुस्लिम देश में भी सनातन का डंका बजा है। ऐसा लगता है कि दुनिया में भारत का वैश्विक उभार हो रहा है।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने इंडी गठबंधन पर साधा निशाना

जन एक्सप्रेस । हरदोई

सवायजपुर। जनपद में 13 मई को लोकसभा का मतदान होना है। जिसको देखते हुये सवायजपुर विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने विधानसभा क्षेत्र मे ताबड़तोड़ जनसंपर्क व नुक्कड़ बैठके कर रहे हैं। भाजपा सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश रावत समर्थन मे सोमवार को सवायजपुर के गन्ना कृषक महाविद्यालय मे भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी ने विशाल युवा सम्मलेन को सम्बोधित करते हुये सपा - कांग्रेस पर निशाना शाधते हुये कहा मुलायम सिंह ने अपनी सपा सरकार मे राम मंदिर आंदोलन मे कार सेवकों पर गोलियां चलवाईं थीं। मुलायम सिंह यादव के निधन पर यही सनातनी उनको श्रद्धांजलि देने गये थे यही अंतर भाजपा और सपा के कार्यकर्ताओं मे है। उन्होंने कहा अब अखिलेश यादव को मुलायम सिंह की गलती सुधारने का मौका है वैसे राम मंदिर निमंत्रण पर न जाकर उन्होंने वो मौका भी गंवा दिया। वहीं विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह ने भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे मे बताया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, लोकसभा प्रभारी प्रीतेश दीक्षित, भाजयुमो जिला अध्यक्ष आकाश सिंह, शोभित तोमर, कुलदीप पाण्डेय, रामशंकर कश्यप, आदेश सिंह, उदयराज सिंह मौजूद रहे।

शादी का झांसा देकर युवती की लूटी आबरू, पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

नगर के एक मोहल्ले में एक युवती को अपने प्रेम जाल में फंसा कर महोलिया निवासी एक युवक ने शादी का झांसा देकर उससे शारीरिक संबंध बनाएं और फिर शादी से मना कर दिया। परेशान युवती ने तेजाब पी लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ी तो उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दबाव बनाकर सुलह समझौता कर दिया, पर पीड़ित अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है। मोहल्ले की एक युवती को ग्राम महोलिया निवासी अमित राठौर ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और फिर 2 सालों तक उसे शादी का झांसा देकर उसकी समत लूटता रहा। जब शादी की बात कही तो मुकर गया। परेशान युवती ने उसे वीडियो कॉल की, मना करने पर उसने तेजाब पी लिया। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती के पिता का कहना है कि उसने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, पर पुलिस ने उसकी एक न सुनी बल्कि दबाव बनाकर सुलह समझौता लिखा दिया। अब न्याय पाने के लिए दर-दर भटक रहा है। कोई सुनने वाला नहीं है।

मंत्री के काफिले में शामिल एस्कॉर्ट ने तीन को कुचला

जन एक्सप्रेस । हरदोई

शाहाबाद। ककरघटा के पास से गुजर रहे मंत्री के काफिले की पुलिस स्कार्ट ने तीन बाइक सवारों को कुचल दिया। जिनमें एक डेढ़ साल का मासूम बच्चा तय भी शामिल है। सभी घायलों को आनन-फानन में सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से गंभीर हालत में तीनों को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर हृदय निवासी रमेश 42 वर्ष पुत्र रामकरन, सुमित 50 वर्ष पुत्र मदनपाल डेढ़ साल के लड़के कृष्णा पुत्र सुमित को लेकर बाइक से ग्राम ककरघटा जा रहे थे। ककरघटा गांव के पास पहुंचते ही पीछे से आ रहे उच्च शिक्षा मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी के काफिले में शामिल उनकी एस्कॉर्ट ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे बच्चे सहित बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। आनन फानन में बाइक सवारों को सीएचसी शाहबाद लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सभी को मेडिकल कॉलेज हरदोई रेफर किया गया है।

बावन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विकास खण्ड बावन के ग्राम पंचायत लोनार मे बूथ संख्या 1, 2, 3 में चुनाव पाठशाला का आयोजन डा0 राम प्रकाश खण्ड विकास अधिकारी बावन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया, तथा मतदाता शपथ दिलायी गयी। प्रा0 वि0 चन्दर्सीपुर के बूथ संख्य 218 व सौरंगपुर के बूथ संख्या 219, पर चुनाव पाठशाला का आयोजन करते हुए मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। चुनाव पाठशाला में उपस्थित मतदाताओं को मतदान प्रतिशत बढ़ाये विभिन्न प्रकार की जानकारी दी गयी, तथा उपस्थित मतदाताओं द्वारा प्रातः सपरिवार वोट डाले जाने का आश्वासन दिया गया, ग्रामवासी/मतदाताओं द्वारा अवगत कराया गया कि वह शत-प्रतिशत वोट हेतु जागरूक कर रहें है। उपस्थित बी0एल0ओ0 अध्यापक व बच्चों को अपने अभिभावकों को सपरिवार अधिक से अधिक मतदान करने हेतु प्रेरित करने हेतु निर्देशित किया गया। बाइक व कार के स्टीकर तथा कलेण्डर का वितरण भी ग्रामवासियों को किया गया। ग्राम पंचायत सहिजना के बूथ संख्या 217, चन्दर्सीपर के बूथ संख्या 218 व सौरंगपुर के बूथ सख्या 219 तथा लोनार के बूथ संख्या 1, 2, 3 का निरीक्षण किया गया, तथा और सफाई किये जाने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त सचिवों/अध्यापकों द्वारा बाजपुर नकटौरा के बूथ संख्या 195, 196 तथा अनंगबेहटा के बूथ सख्या 293, 294, 295 बम्हनापुर के बूथ संख्या 270 में मतदाता शपथ दिलायी गयी, तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में डॉ0 राम प्रकाश, खण्ड विकास अधिकारी बावन, अध्यापक, बी0एल0ओ0 एवं ग्राम वासी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्वाचन से सम्बन्धित रचित पंक्तियां भी सबको सुनायी गयीं। हमको है निज देश पे गौरव, हमको है खुद पे अभिमान, अपनी ताकत को पहचान, चलो करें हम सब मतदान।

छत से गिर कर घायल हुए युवक की दूसरे दिन हुई मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई

छत पर सो रहा युवक आधी रात को नींद से जागा और जैसे ही उठ कर खड़ा हुआ, तभी उसका पैर फिसला और नीचे गिर कर घायल हो गया, उसे इलाज़ के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उसकी रविवार को दूसरे दिन मौत हो गई। कोतवाली शहर पुलिस ने उसके शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के अनुसार सुरसा थाना क्षेत्र के पण्डित पुरवा निवासी 24 वर्षीय संदीप पुत्र श्रीपाल अपने दो भाइयों में छोटा था

वह मज़दूरी कर अपने घर वालों का सहारा बना हुआ था, उसकी शादी नहीं हुई थी। शनिवार की रात को वह अपने मकान की छत पर सो रहा था, जैसा कि उसके बड़े भाई रामसेवक ने बताया कि आधी रात में संदीप नींद से जागा और लघुशंका करने के लिए उठ कर खड़ा हुआ,

उसी बीच उसका पैर फिसला और वह नीचे गिर पड़ा।

उसके गिरने की आवाज़ सुन कर परिजनो की नींद टूट गई आनन-फानन में गम्भीर तरीके से घायल संदीप को इलाज के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां रविवार को उसकी मौत हो गई। सोमवार को मेडिकल कॉलेज पहुंची कोतवाली शहर पुलिस ने उसका शव अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों को किया गया जागरूक

* निरीक्षण में पाई गई कमियों को संबधित सचिव को 02 दिवस में दूर कराने हेतु निर्देशित किया

जन एक्सप्रेस । हरदोई

ग्राम पंचायत-भदैचा के आदर्श कृष्ण इण्टर कालेज के बूथ संख्या-134, 135 तथा प्रा0पा0 भदैचा के बूथ संख्या-136, 137, ग्राम पंचायत सिकन्दरपुर के बूथ संख्या-98, तथा ग्राम पंचायत देवरिया के बूथ संख्या 140 का निरीक्षण किया गया तथा निरीक्षण में पाई गई कमियों को सम्बधित सचिव को 02 दिवस में दूर कराने हेतु निर्देशित किया गया, इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत-हरदोई देहात के मजरे कन्हईपुरवा, में ग्राम विकास अधिकारी शिवओम त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-पेंग में ग्राम विकास अधिकारी ब्रम्हादीन, ग्राम पंचायत-हुसियापुर में ग्राम विकास अधिकारी प्रेमपाल अरूण, ग्राम पंचायत-म्योनी में ग्राम विकस अधिकारी आकाश त्रिपाठी, ग्राम पंचायत-कौथेलिया व शहाबुददीनपुर में ग्राम विकास अधिकारी संजय तिवारी, ग्राम पंचायत-भदेचा व वहरैया में ग्राम विकास अधिकारी श्रीमती गरिमा कुशवाहा द्वारा ग्राम प्रधान, ग्रामवासी, शिक्षक/ शिक्षिकायें, पंचायत सहायक, ग्राम रोजगार सेवक, एवं विद्यालयों के छात्र/छात्राओं के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाताओ को जागरूक करने हेतु मतदाता पोस्टर, बाइक स्टीकर, पम्पलेट आदि

का प्रदर्शन एवं वितरण किया गया तथा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर उपस्थित जनसमुदाय/ मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया एवं मतदान करने हेतु शपथ दिलायी गई।

वाहन स्वामी अधिग्रहित वाहन ससमय उपलब्ध करायें : जिला निर्वाचन अधिकारी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिला माजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु जनपद की समस्त बस/मिनीबस/ट्रक/ डी0सी0एम0/मिनी, ट्रक/ जीप/ बुलेरो/इन्नोवा/स्कार्पियो/टवेरा/मैजिक / मैक्सिमो/ मार्शल आदि (टैक्सी/प्राइवेट) 10 मई 2024 से अधिग्रहीत करते हुए उनके अधिग्रहण आदेश वाहन स्वामियों को प्राप्त कराये जा रहे हैं। उन्होने अधिग्रहण आदेश प्राप्त करने वाले समस्त वाहन स्वामियों को सूचित किया है कि अधिग्रहीत किये गये भारी/हल्के वाहनों को अधिग्रहण आदेश में उल्लिखित दिनांक, स्थान व समय पर चालक सहित अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें। वाहन नियत तिथि, समय व स्थान पर उपलब्ध न कराये जाने की दशा में उक्त कार्य को निर्वाचन कार्य में व्यवधान मानते हुए सम्बन्धित वाहन स्वामी के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के सुसंगत प्राविधानों के अन्तर्गत एफ0आई0आर0 दर्ज करा दी जायेगी एवं जिन वाहन स्वामियों को अब तक अधिग्रहण आदेश प्राप्त न हुए हों, वे भी अपने अधिग्रहण आदेश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, हरदोई के कार्यालय से प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

आर एन इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित की गई अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता दिवस

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

बेलरायां प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 29 अप्रैल को आर एन इंटरनेशनल स्कूल तिकुनियाँ में अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीपक प्रज्वलित व दीप मंत्र के साथ हुआ उसके उपरांत विद्यालय के प्रबंधक शिवकुमार गर्ग ने विधि - विधान के साथ मां शारदे की पूजा की पुष्पार्चन किया तथा वाद्य यंत्र के साथ मां शारदे की वंदना की गई, उसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य ने उपस्थित अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया। प्रतिभागी बच्चों को कक्षा क्रम से मंच पर बुलाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए उत्साहित किया। नन्हे - मुन्हे बच्चों का कार्यक्रम देखकर पूरा प्रांगण तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज रहा था। तदोउपरांत संजीव कुमार कुशवाहा ने बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। बताते चले की क्षेत्र में आर एन स्कूल में समय - समय पर गुणवत्ता पूर्ण खेल - कूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम होते रहते हैं जिससे छात्रों में उत्साह रहता है। कार्यक्रम का समापन उपप्रधानाचार्य विक्रांत दीक्षित ने किया। इस अवसर शशांक दीक्षित, शैलेश शुक्ला, इष्मिता शाह, अर्चना शाक्य, उजाला शर्मा आदि समस्त अध्यापक/ अध्यापिकाएं उपस्थित रहें।

हरदोई में 12 व मिश्रिख में 9 प्रत्याशी नाम वापसी

जन एक्सप्रेस । हरदोई

जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि आज नाम वापसी के अंतिम दिन हरदोई लोकसभा से एक व मिश्रिख लोकसभा से एक नामांकन वापस लिया गया। हरदोई लोकसभा से प्रफुल्ल कुमार वर्मा ने तथा मिश्रिख लोकसभा से मनोज कुमार राजवंशी ने नामांकन वापस लिया। नाम वापसी के उपरांत हरदोई में कुल 12 व मिश्रिख लोकसभा में कुल 9 प्रत्याशी रह गए हैं। आज सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हो का आवंटन किया गया।

मुझे यहां से ले जाओ वरना ये लोग मार डालेंगे...मिली लाश

जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर

चेहरे और शरीर पर चोट के निशान

अरविंद ने बताया कि ससुराल के लोग दहेज को लेकर अक्सर उसकी बेटी के साथ मारपीट करते थे। अब उसकी पीटकर हन्या कर दी। उन्होंने बताया कि बेटी के चेहरे तथा शरीर पर चोट के कई निशान थे। वहीं ससुराल के लोग निकिता के फंदे से लटककर जान देने की बात कह रहे हैं। अरविंद ने पुलिस को तहरीर देकर हन्या का आरोप लगाया है। निकिता का दो साल का एक बेटा है।

दहेज के लिए करते थे प्रताड़ित

अरविंद ने बताया कि उनके तीन बच्चों में निकिता अकेली बेटी थी। हैसियत से ज्यादा दहेज देकर उन्होंने बेटी की शादी की थी। इसके बावजूद दहेज की मांग को लेकर ससुराल के लोग बेटी के साथ मारपीट करते थे। सीओ जलालाबाद अजय राय ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। प्रथम दृष्टया महिला द्वारा फंदे से लटककर जान देने की बात सामने आ रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस जांच कर रही है।

शाहजहांपुर के जलालाबाद कस्बे के गांधीनगर निवासी निकिता गुप्ता (23) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायकेवालों ने ससुरालवालों पर पीट-पीटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों के मुताबिक सोमवार सुबह निकिता ने भाई सजल को कॉल किया था। उसने कहा था कि उसे ससुराल से ले जाओ...ये लोग उसकी हत्या कर सकते हैं। जब वे लोग थोड़ी दूर स्थित ससुराल पहुंचे तो वहां उसका शव फंदे से लटका मिला। बरेली हाईवे के किनारे मोहल्ला गांधीनगर निवासी अरविंद गुप्ता ने अपनी बेटी निकिता की शादी थोड़ी दूरी पर स्थित मोहल्ला गोपालनगर निवासी सोल्जर गुप्ता के साथ मई 2021 में की थी। सोमवार सुबह करीब सात बजे नितिका गुप्ता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई।

सड़क हादसों में बुजुर्ग समेत चार की मौत, एक घायल

जन एक्सप्रेस । बहराइच

आठ दिन पहले हुई थी रुदल की शादी

परिजनों ने बताया कि रुदल की शादी बीती 19 अप्रैल को गोंडा के करनैलगंज निवासी नीलम से हुई थी। शादी के बाद परिवार में खुशियों का माहौल था। रुदल भी शादी को लेकर बहुत खुश था। लेकिन होनी को कुछ और मंजूर था और नीलम के हाथ की मेहंदी का रंग उजड़ने से पहले उसका सुहाग उजड़ गया।

जिले में शनिवार की रात विभिन्न थाना क्षेत्र में हुए हादसों में चार लोगों की मौत हो गई, वहीं एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजवाया। वहीं शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं हादसों में घायल तीन लोगों ने इलाज के दौरान अस्पताल में दम तोड़ दिया। मुर्तिहा कोतवाली अमृतपुर पुरैना निवासी रुदल (25) शनिवार की रात अपने चचेरे भाई पवन (30) के साथ कुछ सामान लेने के लिए रिश्तेदार के घर गया था। इस दौरान सेमरी मलमला गांव के पास बाइक अनियंत्रित होकर सामने से आ रही बैलगाड़ी से टकरा गई। हादसे में दोनो गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंचे कोतवाल अमितेंद्र सिंह ने दोनों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने दोनों को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने रुदल को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल पवन का इलाज जारी है। राहगीरों के मुताबिक युवकों ने हेलमेट नहीं लगा रखा था। बैलगाड़ी से टकरा गए। जिससे सड़क पर गिरकर दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के परिजनों ने बताया कि रुदल खेतीबाड़ी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। तीन भाई एक बहन में वह सबसे बड़ा था।

नाथ कॉरिडोर को झटका

जन एक्सप्रेस । बरेली। विकास प्राधिकरण (बीडीए) की नाथ कॉरिडोर परियोजना को तगड़ा झटका लगा है। श्रीतपेश्वरनाथ मंदिर तक जाने के लिए रेलवे की सड़क को चुन लिया गया। एक महीने पहले काम शुरू हुआ तो रेलवे अधिकारियों ने उसको रुकवा दिया था। पीडब्ल्यूडी ने मुरादाबाद डीआरएम को पत्र भेजकर काम कराने के लिए एनओसी (अनापत्ति प्रमाणपत्र) मांगी थी। डीआरएम ने एनओसी देने से साफ इन्कार कर दिया है। अब इसके लिए दिल्ली मुख्यालय की दौड़ लगानी होगी। इसमें श्रीधोपेश्वरनाथ मंदिर व श्रीतपेश्वरनाथ मंदिर को जोड़ने वाली सड़क के चयन में अधिकारी धोखा खा गए।

ठगी का शिकार इलाज के नाम पर हो गई महिला

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

सन्तान की चाहत में नगर की एक महिला ठगी का शिकार हो गई।कथित वैध ने महिला से अश्लील हरकतें की और एक रात रुकने का झांसा दिया।पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।नगर के मोहल्ला तीर्थ निवासी एक महिला सन्तान सुख से वंचित है।वह हर हाल में सन्तान सुख चाह रही है।काफी प्रयास के बाद भी सफलता नहीं मिली। महिला परेशान है। महिला का कहना है कि वह 25 जनवरी को अहमदनगर के पास साई धाम मंदिर गई थी।वहां बताया गया कि ग्राम मूड़ा सरकटा निवासी नसीमुद्दीन इसका गारन्टी से इलाज करता है। वह नसीमुद्दीन से मिली। महिला का कहना है कि नसीमुद्दीन ने उसे पूरा भरोसा दिया। इस बीच तीन किस्तों में 30 हजार रुपये नसीमुद्दीन को दे दिए, पर फायदा नहीं हुआ। महिला का आरोप है कि नसीमुद्दीन उससे अश्लील हरकतें भी करता था। वह उसे दुआ करना समझती रही। जब फायदा नहीं हुआ तो रुपया वापस करने को कहा।

महिला का यह भी आरोप है कि तब नसीमुद्दीन ने उससे एक रात गुजारने की शर्त रखी और कहा कि बच्चे की पूरी गारन्टी तभी होगी। महिला ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत देकरकर रिपोर्ट दर्ज किए जाने और 30 हजार रुपए वापस कराने की गुहार लगायी है। गोला पुलिस महिला को घटनास्थल हैदराबाद बात कर मामले टाल रही है जबकि महिलाओंके लिए रिपोर्टिंगचौकी गोला में खोली गई हैजिसमें कई थानों को जोड़ा गया है लेकिन महिला चौकी महिला चौकी इंचार्ज अपूर्व शर्मा नेा मामला थाना हैदराबाद बात कर मामले को टाल दिया है जिससे पीड़ितमहिला काफी परेशान होकर दर-दर भटक को मजबूर है इधर महिला चौकी इंचार्जअपूर्व शर्मा से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि घटनास्थल थाना हैदराबाद का है इसलिए वहीं पर अपनी रिपोर्ट दर्ज करवा ले।

फंदे पर लटका मिला शव शिनाख्त में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

थाना खीरी की पुलिस चौकी ओयल क्षेत्र में लखीमपुर-सीतापुर फोरलेन के किनारे स्थित जंगल में एक युवक का शव पेड़ से लटका बरामद हुआ है।पास में ही उसकी साइकिल खड़ी मिली है। उधर शारदानगर थाना क्षेत्र के गांव सोहरिया के निकट संदिग्ध हालातों में युवक का शव बरामद हुआ है। दोनों शवों की अभी पहचान नहीं हो सकी है।

लखीमपुर सीतापुर मार्ग पर ओयल में स्थित राजा ओयल के रिसॉर्ट के निकट जंगल में सोमवार को 35 वर्षीय एक युवक का शव लटका देखा गया। इससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। तमाम लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। शव के पास ही उसकी साइकिल खड़ी थी। सूचना पाकर मौके पर चौकी ओयल पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण कर शव नीचे उतारा और शव की पहचान कराने की कोशिश की, लेकिन पहचान नहीं हो सकी है। चौकी इंचार्ज लल्ला सिंह ने बताया कि शव तीन से चार दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। मृतक के हाथ पर अजीत गुदा हुआ है। घटना स्थल पर एक साइकिल भी मिली है। पुलिस ने शव मोरचरी में रखवा दिया है और पहचान कराने की कोशिश कर रही है।

भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

भारत विकास परिषद गोला शाखा का दायित्व ग्रहण एवं सम्मान समारोह संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में नैमिष प्रांत के अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा एवं कार्यक्रम अध्यक्ष नैमिष प्रांत के प्रांतीय महासचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ. द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू एवं शाखा के संरक्षक डॉ. सौरभ दीक्षित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ। इसके पश्चात वंदे मातरम का गायन एवं साक्षी, आख्या एवं आराध्या द्वारा सरस्वती वंदना की गई। मुख्य अतिथि, कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान स्मृति चिन्ह एवं बुके देकर किया गया। समाजसेवी अशोक सक्सेना एवं गुरु हरिकिशन डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. निर्मल सिंह को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके पश्चात सत्र 2023- 24 के पदाधिकारी एवं सदस्यों का सम्मान स्मृति चिन्ह देकर किया गया। नैमिष प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश चंद्र वर्मा ने डॉ.आदर्श दीक्षित को अध्यक्ष एवं विकास मिश्रा को कोषाध्यक्ष के दायित्व की शपथ दिलवाई। प्रांतीय सचिव डॉ. प्रदीप कुमार गुप्ता ने गोला शाखा के सचिव के दायित्व की शपथ सुनील कुमार गुप्ता को दिलवाई। गोला शाखा के अध्यक्ष डॉ.आदर्श दीक्षित ने 2023 - 24 के सत्र के दौरान हुए कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन शाखा के पूर्व अध्यक्ष गुरुदेव शर्मा ने किया। दायित्व ग्रहण कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष रामसागर वर्मा, अनिरुद्ध गुप्ता, मनोज मिश्रा, अमित शुक्ला पिंटू, अतुल त्रिवेदी, संजय त्रिवेदी, परविजय सिंह, रामेंद्र शुक्ला, पंकज जायसवाल, काशीराम शर्मा, राहुल शुक्ला, पीयूष पंकज बाजपेई, सौरभ गुप्ता, आदि सम्मानित जन उपस्थित रहे।

देवरिया लोकसभा सीट पर माटी का लाल अपनी सादगी से लोगों में कर रहा कमाल

* देवरिया संसदीय क्षेत्र 66 चुनाव के झरोखों से...

जन एक्सप्रेस । गिरीश चंद्र पाण्डेय

कुशीनगर। देवरिया लोकसभा 66 सीट से भाजपा उम्मीदवार माटी का लाल आम जनमानस में अपनी सादगी से लोगों के बीच जन सम्पर्क कर मतदाताओं की भावनाओं से सीधे जूड़ कर रहा है कमाल। काफी अरसे बाद इस सीट से भाजपा ने धरती से जुड़े युवा चेहरे को उम्मीदवार बनाकर युवाओं सहित आम लोगों में देवरिया के विकास की आस को जगा दिया है।इस उम्मीद को शंशाक मणि त्रिपाठी ने आम जनमानस में पहुंच कर विकसित देवरिया के लिए लोगों को जगा दिया है। देवरिया लोकसभा सीट से एक जमीनी नेता के रूप में भाजपा प्रत्याशी ने पूरे क्षेत्र में मतदाताओं के बीच अपनी अमिट छाप बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहा हैं। डोर टू डोर जन सम्पर्क कर लोगों से जमीन पर बैठकर कर मिलना उनकी समस्याओं को सूचना इनके स्टाईल में शुमार है जो आम लोगों को खुब आकर्षित रहा है।

देवरिया लोकसभा सीट पर इस भीषण गर्मी व गर्म मौसम में भी भाजपा व इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी जन सम्पर्क अभियान में जन जन तक पहुंच अपने अपने पक्ष में समर्थन मांगने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इसमें गंठबंधन के उम्मीदवार अखिलेश प्रताप सिंह के जनसंपर्क अभियान पर भाजपा के युवा प्रत्याशी शंशाक मणि त्रिपाठी की राजनीतिक जमीनी पकड़ व जमीन पर बैठ कर आम लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं से मिलने का नायाब तरीका आम जनमानस में सर चढ़ कर बोल रहा है। देवरिया लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी को देवरिया की जनता खुलकर बोल रही है कि

मुद्दत बाद इस सीट से यहां के लोगों को धरती का नेता जिसे भाजपा ने अपना उम्मीदवार बनाकर चुनाव मैदान में उतार कर देवरिया की जनता को माटी का लाल दिया है।

भाजपा उम्मीदवार के परिवार का बेहतर इतिहास रहा है। इनके बाबा, पिता, चाचा व अन्य पारिवारिक लोग सर्वोच्च उच्च पद पर रहकर देश व प्रदेश की सेवा किये है और कर भी रहे हैं। राजनीति भी इन्हे विरासत में मिली है। समाज सेवा में बढ़-चढ़ कर आम जनमानस की सेवा करने में त्रिपाठी का परिवार कभी पीछे नहीं रहा। इनके परिवार में शिक्षा संस्कार सभ्यता पुरानी परम्परा आज भी कायम है। शशांक मणि त्रिपाठी आम जनमानस का सम्मान करते हैं।इसी के बदौलत अपनी सादगी की अमित छाप छोड़ यह नेता धोती पहन धरती पर बैठकर आम जनमानस व कार्यकर्ताओं के साथ चुनावी रणनीति को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव का खुद संचालन करने में आगे है।यह विचार आज के राजनिति में कहीं देखने को नहीं मिल रहा है।

देवरिया संसदीय क्षेत्र 66 से भाजपा उम्मीदवार शंशाक मणि त्रिपाठी अपने सादगी से देवरिया की आम जनता के दिलों में जगह बनाने में कामयाब हो रहे है। भाजपा प्रत्याशी के राजनीतिक पृष्ठभूमि को देखा जाए तो इनके चाचा स्व.श्रीनिवास मणि त्रिपाठी कई बार विधायक रहे हैं तो पिता लेफ्टिनेंट जनरल श्रीप्रकाश मणि त्रिपाठी सेना में देश सेवा के बाद राजनीति में आये और देवरिया लोकसभा से 2 बार भाजपा से सांसद चूने गये है। जबकि त्रिपाठी के बाबा स्व.सूरत नारायण मणि त्रिपाठी गोरखपुर के जिला मजिस्ट्रेट के रूप में गोरखपुर को एक पहचान दिलाई है। त्रिपाठी के चाचा श्रीविलास मणि त्रिपाठी भारतीय पुलिस सेवा में डीजीपी के पद पर आसीन हो कर प्रदेश व समाज की सेवा किया है। शशांक मणि त्रिपाठी खुद एमबीए है वह अपने एनजीओ के माध्यम से सैंकड़ों युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कृतिमान स्थापित किया है। देवरिया लोकसभा सीट पर भाजपा ने जब इनके उम्मीदवार होंने के नाम की घोषणा की तो देवरिया लोकसभा में विकास की एक उम्मीद लोगों में जगी हुई है। वह तो आने वाला समय बताएगा।

दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना अंतर्गत सत्यापन हेतु समय हुआ निर्धारित

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिला समाज कल्याण अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि अनु0 जाति/ अनु0 जन जाति वर्ग के दशमोत्तर छात्रवृति योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023 -24 में राज्य सरकार द्वारा संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति वितरण तक समस्त कार्यवाही हेतु समय सारणी निर्गत की गई है। जो छात्रवृत्ति स्कालरशिप के पोर्टल पर उपलब्ध है। उन्होंने शासनादेश के क्रम में प्रक्रियात्मक कार्यवाही के संदर्भ में बताया की, विश्वविद्यालय/ एफिलिएटिंग एजेंसी / जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि सत्यापन की समय अवधि 30 अप्रैल से 03 मई 2024 तक, जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा फीस आदि का सत्यापन की तिथि 04 मई से 07 मई 2024 तक निर्धारित की गई है। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने समस्त दशमोत्तर संस्था ,विद्यालयों ,समस्त संबंधित छात्र व छात्राओं को अवगत कराया है कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रदर्शित समय सारणी के अनुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत किया गया नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस । देवरिया

सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत आज देवरिया डिपो बस स्टेशन पर चालक/परिचालक, तकनीकी कार्मिक, लिपिकीय कार्मिक आदि का नेत्र एवं स्वास्थ्य परीक्षण सीएमओ डा राजेश झा द्वारा दिए गए निर्देश के अनुपालन में डॉ राकेश कुमार नेत्र सर्जन, डॉक्टर अंकित सर्जन और डॉक्टर अदिति नेत्र सर्जन के द्वारा किया गया।इस मौके पर देवरिया डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक मोहम्मद इरफान, यात्री कर अधिकारी अनिल कुमार तिवारी, सीनियर फोरमैन रमेश सिंह, वरिष्ठ केंद्र प्रभारी राकेश पति त्रिपाठी, संचालन प्रभारी दीनानाथ मिश्रा,अनुबंधित बस संचालन लिपिक विवेक द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

छह अदद गोवंश बरामद करते हुए दो तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना श्रीरामपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 29.04.2024 को मुखबिर की सूचना पर चकिया कोठी के पास से एक मैजिक वाहन सं0 यूपी52 टी 5275 से 06 अदद गोवंश बरामद करते हुए 02 अभियुक्तों क्रमश. मुलाजिम मियां पुत्र सैय्यद मियां निवासी ग्राम रेडवरिया तिवारी थाना भोरे जनपद गोपालगंज बिहार व जमादार यादव पुत्र गिरिजा यादव निवासी भगतौली टोला पिपरा बाबू पट्टी थाना खामपार जनपद देवरिया को गिरफ्तार करते हुए थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

दुबई में रोजगार के लिए गये युवक फँसे, वतन लौटने की लगा रहे गुहार

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

विदेश में रोजगार के लिए जा रहे युवक नौकरी की जांच पड़ताल किये बिना केवल एजेंटों पर विश्वास करने वाले युवक विदेश में जाकर मुश्किल में पड़ रहे हैं। खासकर खाड़ी देशों में भारतीयों को बंधक बनाने व वेतन नही देने के मामले अधिकतर सामने आत रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार जिले के हाटा विकास खण्ड के दो युवक रामू व वैजनाथ व गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज के दो युवक विशाल व जयगोविंद है। जो विदेश में रोजगार के लिए जिस काम के वीजा पर गये वह काम नहीं मिला वह वहां जाकर फंस गए हैं।

पीड़ितों का कहना है कि कम्पनी व ऑफिस मुंबई के एजेंट द्वारा जिस काम में यहां बुलाया व भेजा गया वह काम न कराकर दूसरा काम करवाया जा रहा है। वेतन ऑफर लेटर के अनुसार नहीं पूर्ति की जा रही है। जब पीड़ितों ने इस मामले को कम्पनी व ऑफिस मुंबई एजेंट से पूछताछ की तो कम्पनी द्वारा काम करने व रूम से बाहर निकाल दिया गया है। पीड़ितों को रूम से बाहर निकलने के बाद किसी तरह सोशल साइट्स के माध्यम से अरविंद यादव व बृजेश कुमार डब्लू से सम्पर्क कर शीघ्र वापस भारत बुलाने की गुहार लगाई है।

दुबई में फंसे पीड़ितों के बारे में जानकारी होने पर संस्था उपाध्यक्ष प्रदीप पांडेय ने उनसे मुलाकात किया। पीड़ितों ने बताया कि एजेंट द्वारा दुबई भेजने के नाम पर 90 हजार रुपये प्रति व्यक्ति लिया गया है। और एजेंट द्वारा यह भी बताया गया था जो कॉन्ट्रैक्ट पेपर में काम लिखा है वही काम वहां करना है पर दुबई पहुँचने पर वह काम तो दूर ऐसे ऐसे काम करवाते थे जिससे पीड़ित अनजान हैं। रूम से बाहर निकलने के बाद पीड़ितों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदीप ने बताया कि इन भाइयों की रहने की व्यवस्था यहां नहीं है खाने को मोहताज है । संस्था उपाध्यक्ष द्वारा कुछ दुबई मुद्रा दिया गया है पीड़ितो ने अपनी आपबीती सुनाते हुए जल्द वतन वापसी की गुहार लगाई। प्रवासी मदद फाउंडेशन के राष्ट्रीय सलाहकार राजन विश्वकर्मा व उपसलाहकार पुजा श्रीवास्तव तथा संगठन मंत्री अजीमुल हक का कहना है कि पीड़ितों की मदद की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों व दुबई लेबर कोर्ट ने संस्था को आश्वासन दिया है कि वे शिघ्र ही पीड़ितों की वापसी करायेगा।

जिले में 1जून को रहेगा अवकाश

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले के उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र कुशीनगर अभय कुमार सुमन ने कुशीनगर जनपद के समस्त उद्यमियों को जिला मजिस्ट्रेट जिला निर्वाचन अधिकारी के आदेश के क्रम में जानकारी देते हुए बताया है कि किसी भी औद्योगिक, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों, श्रमिकों को मताधिकार प्रयोग किए जाने के उद्देश्य से आगामी दिनांक 01 जून दिन शनिवार को प्रस्तावित लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दिन सार्वजनिक अवकाश एवं अगले दिन रविवार को साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लिए जाने का आदेश जारी किया गया है।

अतएव जनपद कुशीनगर के समस्त उद्यमियों से अनुरोध है कि कृपया जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी, कुशीनगर के उक्त आदेश का अनुपालन किया जाना सुनिश्चित किया जाय। उक्त आदेश के उल्लंघन पाए जाने पर विधिक कार्यवाही की जायेगी।

सार्क गौरव से सम्मानित होंगे डाक्टर सतीश चंद शुक्ला

* 36 वर्षों तक शानदार पत्रकारिता के लिए मिला रहा है सम्मान
* धरा धाम एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड नेपाल में आयोजित कर रहा है सार्क समिट

जन एक्सप्रेस । गोला गोरखपुर

धरा धाम के संस्थापक अध्यक्ष सौहार्द शिरोमणि संत डॉक्टर सौरभ पाण्डेय के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सहयोग से सार्क समिट एवं गौरव पुरुस्कार भगवान बुद्ध की भूमि नेपाल के लुंबनी में आगामी 5 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वरिष्ट पत्रकार एवं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष एवं समाज सेवी को सार्क स्वयंसेवक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य एशिया के देशों के कुल सैंकड़ों प्रतिभावान असाधारण महानुभावों, विद्वतजन जो सर्व धर्म सौहार्द, विश्व, शांति, एकता ,अखंडता ,संप्रभुता सद्भावना ,भाईचारे ,नैतिकता ईमानदारी मानवता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दे रहे हैं उन्हें सार्क गौरव पुरस्कार से नवाजा जाएगा। उक्त जानकारी धरा धाम इंटरनेशनल के सी ई ओ थाईलैंड डाक्टर प्रेम प्रकाश एवं एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के स्थानीय निदेशक डाक्टर नारायण यादव ने दिया।

चोरी की मोटरसाइकिल व एक अदद पिस्टल तथा कारतूस के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । देवरिया

पुलिस अधीक्षक देवरिया के निर्देशन में थाना तरकुलवा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर वाहन चेकिंग के दौरान बंजरिया मोड़ के पास से एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से पूँछताछ करने पर अपना नाम पता रणजीत यादव पुत्र बसंत यादव निवासी कैथवलिया थाना तरकुलवा जनपद देवरिया बताया गया। अभियुक्त के पास से एक अदद पिस्टल 32 बोर व एक अदद 32 बोर जिंदा कारतूस बरामद हुआ। बरामद बुलेट मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि बुलेट मोटरसाइकिल को मेरे द्वारा बहुत पहले बिहार के विजयीपुर से चोरी किया गया है तथा इसका नम्बर प्लेट भी बदल दिया गया है।

पुलिस टीम द्वारा बरामद बुलेट मोटरसाइकिल, बरामद पिस्टल व कारतूस को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए विवेचनात्मक कार्यवाही की जा रही है।

विपिन बने गोला ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । गोला-गोरखपुर

उत्तर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश में पार्टी को मजबूती देने को लेकर गोरखपुर जिले में संगठन के ब्लाक अध्यक्षों के नियुक्ति क्रम में खदरा गांव निवासी विपिन मिश्रा को गोला ब्लाक अध्यक्ष पद पर नियुक्त होने से कांग्रेसियों ने दी बधाई।

ब्लाक अध्यक्ष नियुक्त होने पर श्री मिश्र ने कहा कि आगामी चुनाव में युवाओं की बढ़ चढ़कर भागीदारी को संजोने के मंशा से पार्टी पदाधिकारीयों ने ब्लाक कमेटी का नेतृत्व हमें सौपा है।पार्टी हाईकमान के हर निर्देश का पालन हमारे लिए सर्वो परि होगा।

विपिन मिश्रा के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त होने पर जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान पी डी ए प्रत्याशी व पूर्व मंत्री सदल प्रसाद, पूर्व ब्लाक प्रमुख डाक्टर विजया नंद तिवारी, सुनील तिवारी, शाहील, विक्रम तिवारी, चंद्रमोहन पाण्डेय, जय प्रकाश तिवारी, विक्रांत शाहनी, पीरू मुहम्मद, सरवन यादव, गणेश मिश्र सहित तमाम पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है।

लुंबिनी में सार्क गौरव से सम्मानित होंगे डा,सतीश चंद

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर। धरा धाम के संस्थापक अध्यक्ष सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय के कुशल नेतृत्व मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड के सहयोग से सार्क समिट एवं गौरव पुरुस्कार भगवान बुद्ध की भूमि नेपाल के लुंबनी में आगामी 05 मई को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में वरिष्ट पत्रकार एवम भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष एवम समाज सेवी को सार्क स्वयंसेवक सम्मान 2024 से सम्मानित किया जाएगा। ज्ञात हो की इस कार्यक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य एशिया के देशों के कुल सैंकड़ों प्रतिभावान असाधारण महानुभावों, विद्वतजनों जो सर्व धर्म सौहार्द, विश्व, शांति, एकता अखंडता संप्रभुता सद्भावना भाईचारे नैतिकता ईमानदारी मानवता के क्षेत्र में अप्रतिम योगदान दे रहे हैं उन्हें सार्क गौरव पुरस्कार से नवाजा जाएगा।

पत्रकार समाज का आईना होता है: संदीप त्रिपाठी

* पीपीएफ पत्रकारों का उत्पीडन बर्दाश्त नही करेगी: तहसील अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

एक मैरिज हाल मे सोमवार को पूर्वांचल पत्रकार एसोशिएशन तहसील ईकाई हाटा की बैठक हुई। बैठक में पत्रकारों के उत्पीड़न समेत अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्वाचल पत्रकार एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है। अपनी लेखनी के माध्यम से समाज में व्याप्त भ्रष्टचार को उजागर कर समाज को नई दिशा प्रदान करता है। मगर पत्रकार आज भी सरकारी मूलभूत सुविधाओ से उपेक्षित है। ऐसे में संगठन पत्रकारों के हित में संगठन समूह बीमा कराने का निर्णय लिया है। जिससे पत्रकारों के गंभीर बीमार होने तथा दुर्घटना होने पर उन्हे इसका लाभ मिल सके। पीपीए के हाटा तहसील अध्यक्ष रामहजूर यादव न कहा कि पत्रकार समाज को नई दिशा व दशा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाने का काम करता है। ऐसे में पत्रकारों को निष्पक्ष होकर खबरे लिखनी चाहिए। ताकि आम जन में पत्रकारिता की साख बनी रहें। अगर पत्रकारों का उत्पीड़न हुआ तो संगठन पत्रकार हित में लड़ाई लड़ने के लिए तैयार है। कार्यक्रम के अंत में पूर्वाचल पत्रकार एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष संदीप त्रिपाठी ने हाटा तहसील ईकाई के सभी पत्रकारों को परिचय पत्र वितरित किया। बैठक का संचालन अनिल कुमार दूबें ने की।

इस दौरान तहसील उपाध्यक्ष कसया मनीष यादव, दिनेश जायसवाल, अवधेश कुमार श्रीवास्तव, गंगा सागर शुक्ल, डीके पाण्डेय, राजेन्द्र गुप्ता, रमेश जायसवाल, श्रीनिवास तिवारी, टुन टुन मिश्रा, डॉ. मनीष चन्द्र उपाध्याय, संतोष श्रीवास्तव, विनय सिंह, रामअशीष यादव, चन्द्र प्रकाश त्रिपाठी, सरताज आलम, राकेश आदि पत्रकार उपस्थित रहे।

छात्रा को लेकर फरार शिक्षक औरंगाबाद से गिरफ्तार- केस दर्ज

जन एक्सप्रेस । महाराजगंज

महराजगंज स्थित नौतनवा थाना क्षेत्र के एक गांव स्थित निजी विद्यालय के शिक्षक को नौतनवा पुलिस ने तीन माह बाद औरंगाबाद से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि शिक्षक छात्रा को बहला-फुसला कर अपने साथ लेकर औरंगाबाद जाकर छिप गया था।

परिजनों की सूचना पर पुलिस पिछले तीन माह से आरोपी की तलाश में थी। औरंगाबाद से गिरफ्तारी के बाद पीड़ित छात्रा की तहरीर पर नौतनवा थाने में पहले से दर्ज केस में अन्य गंभीर धाराएं बढ़ाने के साथ पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, नौतनवा थाना क्षेत्र के एक गांव में स्थित निजी विद्यालय में जनपद औरंगाबाद बिहार राज्य निवासी एक शिक्षक पढ़ता था। शिक्षक का विद्यालय में पढ़ने वाली कक्षा छह की 15 वर्षीया छात्रा से प्यार हो गया। वह छात्रा को बहला फुसलाकर 8 फरवरी 2024 को लेकर भाग गया।

छात्रा के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग बनाकर छात्रों ने किया मतदाताओं को जागरूक

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी/स्वीप नोडल प्रत्यूष पांडेय के नेतृत्व में चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत आज कंपोजिट विद्यालय भरौली में छात्रों ने मेहंदी, स्लोगन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता के माध्यम से लोगों को मतदान हेतु जागरूक किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक कृष्ण मुरारी पांडेय ने बताया कि छात्र मतदान संबंधी स्लोगन एवं पेंटिंग अपने घरों पर लगाएंगे जिससे ग्रामवासी एक जून को मतदान हेतु जागरूक होंगे। मेहंदी प्रतियोगिता में ऋतु सैनी, रिंजु, अमृता रंगोली प्रतियोगिता में साधना, अल्पना, लक्की स्लोगन प्रतियोगिता में शुभम, सत्यम, नंदनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। स्वीप मीडिया प्रभारी शिखर शिवम त्रिपाठी ने उपस्थित जनसमुदाय को मतदान की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में बीएलओ प्रकाश सिंह, गीता सिंह, प्रमोद कुमार, मालती कुमारी, रीना सिंह, राकेश पांडेय, विद्यालय की रसोईया सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। पथरदेवा में अभिषेक पांडेय ने डोर टू डोर संपर्क कर मतदाताओं को मतदान हेतु जागरुक करने के लिए मतदाता जागरूकता संबंधित स्लोगन वितरित किए एवं एक जून को मतदान की शपथ दिलाई।

शराब की दुकान खुलने से मोहल्लेवासियो में आक्रोश डीएम को सौंपा प्रतिवेदन

जन एक्सप्रेस/बरहज। भलुअनी उपनगर में गांधी चौक के निकट मोहल्ले में शराब की दुकान खोले जाने से मोहल्ले के लोगों में आक्रोश है। वार्ड के सभासद आदेश कुशवाहा के नेतृत्व में 20 परिवारों के लोग जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह से मिले और उन्हें एक प्रतिवेदन सौंपा, जिसमे दुकान की घनी आबादी से हटाकर अन्यत्र खोलने की मांग की गई है।नागरिकों का कहना है कि जहाँ दुकान खोली गई है वहां घनी आबादी है। दो दर्जन से परिवार रहते है। सुबह से लेकर देर शाम तक शराबियो की भीड़ लगी रह रही। शराबी वहीं बैठकर शराब भी पी रहे है। इससे मोहल्ले के न केवल माहौल बिगड़ रहा है बल्कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा भी खतरे में पड़ गई है।

डीएम ने किया विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

जन एक्सप्रेस । देवरिया

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीएम ने सभी मतदान केंद्रों पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित न्यूनतम सुनिश्चित सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबन्ध में आवश्यक निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय फतेहपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय कुसुम्हा, उच्च प्राथमिक विद्यालय देवकली जयराम, प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर, श्री अनंत आदर्श इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय पौहरिया, प्राथमिक विद्यालय केवटलिया, प्राथमिक विद्यालय मदनपुर एवं जनता इंटर कॉलेज मदनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने समस्त मतदान केंद्रों पर शौचालय, स्वच्छ पेयजल, छायादार स्थल, चार्जिंग पॉइंट, पंखा, प्रकाश व्यवस्था रैंप, फर्नीचर इत्यादि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि आगामी 1 जून को जनपद में मतदान होगा।

जून माह की संभावित गर्मी के दृष्टिगत सभी मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। मतदान केंद्रों पर आम का पन्ना, नींबू पानी एवं आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता रहेगी। इसके अतिरिक्त छायादार स्थल एवं बैठने के लिए समुचित कुर्सियों के प्रबंध भी किया जा रहे हैं। डीएम ने ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधियों को भोजपुरी भाषा में लिखित पाती भी सौंपी और प्रवासी मतदाताओं को वोट डालने के लिए बुलाने का अनुरोध किया। इस दौरान एसडीएम रुद्रपुर रत्नेश तिवारी, सीओ रुद्रपुर अंशुमान श्रीवास्तव सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद थे।

पूर्व सैनिकों ने भाजपा को प्रचंड मतों से जिताने का लिया संकल्प

हजारों पूर्व सैनिकों ने दिया पूर्ण समर्थन

भारतीय जनता पार्टी की रीति नीतियों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सैनिकों के प्रति कार्यशैली से प्रभावित पूर्व सैनिकों ने रविवार को फतेहपुर सीकरी लोकसभा में पूर्ण समर्थन की घोषणा कर दी। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति और जनसंख्या समाधान फाउंडेशन द्वारा पीएस गार्डन रोहता में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व वायुसेना प्रमुख आरकेएस भदौरिया की मौजूदगी में दोनों संगठनों के प्रतिनिधियों ने राजकुमार चाहर के लिए गांव गांव जाकर जिताने की घोषणा कर दी। पूर्व सैनिकों ने एकस्वर में कहा कि हमारे लिए राष्ट्रवाद सर्वोपरि है। देश की सरहद पर तैनात रहकर हम सभी ने मां भारती को सुरक्षित रखने का कार्य किया है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा पूर्व सैनिकों की भावनाओं को समझा है। पूर्व सैनिकों के हित में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। देश में तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का संकल्प लेकर पूर्व सैनिक गांव गांव जाएंगे। भाजपा प्रन्याशी राजकुमार चाहर को प्रचंड मतों से जिताने का आह्वान करेंगे।

जन एक्सप्रेस । आगरा

आगरा। भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार चाहर, रविवार को जनसंपर्क की श्रृंखला में अपनी पुरानी कर्मस्थली मिनी छपरौली के नाम से विख्यात फतेहपुर सीकरी विधानसभा के हृदयकेंद्र किरावली और अछनेरा कस्बा पहुंचे। गांव अभुआपुरा से शुरू हुए जनसंपर्क के दौरान सांसद ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ डोर टू डोर जनसंपर्क किया। युवाओं, किसानों, महिलाओं से जनसंवाद कर फिर एक बार मोदी सरकार बनाने के लिए समर्थन मांगा। गांव में विभिन्न स्थानों पर सांसद का स्वागत हुआ। इसके बाद सांसद का कारवां किरावली कस्बे में पहुंचते ही व्यापारियों ने सांसद को गले लगा लिया। हाट तिराहा से प्रारंभ होकर सांसद का स्वागत कार्यक्रम कागारौल तिराहे तक अनवरत रूप से जारी रहा। किरावली के बाद सांसद गांव अभैदोंपुरा पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाएं गिनाई। अभैदोंपुरा के बाद सांसद ने अछनेरा कस्बा का रूख कर लिया। व्यापारियों सहित अन्य वर्गों के लोगों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान सांसद ने कहा कि किरावली और अछनेरा कस्बा ने उन्हें बहुत कुछ दिया है। इस माटी पर कर्म करने के उपरांत ही देश की सबसे बड़ी बड़ी पंचायत में क्षेत्रवासियों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ।

मुख्य रूप से मौजूद

इस अवसर पर गिरिराज सिंह कुशवाहा, भगवान सिंह कुशवाहा, सोनू शर्मा, राजेश कुशवाहा, हेमेंद्र शर्मा, ब्रजेश चाहर, प्रशांत पूनिया, यशपाल चौधरी, विनोद अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हरपाल सिंह इंदौलिया, महेश कुमार जाटव, प्रमोद चाहर, अभिषेक प्रधान, चेतन चाहर, अन्नू दुबे, गुलशन गर्ग, उमाकांत डगुर, पवन इंदौलिया, हरेंद्र सिंह, नागेंद्र चाहर, दिप्विजय दौनेरिया, अभिलाष चाहर, भगत सिंह, गीतम प्रधान, सुखबीर प्रधान, जितेंद्र प्रधान, घंसू प्रधान आदि मौजूद रहे।

भाजपा के मूल कार्यकर्ताओं का भी मन है खराब, नेताजी के चहुंओर आयातित नेताओं की भरमार!

✻ नेताजी द्वारा खुलेआम की जा रही सहयोगी संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों की अनदेखी!

✻ निष्ठावान कार्यकर्ता का भी मूड हुआ खराब, प्रमुख पदाधिकारियों का अपमान नहीं होगा बर्दाश्त!

जन एक्सप्रेस । आगरा

पहली बार अपने दल और संगठन के कार्यकर्ताओं का नेताजी द्वारा खुलेआम अपमान किया जा रहा है। अन्य दलों से आने वाले नेताओं को मंच और बड़ी- बड़ी गाड़ियां ऑफर की जा रही हैं लेकिन अपनी ही पार्टी और सहयोगी संगठन के मूल कार्यकर्ताओं की ना सिर्फ अनदेखी की जा रही बल्कि उनका अपमान भी किया जा रहा है। जान बूझकर नेताजी द्वारा उनको इम्पोर किया जा रहा है। नतीजतन निष्ठावान कार्यकर्ताओं का भी हृदय रो रहा है। कार्यकर्ता भले ही दिखाने के लिए नेताजी का प्रचार कर रहा हो लेकिन वो अंदरूनी तौर पर अपना मन कहीं और तय कर चुका है। यही कारण है कि कार्यकर्ताओं में चुनाव को लेकर जोश और उत्साह नहीं है। जिस प्रकार कभी सहयोगी संगठन के कार्यकर्ता चुनाव के समय पर पूरी ताकत झौंककर एक- एक वोट के लिए लगते थे। वो उमंग अब कार्यकर्ताओं में दिखाई नहीं दे रही है। सूत्रों की मानें तो कार्यकर्ता अंदरूनी तौर पर किसी और प्रत्याशी के लिए तैयारी कर रहे हैं। क्योंकि कार्यकर्ता खुलेआम नेताजी से तो पंगा नहीं ले सकते लेकिन अंदरूनी तौर पर उन्हें सबक जरूर सिखा सकते हैं। क्योंकि नेताजी का घमंड इस समय सातवे आसमान पर है। उनके बारे में जनता में चर्चाएं चल रही हैं कि नेताजी हवा में चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन नेताजी ये भूल रहे हैं कि जनता ने देश के शीर्ष नेताओं तक को अपने अधिकार के दम पर लाइन में खड़ा कर दिया है।

हालांकि नेताजी लोकतांत्रिक मूल्यों का भरकस उल्लंघन कर रहे हैं वो तानाशाही रवैया अपनाते हुए भारत में दक्षिण कोरिया जैसी स्थिति पैदा करना चाहते हैं। लेकिन जनता नेताजी का मूड भांप चुकी है और अपने अधिकारों का सही मायने में प्रयोग करते हुए उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है।

2024 का चुनाव आपके भविष्य का चुनाव: राघवेंद्र द्विवेदी

जन एक्सप्रेस । घोसी-मऊ

भाजपा सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया सभी को समान रूप से लाभ दिया यह मोदी, योगी सरकार में ही संभव है। पहले की सरकारें इसमें भी भेद-भाव करती थीं। यह बात मधुबन, घोसी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने कहा। उन्होंने कहा कि 2024 का चुनाव आपके भविष्य का चुनाव है। एनडीए सदैव विकास की राजनीति करता है। यहां हमेशा गरीबों का ध्यान रखा जाता है। मोदी, योगी सरकार ने गरीबों को आवास दिए, इज्जत घर दिया, रसोई गैस दी। पहले भी सपा व कांग्रेस को मौका मिला, उसने यह काम क्यों नहीं किया। लगातार कई चुनाव हराकर जनता ने स्वयं जवाब दिया दे है।

उन्होंने कहा कि देश में मोदी व प्रदेश में योगी सरकार ने गरीबों का ध्यान दिया, उनकी बात की। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी हमेशा से गरीबों को ध्यान में रखकर चलने वाली पार्टी है। पहले की सरकारें क्या कर रही थीं, आप जानते हैं। सपा को गरीबों का श्राप लगा है। कांग्रेस का तो सफाया हो चुका, इस चुनाव के बाद सपा भी गायब हो जाएगी। 2017 के पहले कितनी बिजली मिलती थी आप सभी जानते हैं। आज 22 से 24 घंटे बिजली मिल रही है। किसानों को किसान सम्मान निधि दी जा रही है। भाजपा सरकार ने जनता की सेवा की है। आम लोगों की सुधि ली है। आपको बता दें कि घोसी लोकसभा से एनडीए के सांसद प्रत्याशी के तौर पर डॉक्टर अरविंद राजभर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के चुनाव चिन्ह छड़ी पर लड़ रहे हैं। घोसी में मतदान आखिरी चरण 1 जून को होगा।

बीटेक छात्र विपुल की हत्या के आरोपी पिता और पुत्री गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

क्रॉसिंग रिपब्लिक की पैरामाउंट सिफंनी सोसायटी में बीटेक छात्र विपुल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने दीप्ति व उसके पिता राजेश को गिरफ्तार कर लिया। दीप्ति के भाई रंजय की भूमिका की पुलिस जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, रंजय व दीप्ति ने ही उसको अपने घर पर फोन करके बुलाया था। विपुल के पिता बृजेश वर्मा ने बताया कि दीप्ति व उसका पिता साइको है। वह विपुल को पढ़ने भी नहीं दे रही थी। यह बात विपुल ने उनको बताई थी। शनिवार तड़के तीन बजे विपुल की सोसायटी की लॉबी में सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त राजेश ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना की सूचना पुलिस को राजेश ने ही फोन करके दी थी। पुलिस ने मौके से पिस्टल व अन्य साक्ष्य जुटाए। राजेश ने पुलिस को बताया कि विपुल उनकी बेटी दीप्ति को परेशान कर रहा था।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं ने घर पर ही मतदान की सुविधा का उठाया लाभ

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

लोकसभा चुनाव के लिए सोमवार को दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों को होम वोटिंग कराई गई। होम वोटिंग के जरिए मतदान करने के बाद मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपने हिस्सेदारी करने पर खुशी जाहिर की। वहीं आमजन से भी आगामी 7 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की अपील की।

जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी0 दिव्यांगजनों एवं 85 वर्ष आयु से अधिक के बुजुर्गों को मतदान कराने जलाली पहुंचे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग ने दिव्यांगजनों एवं 85 ल्लास बुजुर्गों को उनकी स्वेच्छा से घर पर ही मताधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की है। जलाली कस्बा निवासी शरीफ जो की जन्म से दिव्यांग हैं। घर में तीन भाई, एक बहन व माता-पिता हैं। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सुविधा के लिए धन्यवाद किया। दिव्यांग मतदाता शरीफ ने डीएम एवं मतदान कार्मिकों का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने घर पहुंच कर उनको मताधिकार प्रयोग करने की सुविधा प्रदान की। जलाली कस्बे की दूसरी दिव्यांग श्रीमती कमलेश गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पहले हमें वोट करने के लिए कोई सहारा तलाशना पड़ता था। इस सुविधा से हम बहुत खुश हैं। आज हम अपने को गौरान्वित महसूस कर रहे हैं कि दोनों पैरों से दिव्यंगता के बावजूद भी हम अपने मताधिकार का प्रयोग कर पा रहे हैं। आपको बता दें कि द्वितीय चरण में जिले की पांच विधानसभाओं में सकुशल मतदान होने के उपरांत तीसरे चरण में हाथरस लोकसभा के लिए 7 मई को छर्रा एवं इगलास विधान सभा में मतदान होना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुसार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को बैलेट पेपर से मतदान की सुविधा प्रदान की गई है। बीएलओ ने घर-घर से फॉर्म 12-घ प्राप्त करने के उपरांत 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने डाक मत पत्र से घर पर ही मताधिकार का प्रयोग किया। घर से मतदान करने का मौका प्राप्त कर दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के चेहरे खिल उठे।

जन्म प्रमाण पत्र पर फर्जी हस्ताक्षर का मामला गर्माया

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

नगर आयुक्त ने अपने कार्यालय में विभागीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान क्षेत्रीय पार्षद वार्ड 54 के पार्षद संजीव द्वारा मात्र 4 दिन में जन्म प्रमाण पत्र जारी होने का प्रकरण नगर आयुक्त के समक्ष लाया गया। नगर आयुक्त ने चेक कराया तो चार दिन में उक्त विवरण का जन्म प्रमाण पत्र नगर निगम अभिलेखों में नही पाया गया उक्त फर्जी जारी प्रमाण पत्र पर पूर्व जोंनल अधिकारी और मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय के डिजिटल सिप्नेचर हुए थे, जिनका वर्तमान में स्थानांतरण हो चुका है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए नगर आयोग ने तत्काल नगर निगम की छवि खराब करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने का मन बनाया। नगर आयुक्त ने सहायक नगर आयुक्त वीर सिंह के नेतृत्व में प्रकरण की जांच समिति बनाई और अगले 7 दिनों में नगरीय क्षेत्र में फर्जी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाकर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिए। नगर आयुक्त ने जन्म मृत्यु काउंटर का निरीक्षण किया। निरीक्षण में पटल पर कई बाहरी व्यक्ति घुसे हुए मिले मौके पर नगर आयुक्त में बाहरी लोगों के प्रवेश को रोकने के लिए जन्म मृत्यु कार्यालय के डोर पर फेस और थम रिकॉग्निशन सेंसर डोर व पब्लिक के लिए हर विंडो पर माइक लगाने के निर्देश दिए ताकि कोई भी बाहरी व्यक्ति का प्रवेश न हो सके। उन्होंने बताया कि जन्म मृत्यु पटल पर बाहरी लोगों के प्रवेश को रोकने व पब्लिक की सहुलियत को ध्यान में रखते हुए पटल के प्रवेश द्वार पर स्मार्ट फेस व थम्प इम्प्रैशन सेंसर व लाइन में खड़े आवेदक को बोलने के लिए माइक की सुविधा भी एक व दो दिन में शुरू हो जाएगी।

सपा नेता हत्याकांड में छह को आजीवन कारावास, बरी

जन एक्सप्रेस/नोएडा। सपा नेता रामटेक कटारिया हन्याकांड में अदालत ने चचेरे और ममेरे भाई समेत छह लोगों को दोषी करार दिया है। दादरी के गांव गढ़ी में पांच साल पहले हुई हन्या के मामले में अदालत ने रामटेक के चचेरे भाई और तन्कालीन सभासद बालेश्वर कटारिया, भतीजे राणा उर्फ कपिल, ममेरे भाई नीतेश, अनु, कृष्णा और चंद्रपाल को अजीवन कारावास और 50-50 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। वहीं साक्ष्यों के अभाव में तीन आरोपियों को बरी कर दिया है। इस मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक) प्रथम रण विजय प्रताप सिंह की अदालत में हुई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता एडीजीसी नितिन न्यागी, एडीसीजी भाग सिंह एडवोकेट और सीपी शर्मा के मुताबिक 31 मई 2019 को समाजवादी पार्टी के दादरी विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष रामटेक कटारिया की दिनदहाड़े गोली मारकर हन्या कर दी गई थी। वह दादरी के गढ़ी गांव में सपरिवार रहते थे।

छात्र द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय किशनगंज केंद्र के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के शिक्षक डॉ. मोहम्मद यूसुफ जावेद ने एमबीए द्वितीय वर्ष के तीन छात्रों, मोहम्मद अकील, मोहम्मद यासिर खान और सैयद कासिम अब्बास रिज्वी के साथ हाल ही में एमिटी विश्वविद्यालय, पटना में आयोजित 'व्यवसाय प्रबंधन और सूचना प्रौद्योगिकी में समसामयिक मुद्दे' विषय पर चौथे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पेपर प्रस्तुत किए। छात्रों ने स्थिरता, सीएसआर, पूंजी संरचना और फर्म प्रदर्शन सहित विभिन्न क्षेत्रों में अपने नवीनतम शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। उनके शोध निष्कर्षों में समसामयिक चुनौतियों का समाधान करने और अपने संबंधित क्षेत्रों में ज्ञान को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्यावहारिक विश्लेषण, नवीन पद्धतियां और कार्रवाई योग्य विचार भी शामिल थे। प्रोफेसर इशरत आलम (केंद्र के निदेशक) ने छात्रों को उनकी उपलब्धि पर बधाई दी।

निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफल एवं दवाई किट वितरण

जन एक्सप्रेस । अलीगढ़

भगवान महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव वर्ष के अंतर्गत श्री दिगम्बर जैन महासमिति के तत्वावधान में भगवान महावीर के 2623 वें जन्मकल्याणक महोत्सव से पूर्व चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रोटरी क्लब ऑफ फ्रेंड्स एवं शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल द्वारा संचालित सम्पूर्ण उपकरणों से सुजज्जित मोबाइल वैन में अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. मौसम गुप्ता के परामर्श पर लगभग 25 मरीजों को मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को ऑपरेशन कराए जाने की सलाह दी गई। जिसमें से सोमवार को 14 लोगों के शेखर सर्राफ मेमोरियल हॉस्पिटल मे निःशुल्क आंख के मोतियाबिंद से ग्रसित बीमारी के सफल ऑपरेशन डॉक्टर मौसम गुप्ता द्वारा किए गए साथ ही दवा किट एवं काला चश्मा वितरण किए गए।

इस मौके पर हॉस्पिटल की चेयरपर्शन श्रीमती लाजेश वार्ष्णेय, डॉक्टर मौसम गुप्ता, समिति के प्रांतीय महामंत्री राजीव जैन, संयोजक मुनेश जैन, मीडिया प्रभारी मयंक जैन, मण्डल अध्यक्ष नीरज जैन, सौरभ जैन पांड्या उपस्थित रहे।

कॉलेज हॉस्टल में मिला बीटेक छात्र का शव

जन एक्सप्रेस/नोएडा। एक निजी कॉलेज से बीटेक कर रहे छात्र का शव सोमवार को हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका मिला। हॉस्टल के छात्रों ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ देर पहले बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र कुणाल राजपूत मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी बीच वह अपने कमरे के बराबर वाले रूम में गया। कुछ देर बाद छात्रों ने उसे फंदे से लटका देखा। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मूलरूप से जिला बुलंदशहर के डिबाई के गांव खारी ख्वारी निवासी कुणाल राजपूत जीएल बजाज कॉलेज से बीटेक कर रहा था। वह कालेज के ही हॉस्टल में सहयोगी छात्र के साथ रहता था। हॉस्टल निवासी छात्रों ने पुलिस को बताया कि सुबह कुणाल लगातार मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था।

कूड़ा बना काल: झोपड़ी के अंदर खेल रहे दो बच्चे आग लगने से झुलसे

जन एक्सप्रेस । गाजियाबाद

बच्चों का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और उनको बाहर निकाला। तब तक बच्चों के हाथ, पैर व छाती झुलस चुके थे। तभी परिजन बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए।

गाजियाबाद स्थित खुर्जा क्षेत्र के वाजिदपुर गांव में कूड़े में लगी आग की लपट से एक झोपड़ी में आग लग गई। इसमें झोपड़ी के अंदर खेल रहे छह वर्षीय बच्ची और पांच वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से झुलस गए, जिनका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। वहीं तीन बकरी भी झुलस गईं।

क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी राशिद खान ने बताया कि वह झोपड़ी में ही परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार दोपहर को राशिद मजदूरी करने गया था और उसकी पत्नी झोपड़ी के बाहर थी। झोपड़ी में उसके पशु बंधे हुए थे और पांच वर्षीय बेटा उजैफ व छह वर्षीय बेटी अलफैज वहीं खेल रहे थे। वहीं झोपड़ी के पास गड्ढे में गोबर और कूड़ा इकट्ठा हो रहा है। जहां सोमवार दोपहर को किसी ने आग लगा दी। कूड़े की आग की लपट धीरे-धीरे झोपड़ी तक पहुंच गई। इसी के साथ तेजी से झोपड़ी में आग फैल गई।

बच्चों का शोर सुनकर ग्रामीण वहां पहुंचे और उनको बाहर निकाला। तब तक बच्चों के हाथ, पैर व छाती झुलस चुके थे। तभी परिजन बच्चों को अस्पताल लेकर पहुंचे और ग्रामीण आग बुझाने में जुट गए। राशिद ने बताया कि बच्चों के घाव पर दवाई लगवाई गई है। हालत खतरे से बाहर है। झोपड़ी में रखा हजारों रुपये का सामान जल कर राख हो गया है। आरोप है कि सूचना के बाद भी अग्निशमन की टीम मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित ने प्रशासनिक अधिकारियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है। राशिद ने बताया कि बच्चों के घाव पर दवाई लगवाई गई है। हालत खतरे से बाहर है। झोपड़ी में रखा हजारों रुपये का सामान जल कर राख हो गया है। आरोप है कि सूचना के बाद भी अग्निशमन की टीम मौके पर नहीं पहुंची। पीड़ित ने प्रशासनिक अधिकारियों से आर्थिक मदद की गुहार लगाई है।

कॉलेज हॉस्टल में मिला बीटेक छात्र का शव

जन एक्सप्रेस/नोएडा। एक निजी कॉलेज से बीटेक कर रहे छात्र का शव सोमवार को हॉस्टल के कमरे में पंखे से लटका मिला। हॉस्टल के छात्रों ने पुलिस को बताया कि घटना से कुछ देर पहले बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र कुणाल राजपूत मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी बीच वह अपने कमरे के बराबर वाले रूम में गया। कुछ देर बाद छात्रों ने उसे फंदे से लटका देखा। पुलिस ने मोबाइल कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है। मूलरूप से जिला बुलंदशहर के डिबाई के गांव खारी ख्वारी निवासी कुणाल राजपूत जीएल बजाज कॉलेज से बीटेक कर रहा था। वह कालेज के ही हॉस्टल में सहयोगी छात्र के साथ रहता था। हॉस्टल निवासी छात्रों ने पुलिस को बताया कि सुबह कुणाल लगातार मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था।

न्यूरिया क्षेत्र में पशुशाला में घुसा तेंदुआ रेस्यू अभियान चलाकर बेहोश कर पकड़ा

* 7 घंटे ग्रामीणों में बनी रही दहशत घर के अंदर बैठा रहा तेंदुआ बाहर सैकड़ो लोगों की भीड़ रहीं जमा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज जनपद के न्यूरिया थाना क्षेत्र अलीगंज में तेंदुआ ने जानवरों का पीछा करते हुए पशु शाला में घुसकर डेरा जमा दिया। सुबह जब ग्रामीणों ने उसे देखा तो दहशत फैल गई शोर शराबा मचाते हुए ग्रामीणों ने तेंदुए को दौड़ाया तो वह ग्रामीण के कमरे में घुस गया और करीब 7 घंटे बंद रहा।

सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम व पुलिस बल की मौजूदगी में रेस्क्यू अभियान चलाकर उसे बेहोश करके पकड़ा, जब तेंदुआ वन विभाग के गिरफ्त में आया तो जाकर कहीं ग्रामीणों ने राहत की सास ली।

बताते चलें कि थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव अलीगंज निवासी प्रेम शंकर के घर के बाहर बनी पशु शाला में घुस गया। देखते ही देखते यह बात आग की तरह पूरे गांव में फैल गई और ग्रामीणों की भीड़ जुड़ गई हालांकि जिस पशु शाला में तेंदुआ घुस गया था उसको बाहर से बंद कर दिया गया और ग्रामीणों ने सूझबूझ दिखाते हुए वन विभाग तथा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही डिप्टी रेंजर शेर सिंह पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे वही एसडीओ अंजनी कुमार, एसडीओ पीयूष मोहन, डीडी टाइगर रिजर्व मनीष सिंह, सीओ सदर प्रतीक दहिया, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी, एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह सहित तमाम पुलिस बल मौके पर पहुंचें। वन विभाग की टीम ने जार लगाकर रेस्क्यू शुरू किया हालांकि उच्च निर्देश अनुसार सूचना मिलने पर दोपहर लगभग 1:30 बजे चिकित्सक डॉक्टर दक्ष गंगवार ने डॉट मार कर उसे बेहोश किया उसके बाद तेंदुए को पिंजरे में कैद किया गया और वन विभाग की टीम तेंदुए को अपने साथ ले गई। हालांकि रविवार को पुरानी पीलीभीत मोमिनगंज में भी तेंदुआ की दहशत कम नहीं हुई तेंदुआ अपने बच्चों के साथ देखा गया था इतना ही नहीं प्रधानमंत्री की सभा के दौरान वन विभाग में ड्रोन से उसकी निगरानी की थी दाल भी लगाया था लेकिन मामला ठंडा बस्ती में डाल दिया गया।

तेंदुए को देखने के लिए लगी रही भीड़,डटे रहे ग्रामीण

बताते चले की पशु शाला में बंद तेंदुए को देखने के लिए जहां ग्रामीण की भारी संख्या में भीड़ रही तो वही तेज तर्रार पड़ रही धूप के चलते भी काफी संख्या में ग्रामीण छतों पर मौजूद रहें। हालांकि दोपहर में जब तेंदुए को पकड़ा गया तभी सभी लोग नीचे आए हालांकि बीच-बीच में पुलिस ने ग्रामीणों को छतों से नीचे उतारा लेकिन लोग तेंदुए को देखने के लिए ऊपर ही टांगे रहें।

7 घंटे बनी रही दहशत 2 घंटे के रेस्क्यू के बाद तेंदुए को पकड़ा

पशु शाला में घूसे तेंदुए ने लगभग 7 घंटे अपनी दहशत ग्रामीणों में बनाए रखी लोग कड़ी निगरानी रखे हुए थे वहीं वन विभाग एवं पुलिस प्रशासन भी पहुंचा हालांकि 2 घंटे की कड़ी मस्कट के बाद तेंदुए को रेस्क्यू कर लिया और कड़ी निगरानी के बीच जंगल में ले जाया गया तब जाकर कहीं ग्रामीण ने राहत की सांस ली।

48 घंटे के अंदर बरखेड़ा पुलिस ने माल समेत दबोचा चोर

* पुराने कारीगर ने ही की रेस्टोरेंट में चोरी पुलिस ने पड़कर भेजा जेल
* एसएचओ अरविंद सिंह चौहान सहित पुलिस टीम की कस्बा के व्यापारियो ने की प्रशंसा

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

कस्बा की दौलतपुर रोड पर स्थित जय गुरुदेव मिष्ठान भंडार पर 26/27 अप्रैल की रात्रि मे अज्ञात चोरों द्वारा द्वारा सोने चांदी सहित लाखों रुपए की नगदी चोरी कर ली थी।वही चोरी की घटना सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। घटना की तहरीर मिलने के बाद बरखेड़ा पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरी के खुलासे के लिए टीम लगाकर जुट गई।

पुलिस अधीक्षक के कुशल नेतृत्व एवं बीसलपुर क्षेत्राधिकारी के कुशल नेतृत्व में बरखेड़ा थाना प्रभारी अरविन्द सिंह चौहान के निर्देशन में वरिष्ठ उप निरीक्षक सिद्धांत शर्मा उप निरीक्षक सत्यप्रकाश हेड कांस्टेबल 563 मोहम्मद अली, हेड कांस्टेबल 343बनवारी लाल, कांस्टेबल 1551 रोहित सिंह की टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज व मैनुअल सुरागासी के आधार पर बरखेड़ा कस्बा के वार्ड नं 4 के निवासी विशाल उर्फ गब्बर पुत्र गेंदन लाल का नाम प्रकाश में आया। जो की जोकि पूर्व में उसे रेस्टोरेंट में कारीगर का काम भी कर चुका था। वही मुखबिर की सूचना पर गाजीपुर मोड पर चेकिंग के दौरान पकड़ लिया जिसके पास तलाशी के दौरान चोरी गए माल जिसमें 11 किलो चांदी की लक्ष्मी गणेश की दो मूर्ति, पीली धातु के दो जोड़ी कानों के कुंडल, पीली धातु की एक अंगूठी, पीली धातु के तीन लॉकेट, 66670 रुपए नगद, 1303 की रोजगारी घटना के समय चोर द्वारा पहना गया हेलमेट दराज तोड़ने के लिए प्रयुक्त की गई लोहे की रॉड चोरी में प्रयुक्त की गई मोटरसाइकिल केटीएम सहित चोरी गए माल की शत प्रतिशत बरामदगी कर 48 घंटे के अंदर बरखेड़ा पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा कर चोर को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि गिरफ्तार करने वाली टीम में सिद्धांत शर्मा, रोहित सिंह मौजूद रहें।

हादसे में पिता समेत 2 की मौत, 6 घायल

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर। जिले के देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा साउथ कैंपस के पास सोमवार की सुबह अनियंत्रित स्कॉर्पियो पेड़ से टकरा गई। जिसमें एक व्यक्ति व एक किशोर की मौत हो गई। जबकि छह लोग घायल हो गए। इनमें तीन घायलों को गंभीर स्थिति में वाराणसी रेफर कर दिया गया।मड़िहान के पटेवर निवासी गोपाल सोनकर अपनी बेटी के रिसेप्शन कार्यक्रम में सम्मिलित होकर जौनपुर से अपने घर पटेवर मड़िहान आ रहे थे। सोमवार की भोर में लगभग तीन बजे देहात कोतवाली क्षेत्र के बरकछा साउथ कैंपस के सामने नई स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर दाहिने तरफ पेड़ से टकरा गई।

फास्ट फॉरवर्ड

ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक कटा, दूसरा बाल बाल बचा

जन एक्सप्रेस । बीसलपुर। पीलीभीत से चलकर शाहजहांपुर की ओर जाने वाली सवारी गाड़ी से रामलीला गजरौला मार्ग पर स्थित फाटक पर एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे गंभीर चोट लगने से उसकी मृन्यु हो गई। इसके अतिरिक्त एक अन्य युवक गुरुद्वारे के पास स्थित कॉलोनी में रहने वाला भी ट्रेन की चपेट में आते-आते बाल बाल बच गया। शाम को पीलीभीत से चलकर 6:50 पर बीसलपुर आने वाली सवारी गाड़ी जैसे ही रेलवे स्टेशन से 2 किलोमीटर दूर बीसलपुर से गजरौला जाने वाले मार्ग पर लगे रेलवे के फाटक के पास पहुंची वैसे ही एक अज्ञात युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी दर्दनाक मृन्यु हो गई। इसके पश्चात ट्रेन में मौजूद गार्ड ने उसके शव को स्टेशन के प्लेटफार्म पर रखवा दिया है। घटना की सूचना रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को स्टेशन मास्टर द्वारा दे दी गई। इसके पश्चात् कुछ देर प्लेटफार्म पर सवारी गाड़ी रुकने के बाद जैसे ही शाहजहांपुर की ओर रवाना हुई वैसे ही आधा किलोमीटर दूर गुरुद्वारे के नजदीक स्थित कॉलोनी में रहने वाला युवक जो रेलवे लाइन के करीब खड़ा था। वह ट्रेन की चपेट में आता इससे पहले ही कुछ लोगों ने उसे देख लिया और खींच कर दुर्घटना से बचा लिया। इसके पश्चात उसको भी रेल विभाग कर्मचारियों ने स्टेशन के प्लेटफार्म पर बैठा लिया। जो अभी नाम पता नहीं बता पा रहा है।

सर्वे के समय मौके पर रह कर कराए सर्वे -मोहम्द रिजवान खान

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा। बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड एवं गन्ना विकास परिषद द्वारा संयुक्त रुप से गन्ना सर्वे का कार्य प्रारंभ कर दिया है। बीसलपुर परिषद द्वारा 2 नवाबगंज परिषद द्वारा 08 बरखेड़ा परिषद द्वारा 17 एवं पूरनपुर परिषद द्वारा 02 संयुक्त टीमें बनाई गई है, जिन्होंने चीनी मिल क्षेत्र में गन्ने का सर्वे का कार्य शुरू कर दिया है। आज चीनी मिल के यूनिट हेड मोहम्मद रिजवान खान द्वारा बरखेडा क्षेत्र के ग्राम गजरहा में चल रहे सर्वे कार्य की कृषक बाबूराम पुत्र नेतराम के प्लाट पर जाकर जांच की, सर्वे कार्य खेत की नाप गन्ना प्रजाति को सही पाया। सर्वे कार्य में उपस्थित कृषकों को यूनिट हेड द्वारा वर्तमान समय में गन्ना फसल के क्षति पहुंचाने वाले कीट अंकुर वेधक व चोटी बेधक से बचाव हेतु 150 मिलीलीटर कोराजन कीटनाशक प्रति एकड़ प्रयोग करने की सलाह दी, साथ ही गन्ना फसल में यूरिया उर्वरक 50 किलो प्रति एकड़ ट्राप ड्रेसिंग करने हेतु बताया ताकि गन्ना फसल मैं अधिक फुटाव हो सके ।उन्होंने यह भी बताया कि सभी किसान अपने गन्ना को कीट व रोग के प्रयोग से बचाव कर अधिकतम लाभ लें। यूनिट हेड ने क्षेत्र के सभी किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि वे अपने खेत का सर्वे मौके पर रह कर अपने सामने कराए। जिससे आने वाले पेराई सत्र में कोई परेशानी न हो।

सनकी पति ने अपनी पत्नी को ईंट से सिर कूंच कर उतारा मौत के घाट आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। मीरगंज थाना क्षेत्र के अगहुआ गाँव मे पति ने अपनी पन्नी का ईट से सिर कूंच कर उतारा मौत के घाट, सूचना पाते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट। मीरगंज थाना के अगहुआ गाँव निवासी राजेन्द्र यादव अपने अन्य भाईयो से अलग एकान्त मे एक कमरा बनाकर रहता है। उसके साथ उसकी पन्नी गीता(45) रहती थी। राजेंद्र के दो बच्चो की मौत पहले ही किसी बीमारी की वजह से हो चुकी है। सोमवार की सूबह पांच बजे गीता मट्ठा मार रही थी। किसी बात को लेकर पति पन्नी आपस में झगडा करने लगे। जिससे क्रोधित हो कर राजेंद्र ईट से गीता के सिर पर ताबड़ तोड़ हमला कर दिया। गीता चिल्लाते हुए कमरे के बाहर भागी और गिर कर बेहोश हो गयी। चर्चा है कि बेहोश होने पर भी वह ईट से कई प्रहार उसके सिर पर कर उसे लहुलूहान कर दिया। यह देख अगल बगल के लोग दौडे और मौके पर पहुच कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर डायल 112 पुलिस पहुच गीता को बेहोशी हाल मे सदर जौनपुर ले गई। जहा चिकिन्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर जंघई चौकी प्रभारी गंगा सागर मिश्र मौके पर पहुच जांच मे जुट गये। ग्रामीणों की माने तो राजेन्द्र यादव नशेड़ी व सनकी प्रवृत्ति का है। लोगों के अनुसार वह अक्सर पन्नी से झगडा करता रहता था और पन्नी के चरित्र पर भी शक करता था। प्रायः पन्नी के चरित्र को लेकर वह झगड़ता रहता था। लोगो का कहना है की आज भी वह ऐसी ही बात को लेकर पन्नी से झगड रहा होगा। प्रभारी निरीक्षक देवानन्द रजक ने बताया कि शव को कब्जे मे ले लिया गया है। अभी किसी ने तहरीर नही दिया है। फिर भी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदों ने छात्रा को पीटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। बदलापुर कोतवाली क्षेत्र के भलुआही नहर के समीप स्थित एक पाली क्लिनिक के पास एक बाइक पर सवार दो शोहदों ने महाविद्यालय से परीक्षा देकर घर जा रही दो छात्राओं के साथ अश्लील हरकत करने का प्रयास किए विरोध करने पर शोहदों ने छात्रा को पीटने लगें। प्राप्त जानकारी के मुताबिक महराजगंज थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी एक ही घर की बीए की दो छात्राएं रविवार को बदलापुर पीजी कालेज से परीक्षा देकर अपने घर लौट रही थी। वह जैसे ही भलुआही

नहर के पास स्थित एक पाली क्लीनिक के समीप पहुंची वही विपरीत दिशा से अचानक एक बाइक पर सवार दो मनचले आए और दोनों छात्राओं से अश्लील कमेंट करते हुए छेड़खानी का प्रयास करने लगे। उक्त छात्राएं जिसका विरोध किया तो मनचलों ने उसे गाली गलौज देते हुए धक्का मुक्की कर डंडे से मार पीट कर वहां से फरार हो गए। वही मारपीट की सारी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित छात्राओं ने घटना की सूचना अपने स्वजनों को दिया इसके बाद पीड़ित छात्राएं अपने स्वजनों के साथ बदलापुर कोतवाली पहुंच कर लिखित शिकायती पत्र पुलिस को देते हुए कार्यवाई की मांग की है। फिलहाल पुलिस छात्राओं की लिखित शिकायती पत्र तथा सीसीटीवी कैमरे के आधार पर मामले की छानबीन में जुटी है।

घोड़ा-बुण्णी बाइक से टकराई, युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । बरखेड़ा

थाना क्षेत्र के गांव पतरसिया मे बीसलपुर हाईवे पर आज सुबह तड़के ईट भट्ठा के निकट बुण्णी और बाइक मे सामने से भिड़ंत होने पर बाइक सवार की मौत हो गई। बताया जा रहा है की बाइक सवार युवक बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव जसौली-दिवाली जगदीश कुमार पुत्र गोकुल प्रसाद उम्र लगभग 25 वर्ष अपनी साली खुशबू गोविलपतिपुरा थाना बीसलपुर को रुद्रपुर उत्तराखंड बाइक से ले जा रहा था।जैसे ही बाइक सवार युवक बरखेड़ा थाना क्षेत्र के पतरसिया भट्ठा के निकट पहुंचा बैसे ही अचानक घोड़ा बुण्णी हाईवे पर निकल पड़ी और सीधे बाइक सवार से टक्कर मार दी। जिससे बुण्णी का आगे का हिस्सा बम बाइक सवार के जा लगा जिसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकी साली खुशबू गंभीर रूप से घायल हो गई जिसका उपचार चल रहा है।वही थाना पुलिस ने मृतक युवक के शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा करके पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

पीलीभीत की बेटियों के लिए प्रेरणा बनेगी प्रियंका यादव : संजय सिंह गंगवार

* राज्यमंत्री ने आई0ए0एस0 चयनित के सम्मान में आयोजित समारोह को किया सम्बोधित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

आज गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है कि पीलीभीत की बेटियों के लिए प्रियंका यादव प्रेरणा बनेगी। उन्होनें कहा की इस धरती ने जहा विधायक मंत्री बनाये है वही पहली वार शहर की पहेली महिला को आई0ए0एस0 बनाया है ऐसी धरती को मेरा शतशत् नमन। राज्यमंत्री श्री गंगवार आज सोमवार को शहर के एक होटल में नवचयनित आई0ए0एस0 प्रियंका यादव के स्वागत में आयोजित सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होनें कहा की पीलीभीत में और भी आई0ए0एस0 हुए होगे लेकिन यह गौरव की बात है कि पीलीभीत शहर की पहली बेटी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा की कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद को ही नही अपने परिवार एवं देश प्रदेश को गौरवान्वित किया है। उन्होनें प्रियंका की इस सफलता के लिए उनके पिता जवाहर लाल यादव, माता सरोज यादव सहित उनके मार्ग दर्शक, गुरूजनों एवं परिवार के अन्य लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होनं उम्मीद जताई की प्रियंका अपने प्रशिक्षण के दौरान आई0ए0एस0 की टाप टेन सूची में अपना नाम अंकित करा कर हम सब को गौरवान्वित करेगी। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने प्रियंका को शाल ओढ़ाकर एवं बुके देकर स्वागत सम्मान किया। कार्यक्रम में प्रियंका यादव ने अपने आई0ए0एस0 में चयन होने तक के सफर के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होनें कहा की इस कठिन सफर में उनके माता पिता ने तमाम सामाजिक दबावों को दरकिनार करते हुए उनका पूरा सहयोग किया जिनके आर्शीवाद के कारण आज इस मुकाम तक पहुची हूँ उन्होनें यह भी कहा कि यहा जो भी अभिभावक मौजूद है वह बिना किसी सामाजिक दबाव के अपने बच्चों को बढ़ाने में भरपूर सहयोग प्रदान करे। कार्यक्रम में राज्यमंत्री श्री गंगवार के अनुज विजय सिंह गंगवार ने प्रियंका का स्वागत कर आर्शीवाद दिया। जिला बालीवॉल संघ के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में बालीवाल संघ के पदाधिकारी दीपेन्द्र सिंह चौहान, मुन्ना लाल सक्सेना, प्रशान्त शुक्ला ने जिला बालीवाल संघ के उपाध्यक्ष को संघ की तरफ से स्मृर्ति चिन्ह भेट कर स्वागत किया। कार्यक्रम में लिटिल एंजिल स्कूल हाईस्कूल टापर रही छात्रा अनन्या सिंह ने आई0ए0एस0 की तैयारी के लिए टिप्स भी लिए। कार्यक्रम में नीता मोदी, डा0 दीपक गंगवार, डा0 जे0डी0 गंगवार, डा0 तरूण सेठी, डा0 एम0के0 पाठक, यादव सभा के जिलाध्यक्ष नरायन सिंह यादव प्रियंका के भाई एड0 शिवेन्द्र सिंह यादव, डा0 राजत सिंह यादव, लक्ष्मी कान्त शर्मा, सतीश गंगवार, तैराकी संघ के प्रदेश सदस्य सर्वेन्द्र शुक्ला, क्रिकेट संघ के सचिव जगदीश सक्सेना, प्रोफेसर डा0 के0पी0 सिंह0, प्रधानचार्य मनोहर लाल, सी0पी0 गंगवार, ओमप्रकाश पटेल, डा0 धमेन्द्र आदि ने प्रियंका यादव को बुके देकर सम्मनित किया। बालीवाल संघ के अध्यक्ष रमाकांत शर्मा ने आये हुए सभी अतिथियों का धन्यबाद ज्ञापित किया। अन्त में प्रियंका यादव ने केक काटकर खुशी मनाई। बाद में प्रियंका अपने काफिले के साथ अपने निजि आवास राजीव कालोनी के लिए रवाना हुई जहां उनकी माता ने आरती उतारकर घर में प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन बालीवाल संघ के जिला सचिव राजेश शुक्ला ने किया।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु नामांकन के प्रथम दिन भाजपा के प्रत्याशियों द्वारा किया गया नामांकन

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के लिए 74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु नामांकन के प्रथम दिन बीजेपी प्रत्याशी भोलानाथ सरोज (बीपी सरोज) के द्वारा 03 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी श्री कृपा शंकर सिंह के द्वारा 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु 04 सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया। 73-जौनपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु भारत निर्वाचन आयोग हिंदू महासभा पार्टी से प्रत्याशी मंगलेश्वर त्रिपाठी द्वारा दो सेट में, हिंदुस्तान जनता पार्टी के प्रत्याशी राकेश अरोड़ा के द्वारा दो सेट में, समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा के द्वारा एक सेट में, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के प्रत्याशी बदरे आलम के द्वारा दो सेट में, सपा प्रत्याशी शिव कन्या कुशवाहा के द्वारा दो सेट में, भागीदारी पार्टी के प्रत्याशी जियालाल प्रजापति के द्वारा एक सेट में राष्ट्रीय क्रांति पार्टी लाल साहब यादव के द्वारा 01 सेट में, बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी श्री कला सिंह के द्वारा दो सेट में, गांधियन पीपल पार्टी के प्रत्याशी यशवंत गुप्ता के द्वारा दो सेट, समाज विकास पार्टी के प्रत्याशी अशोक सिंह ने 01 सेट में पर्चा लिया गया है।74-मछलीशहर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु पलकधारी पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक द्वारा दो सेट में, बृजेश कुमार पृथ्वीराज जनशक्ति पार्टी द्वारा दो सेट में, दीपचंद राम निर्दलीय चार सेट में, श्रवण कुमार राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी द्वारा एक सेट में, कैलाश नाथ पाल बहुजन समाज पार्टी द्वारा दो सेट में, सुभाष निर्दलीय दो सेट में, इंदु प्रकाश सिंह समाजवादी पार्टी द्वारा तीन सेट में, राजकुमार वर्मा सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी द्वारा दो सेट में, बृजेश कुमार सरोज प्रबुद्धवादी बहुजन मोर्चा द्वारा दो सेट में पर्चा लिया गया।

वित्तीय अनियमिता में प्रधानाध्यापक का वेतन रोकते हुये विभागीय जाँच प्रारम्भ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल द्वारा विकासखंड मुंगराबादशाहपुर के प्राथमिक विद्यालय पाण्डेयपुर का औचक निरीक्षण पूर्वान्ह 7.50 बजे किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के औचक निरीक्षण में सहायक अध्यापक सुनील कुमार सिंह 27 अप्रैल 2024 से निरीक्षण तिथि तक एवं सहायक अध्यापक संदीप कुमार सिंह एवं विनोद कुमार यादव निरीक्षण के दौरान विद्यालय पर अनधिकृत रूप से अनुपस्थित पाए गए। विद्यालय के प्रधानाध्यापक शशिधर मिश्रा द्वारा उक्त अनुपस्थित शिक्षकों की अनुपस्थिति कार्मिक उपस्थित पंजिका में दर्ज नहीं की गई प्राप्त हुई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल द्वारा उपरोक्त अनुपस्थित शिक्षकों की अनुपस्थिति ऑनलाइन प्रेरणा निरीक्षण मॉड्यूल पर दर्ज करते हुए 27 अप्रैल 2024 से निरीक्षण तिथि तक अनुपस्थित सहायक अध्यापक सुनील कुमार सिंह के विरुद्ध कार्यवाही की गई। विद्यालय में कार्यरत शेष अन्य कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित पाए गए। विद्यालय में नामांकित कुल 205 छात्रों के सापेक्ष सिर्फ 10 छात्र विद्यालय में उपस्थित पाए गए। जबकि गत तीन कार्य दिवसों में मध्यान्ह् भोजन पंजिका में क्रमशः 56, 65, 55 लाभार्थी छात्रों की संख्या विद्यालय द्वारा दर्ज की गई पाई गई।

विश्वनाथ धाम में मिलेगा दुनिया के कलाकारों को मंच

जन एक्सप्रेस । वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ धाम में देश और दुनिया के कलाकारों को नया मंच मिलेगा। इसके लिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास और संगीत नाटक अकादमी के बीच जल्द ही एमओयू होगा। संगीत नाटक अकादमी के निदेशक शोभित कुमार नाहर ने श्री काशी विश्वनाथ धाम में आगामी एक साल के प्रस्तावित आयोजन, उनकी तिथियों, मंदिर में उपलब्ध साउंड, सिस्टम और वाद्य यंत्रों के बारे में जानकारी ली। निदेशक ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या के आयोजनों को संस्थागत रूप से संगीत नाटक एकेडमी द्वारा से एमओयू पर हस्ताक्षर किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय कलाकारों की भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां कराई जाएंगी।

मुस्कान ने जनपद में राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में किया टाप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सुईथाकला। विकास खण्ड सुईथाकला के बच्चों ने जनपद जौनपुर में भारत सरकार के द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में विकास खण्ड सुईथाकला के उच्च प्राथमिक विद्यालय अड़सिया में मुस्कान नाम की छात्रा ने पूरे जनपद जौनपुर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।जब की मुस्कान के पिता विमलेश अरसिया बाजार में साइकिल की दुकान खोल कर अपनी रोजी रोटी चलाते हैं। मुस्कान के पिता ने कहा कि हमारी लड़की पढ़ाई को लेकर हर समय अध्ययन रत रहती है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि यह छात्रा पढ़ाई में अग्रणी है जो हर वर्ष परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करती है।इसका एक बार जवाहर नवोदय विद्यालय में भी चयन हुआ था। विद्यालय के सहायक अध्यापक अविनाश, अभयराज सभी छात्र एवं छात्राओं के अंदर खुशी का ठिकाना ही नहीं रहा। इसी क्रम में अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापक आदि लोगों ने छात्र एवं छात्राओं और विद्यालय परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दिया।

शिक्षा के साथ संस्कार भी जरूरी : रमेश मिश्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

समाज में शिक्षा का बहुत बड़ा योगदान है। विद्यालयों के माध्यम से बच्चे शिक्षा तो ग्रहण करते हैं साथ ही साथ संस्कारवान भी बनते हैं। उनके अंदर देश, समाज, माता-पिता के प्रति कुछ कर गुजरने का हौसला बढ़ता है। उक्त बातें बदलापुर के विधायक रमेश मिश्र ने जे0पी0 इंटरनेशनल स्कूल सुजानगंज में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। वार्षिकोत्सव के कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर प्रारंभ किया गया। बच्चों के द्वारा शिक्षा, बाल मजदूरी, वृद्धाश्रम, भगवान राम के संकीर्तन, पिरामिड आदि जैसे अनेक सुंदर कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया।अतिथियों के द्वारा विद्यालय के प्रतिभावान बच्चों को सीबीएसई जिला कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा द्वारा पुरस्कृत किया गया। बच्चों के कार्यक्रम से अभिभूत होकर जिला कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा ने कहा कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। वहां पर जिले के उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों को विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश तिवारी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सुजानगंज के पूर्व ब्लाक प्रमुख कमला शंकर मिश्र ने अंग वस्त्रम् प्रदान कर स्वागत किया।

वक्ताओं के क्रम में वाराणसी के पूर्व एमएलसी प्रमोद कुमार मिश्र, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक प्रभात जी एवं भाजपा नेत्री अर्चना शुक्ला ने अपने विचार व्यक्त कर अभिभावकों एवं बच्चों का उत्साहवर्धन किया। आए हुए अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रबंधक डॉ0 जयप्रकाश तिवारी ने किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्रा तान्या गुप्ता, अंशी गुप्ता, अंशिका सिंह, प्रिया यादव, शिवांश ने किया। आए हुए अतिथियों का आभार विद्यालय की प्रधानाचार्या प्रीति सिंह ने किया।

इस अवसर पर समस्त अभिभावक बच्चों के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रहीं।

यातायात पुलिस ने के बी एस मेमोरियल पलिक स्कूल में लगाया जागरूकता शिविर

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां द्वारा के बी एस मेमोरियल पब्लिक स्कूल कन्नौज में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत यातायात जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात प्रभारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं को यातायात नियमों की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रभारी द्वारा बताया गया कि सड़क को पैदल क्रास करने का नियम क्या है। दो पहिया वाहनों पर तीन लोगों को सवार होने के लिए क्यों मना किया जाता है। हेलमेट लगाना क्यों जरूरी है। सीटबेल्ट न लगाने से क्या नुकसान होता है और सीट बेल्ट लगाने से क्या फायदा होता है। प्रभारी द्वारा बताया गया कि सड़क को पैदल क्रॉस करते समय कभी भी रोड के किनारे खड़ी गाड़ियों के पास से सड़क पार नहीं करनी चाहिए। ग्रीन क्रॉस कोड में चार चीजें होती है। रुको,देखो,सुनो तब सोच समझ कर चलो। इनको हमेशा याद रखना चाहिए। हेलमेट धारण न करने से किस तरह लोगों की जान चली जाती है। आपातकालीन वाहनों को रास्ता न देने पर 10,000/रुपए जुर्माना होता है। आपातकालीन वाहनों में सबसे महत्वपूर्ण फायर ब्रिगेड का वाहन होता है। एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और पुलिस की गाड़ियां आपातकालीन वाहनों में आती है। इनके द्वारा दिए गए सायरन की आवाज पर अपने वाहनों को सड़क के किनारे ले जाना चाहिए। ताकि आपातकालीन वाहनों को बिना किसी अवरोध के समय से अपने लक्ष्य तक पहुंचने दिया जाए। गोल्डन आवर के बारे में और गुड सेमेरिटन के बारे में विस्तार से समझाया गया। यातायात प्रभारी द्वारा छात्र एवं छात्राओं से यातायात संबंधी सवाल पूछे गए। जिनके तीन छात्रों ने जवाब दिए। प्रभारी द्वारा तीन छात्र एवं छात्राओं को पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। जिसमें आदर्श , प्रिंस और संध्या को पुरस्कार दिया गया।प्रभारी द्वारा बताया गया कि लोग 9 माह से 4 साल तक के बच्चों को अधिकतर आगे स्कूटी में या मोटरसाइकिल में बैठा कर चलते हैं। जो कि बेहद खतरनाक है। गवर्नमेंट द्वारा मोटर वाहन अधिनियम में बदलाव करते हुए 9 माह से 4 साल तक के बच्चों के लिए सेफ्टी हार्नेस बेल्ट का प्रयोग अनिवार्य कर दिया है। ताकि 9 माह से 4 साल तक के बच्चों को राइडर के पीछे सुरक्षित ढंग से बैठाया जा सके। और साइकिल हेलमेट या क्रैश हेलमेट लगाने के भी निर्देश दिए गए हैं। ताकि छोटे बच्चों को भी सड़क दुर्घटनाओं से बचाया जा सके। इस मौके पर केबीएस मेमोरियल पब्लिक स्कूल के अध्यापक एवं अध्यापिकाएं व प्रिंसिपल और मुख्य आरक्षी विजय बाबू आरक्षी धनीराम व मुख्य आरक्षी मुबीन खां मौजूद रहे।

13 मई को मतदाता अवश्य करें मतदान

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार उपजिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम तथा उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर नवनीता राय ने वार्ड संख्या-11 शहर के मोहल्ला प्वाल मैदान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। मतदाता जागरूकता हेतु घर घर जाकर लोगों को जागरूक किया तथा आंमत्रण पत्र वितरण किये।

मतदाता जागरूकता संवाद में लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि सबको मताधिकार, एक बड़ा अधिकार है, जो आपको सशक्त व मजबूत लोकतंत्र बनाकर बेहतर भविष्य का मौका देता है। सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए 13 मई 2024 को सुबह 7 बजे मतदान अवश्य करें, इससे जनपद व राष्ट्र के विकास में आपकी भी भागीदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने जनपदवासियों को अश्वस्त किया कि जनपद में सुरक्षित व शान्तिपूर्ण वातावरण में वे निर्भीक होकर मतदान करें।

इस अवसर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राजनीतिक वर्चस्व की लड़ाई में भाजपा ने चढ़ा दी अनेक नेताओं की बलि

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

भाजपा वैसे अपने को कैडर वेस पार्टी कहती है और आरएसएस का प्रभाव भी पार्टी पर नजर आता है लेकिन जैसे अटल, आडवाणी, मुरली मनोहर के बाद राष्ट्रीय स्तर पर पार्टी का चाल चरित्र चेहरा बदल गया वैसे ही 2014 के बाद से कन्नौज जिले मे ब्राह्मण नेताओं सहित अन्य जाति के युवा नेताओं को हाशिये पर लगाने और भाजपा की राजनीति से अलग थलग करने के षड्यंत्र शुरू हो गए जिससे कोई भी नेता पार्टी में पनप नहीं सका। कई अन्य नेता भी आगे नहीं बढ़ सके क्योंकि सारी राजनीति एक नेता के पाले में पहुंचकर उसी के इर्द गिर्द सिमट कर रह गयी और वर्चस्व की जंग में कई नेताओं को पैसे के बल पर ठिकाने लगा दिया गया। बताते तो यहां तक है कि 2017 में भाजपा के उभरते युवा नेता बंदे मातरम का टिकट कटवा दिया लेकिन वंदे मातरम ने नगर पालिका अध्यक्ष बनकर अपना जलवा दिखा दिया। तब भाजपा प्रत्याशी विक्रम त्रिपाठी की बहुत किरकिरी हुई लेकिन भाजपा हाईकमान ने इस पर ध्यान नहीं दिया। यही कहानी फिर 2022 में दोहराई गई और भाजपा हाईकमान को गुमराह कर बंदे मातरम की टिकट कटवाकर कनौज के प्रतिष्ठित चंद्रवली दीक्षित परिवार की बहू ऊषा दीक्षित को भाजपा की टिकट दिलवा दी गई ताकि काटे से कांटा निकाला जा सके।

भाजपा कार्यकर्ताओं का आरोप है कि ऊषा दीक्षित को हरवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की गई जिससे सांसद परिवार और दीक्षित परिवार में खटास पैदा हो गई जो आगे चलकर बाद में भाजपा कार्यकर्ता सजल गुप्ता को फोन पर दी गई गालियों के बाद और बढ़ गई। कन्हैया दीक्षित भाजपा की राजनीति में काफी तेजी से उभरने लगे थे जिन्हें भी हाशिए पर लगाने की पूरी कोशिश की गई। योगी सेना के पवन पांडे की राजनीति में भी पलीता लगाया गया और उनके साथ नगर पालिका चुनाव में धोखा किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओं में इस बात को लेकर चर्चा है कि पिछड़े वर्ग के किसी नेता को भी कन्नौज जिले की राजनीति में पनपने नहीं दिया गया जिससे तमाम नेता आज भी आहत है। न दिल बदला न दल पर के सिद्धांत पर अडिग रहे बनवारी लाल दोहरे जैसे कद्दावर नेता के परिवार की उपेक्षा की गई जिससे पूरा परिवार आहत है।

जिला पंचायत के चुनावों में दो ठाकुर नेताओ को चुनाव में हरवाकर उन्हें मैदान से हटा दिया गया। यह बात दीगर है कि संघर्ष के बल पर वीर सिंह भदौरिया भाजपा के जिलाध्यक्ष बन गए।

भाजपा की अंदरूनी राजनीति में इसी कारण उथल पुथल मची हुई है और अखिलेश यादव के मैदान में उतरने से यह और बढ़ गई हैं। भाजपा कार्यकर्ता बड़े मुखर होकर यह बात कहते हैं। सांसद के इर्द गिर्द रहने वाले चाटुकारों ने खूब मलाई खाई है और आम कार्यकर्ता की घोर उपेक्षा की गई है। एक मिनी सांसद की पार्टी में जोरदार चर्चा है जो चंदा वसूली में पार्टी नेताओं के बीच काफी चर्चित रहे है। आम कार्यकर्ताओं का यह भी कहना है कि जिन लोगो ने माल खाया और 25 लाख की गाड़ी में चल रहे हैं अब वही बोट दिलाएंगे।

फास्ट फॉरवर्ड

71 योगकेन्द्रों का हुआ सामूहिक उद्घाटन

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ के निदेशक विनय श्रीवास्तव तथा जितेन्द्र कुमार (आईएएस, अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग) के कुशल निर्देशन में दिनांक 29.04.2024 को सम्पूर्ण उत्तरप्रदेश में 71 निःशुल्क योगकेन्द्रों का उद्घाटन किया गया। जिन केन्द्रों में लगभग 2800 छात्र योग का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। इसी क्रम में जिले में न्यू लाइट एजूकेशन सेंटर अकबरपुर योग केंद्र पर केन्द्राध्यक्ष संतोष यादव की देखरेख में योग प्रशिक्षिका किरण गुप्ता के द्वारा योग केन्द्र का उद्घाटन किया गया।संस्थान के माननीय निदेशक विनय श्रीवास्तव ने सभी प्रशिक्षकों को शुभकामनाएँ प्रदान की। संस्थान के पदाधिकारी तथा इस योजना के सर्वेक्षक महेन्द्र पाठक ने इस सत्र के शुभारम्भ में सभी प्रशिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि योगविद्या हम सभी को स्वस्थ रखते हुए जीवनशैली को परिवर्तन करने की क्षमता रखती है। इन केन्द्रों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ धनोपार्जन का भी अवसर प्रदान करना है। संस्थान के प्रशिक्षण समन्वयक दिव्यरंजन ने इस कार्यक्रम में सभी को दिशा निर्देश देते हुए सकुशल कक्षाएँ चलाने के लिए निर्देश दिया एवं सभी शुभकामनाएँ प्रदान की। कार्यालयीय पत्रव्यवहार व वृत्तविषयक निर्देश शिवम गुप्ता ने दिए। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र, डा. जगदानन्द झा, भगवान सिंह चौहान, प्रशिक्षण समन्वयक धीरज मैठानी, समन्वयिका राधा शर्मा, अनिल गौतम, नितेश कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, पूनम मिश्रा, शान्तनु मिश्र, ऋषभ पाठक सहित सभी 71 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, संचालक, प्रशिक्षक एवं शिक्षार्थी उपस्थित रहे।

शिक्षकों को मिलेगी अनलिमिटेड डाटा सहित सिम

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। जिले के 1925 शिक्षकों को टैबलेट तो मिले लेकिन पोर्टल से वह सूचनाओं को भेजने में लाचारी दिखा रहे हैं जिससे छात्रों की उपस्थिति और दीक्षा पोर्टल पर शैक्षिक गुणवत्ता आदि व्यवस्थाएं शिक्षकों की हीलाहवाली से गड़बड़ा रही हैं लेकिन अब बेसिक शिक्षा विभाग फोन पर डाटा कंपनी के साथ एक प्रपोजल तैयार कर रहा है। जिससे शिक्षकों को डाटा के साथ सिम उपलब्ध कराई जाएगी और वह पोर्टल पर सभी सूचनाओं को टैबलेट के माध्यम से आदान-प्रदान करेंगे। जनपद के प्रन्येक विद्यालय के शिक्षकों को पिछले शैक्षिक सत्र में टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। टैबलेट से शिक्षकों को छात्रों की उपस्थिति, दीक्षा पोर्टल, स्विफ्ट चेट बोर्ड से बच्चों को ऑनलाइन शिक्षण देना और निपुण लक्ष्य का आकलन करना था लेकिन टैबलेट मिलने के बाद भी अभी तक जिले के शिक्षक पोर्टल से सूचनाओं के आदान-प्रदान में लापरवाही बरत रहे हैं। विद्यालय के कंपोजिट बजट से शिक्षकों को डाटा और सिम उपलब्ध कराने के लिए पहले 500 रुपये निर्धारित था लेकिन अब इसको संशोधित कर अनलिमिटेड वैलिडिटी एंड अनलिमिटेड डाटा के लिए बेसिक शिक्षा विभाग को प्रपोजल उपलब्ध कराया गया है। फोन सेवा प्रदाता कंपनी ने महानिदेशक स्कूल शिक्षा को एक प्रपोजल बनाकर भेजा है। जिसमें शिक्षकों को टैबलेट के लिए अच्छे नेटवर्क के साथ सस्ते दरों पर डाटा उपलब्ध कराया जाएगा।

दबंग से पीड़ित वृद्ध किसान पहुंचा एसपी के द्वार

जन एक्सप्रेस/कानपुर देहात। तहसील भोगनीपुर के विकासखंड मलासा अंतर्गत ग्राम जलालपुर निवासी 70 वर्षीय किसान ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पंहुचकर, अपनी समस्या पर थाना बरौर द्वारा कोई सुनवाई ना होने पर उनके द्वारा कार्यवाही किए जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया। समाचार पत्र के कार्यालय में आकर अपनी समस्या बताते हुए बुजुर्ग किसान अशोक कुमार पुत्र स्व विजय बहादुर सचान ने अपनी पीड़ा बताई कि उन्होंने अपने खेतों में अपने निजी ट्यूबवेल से सिंचाई करने के लिए अंडरग्राउंड पाइपलाइन बिछा रखी है। जिस पर अक्सर पड़ोसी गांव हिम्मतहार के मन्नूलाल, गोविंद यादव, गजराज यादव तथा बर्रा यादव इन्यादि ने मेरे खेत से आम रास्ता बना रखा है। जिससे वह अपने जानवर निकालते रहते हैं। विगत दिवस 27 अप्रैल शनिवार को भी उन्होंने अपने जानवर खेतों से निकाले, जिससे मेरे खेतों में बिछी पाइपलाइन टूट गई। मना करने पर गाली गलौच किया तथा झगड़ा करने पर आमदा हो गए। जब इसकी शिकायत लेकर वो बरौर थाने में गये तो उन्होंने उनकी शिकायत पर ज्यादा ध्यान न देते हुए उनका प्रार्थना पत्र रख लिया। आज सोमवार को वह अपनी समस्या लेकर पुलिस अधीक्षक से मिलने के लिए सुबह-सुबह उनके कार्यालय में गए।

हज पर जाने वाले यात्रियों का हुआ टीकाकरण

कानपुर देहात। सोमवार को अमरौधा में अवस्थित प्रशिक्षण केन्द्र अन्जुमन मदरसा जीनतुल इस्लाम में हज की यात्रा पर जाने वाले 33 यात्रियों के सापेक्ष 30 हज यात्रियों को क्वाड्रीवेलेन्ट मेनिनगोकोंकल मेनिनजाइटिस वैक्सीन एवं 65 वर्ष से अधिक उम्र के 2 यात्रियों को सीजनल इन्फलूंजा वैक्सीन के साथ ओरल पोलियो की खुराक देकर प्रतिरक्षित किया गया। इस दौरान जनपद से जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा आशीष बाजपेई, प्रभारी चिकिन्सा अधिकारी, डा अमित निरंजन, डीवीएसएम अवधेश कुमार, वीसीसीएम राकेश कुमार एवं कम्प्यूटर सहायक सुशील कुशवाहा, अमरौधा ब्लॉक के बीपीएम आराधना, बीसीपीएम नेहा ने अपनी टीकाकरण टीम के साथ हज यात्रियों का टीकाकरण किया।

अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आज जनपद न्यायालय कन्नौज की मीटिंग हाल में अण्डर ट्रॉयल रिव्यू कमेटी की बैठक आहूत की गयी। बैठक में शुभ्रान्त कुमार शुक्ला जिलाधिकारी, अमित कुमार आनन्द पुलिस अधीक्षक, लवली जायसवाल, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / पूर्णकालिक सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पी0के0 त्रिपाठी, जेल अधीक्षक, जिला कारागार द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जेल अधीक्षक द्वारा धारा 436 ए सीआरपीसी से आच्छादित 2 ऐसे विचाराधीन बंदी जो कारित अपराध की अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके हैं का विवरण प्रस्तुत किया गया। समिति के सदस्यों द्वारा उक्त दोनो विचाराधीन बंदियों के मामलों का अवलोकन कर संबंधित न्यायालय में उक्त विचारधीन बंदियों की रिहाई हेतु आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला जज-प्रथम/नोडल अधिकारी चन्द्रोदय कुमार द्वारा बताया कि धारा 436 (क) 8050सं0 संहिता से आच्छादित एवं ऐसे विचाराधीन बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है परन्तु जमानतगीर के अभाव में कारागार में निरूद्ध है ऐसे विचाराधीन बंदियों जिनके विरुद्ध अधिकतम 07 वर्ष के दण्डादेश संबंधित अपराध विचारण हेतु लम्बित और वे कारागार में निरूद्ध है उनके नियमानुसार रिहायी हेतु माह नवम्बर तक कैम्पेन चलाया जा रहा है और इसी कैम्पेन के तहत उक्त बंदियों की नियमानुसार रिहायी हेतु राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ द्वारा आवश्यक कार्यवाही किये जाने के हेतु निर्देश निर्गत किये गये है। बैठक के बाद लवली जायसवाल अपर जिला जज / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विनोद दीक्षित अस्पताल में स्थित वन स्टाप सेंटर का निरीक्षण किया गया निरीक्षण दौरान सेंटर प्रबन्धक विनीता सहित अन्य स्टाफ उपस्थित पाया गया। सचिव द्वारा निरीक्षण के दौरान चाइल्ड लाइन का अस्थायी रूप से वन स्टाप सेन्टर पर कार्यालय के बारे में जानकारी ली गयी जिसके सेन्टर में तैनात कर्मी द्वारा बताया गया कि वन स्टाप सेन्टर का कार्यालय पाल चौराहे के पास स्पर्श हास्पिटल के निकट बनाया जा रहा है। सचिव द्वारा चाइल्ड हेल्प लाईन के रजिस्टरो एवं दस्तावेजों का निरीक्षण किया गया जिसमें खोये तथा पाये बच्चों को संबंध में अंकित सूचना रजिस्टर का अवलोकन किया गया एवं पीडित महिलाओं एवं बच्चियों की समस्याओं के निवारण के लिये चल रही योजनाओं की समीक्षा की गयी। वन स्टाप सेन्टर पर लम्बित प्रकरणों में पीडिताओं के लिये उपलब्ध सुविधाओं स्वास्थ्य तथा उनको दी जा रही अन्य चिकित्सीय सुविधिओं, पुलिस सुरक्षा, कानूनी सलाह व अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी ली गयी। सचिव द्वारा वन स्टाप सेन्टर की प्रबन्धक विनीता कुमारी एवं पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानों को निर्देशित किया गया कि महिला और बच्चियों जिनको विधिक सहायता की आवश्यकता हो उनके मामले को चिहिन्त कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कन्नौज के कार्यालय में सूचित करे ताकि उनको विधिक सहायता दी जा सके।

बिल्हौर नगर पालिका में भ्रष्टाचार सर चढ़कर रहा है फिर भी सो रहे हैं अधिकारी

* लापता रोड की जांच करने के नहीं पहुंचे जे.ई.

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर। बिल्हौर नगर पालिका में भ्रष्टाचार सर चढ़कर बोल रहा है नागरिक और सभासद चिल्लाते घूम रहे हैं ठेकेदार और अधिकारी की साथ गांड के चलते पुलिया टूटने लगे हैं वार्ड नंबर 2 और वार्ड नंबर 15 की सीमा में बनी पुलिया अभी पिछला हफ्ता बनकर तैयार हुई थी । झटके में ही टूट गई यह स्थान वह है जहां पर चुनाव में सैकड़ो गाड़ियां यहां से गुजरेंगी इस्लामिया स्कूल और मदरसे में पोलिंग बूथ बने हुए हैं अगर यह सब भ्रष्टाचार पर रोक ना लगी तो किसी दिन बड़े-बड़े निर्माण भी धराशाई हो जाएंगे और घटना में जनहानि भी हो सकती है वहां के निवासी रईस चाचा ने बताया कि हमारी बकरी उधर से गुजर रही थी टूटी पुलिया में पैर घुसकर टूट गया सुल्तान चाय वालों ने बताया कि वहां पर दिन में ही कई बच्चे खेलते हुए पैर घुस गया था लेकिन हुआ यह की आल्हा के करम से पैर टूटने से बच गया अक्सर घटनाएं हो रही हैं चौराहे पर लोगों ने सभासद से भी कहा लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। आखिरकार भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कोई बोलने को तैयार नहीं बिल्हौर नगर पालिका में आखिरकार किसका भय है।

जांच करने में कतरा रहे अधिकारी

बिल्हौर नगर पालिका द्वारा लापता रोड के नाम से टेंडर होना और 400000 निकाल लेना इसकी जांच एसडीएम रश्मि लांबा ने मौके पर जाकर देखा कहीं पर कोई रोड नहीं था की संबंध में के को सूचना दी गई तो बताया गया कि सोमवार को आने की उम्मीद है लेकिन वह सोमवार को नहीं आए आखिरकार लापता रोड की जांच करने वाले जेई लापता हो गए क्या नगर पालिका में घोटाले के जांच अधिकारी मौके पर जांच करने में आने से कतरा रहे हैं। वार्ड नंबर 24 सभासद सन्येंद्र स्वरूप पांडे उर्फ बब्लू पांडे नगर पालिका चौराहे पर चिल्लाकर कह रहे हैं कि मुझे पता नहीं मेरे यहां कागजों में रोड बन गया और बैंक से पैसा निकल भी गया चार लाख रुपए अखिरकार नगर पालिका में हो क्या रहा है। अधिशासी अधिकारी सुश्री अंजनी मिश्रा से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे यह ज्ञात नहीं हो सका की जांच करने वाले जेई क्यों नहीं आए

लाइट का काम करने वाला युवक लापता

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर कस्बे के लोहिया नगर वार्ड नम्बर 19 शाही मस्जिद के पास बिल्हौर निवासी सचिन कुमार पुत्र शर्वेस कुमार कश्यप उम्र लगभग 18 साल कुछ मंदि बुद्धि 20 अप्रैल को घर से रोड लाईट लेकर एक बारात अश्फाक उल्ला नगर गुमटा में गया था जहां तीन दिन का काम करने के बाद 23 अप्रैल को बाला जी गेस्ट हाउस त्रिवेणीगंज बिल्हौर गया तब से अभी तक कोई पता नही चल रहा पिता सर्वेश कुमार कश्यप ने बताया कि बार-बार रोज पति-पत्नी सहित लाइट वाले गुड्डन गुप्ता के पास जा रहे हैं वह आजकल आजकल कहते हैं कि आ जाएगा परेशान ना हो आखिरकार कहां गया है किसके साथ गया है अगर वह बता दे तो हम फिर इतना क्यों परेशान हो वहीं पर पुलिस को जो प्रार्थना पत्र दिया था गुड्डन लाइट वालों के नाम से वह उन्होंने अपने पास रख लिया और हमको वहां से भगा दिया इसके बाद पुनः दूसरा प्रार्थना पत्र लिया है और फोटो लिए हैं जब हमने 1076 पर अपनी सूचना दर्ज कराई है। थानाध्यक्ष केशव प्रसाद तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर सभी संबंधित जगहों पर फोटोग्राफ्स भिजवा दिए गए हैं जल्द सुराग लग जाएगा उन्होंने बताया कि लड़का मानसिक रूप से विक्षिप्त है।

पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान हेतु बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

जन एक्सप्रेस । कानपुर देहात

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत आवश्यक सेवाओं से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों को पोस्टल बैलट से मतदान सुविधा हेतु जिलाधिकारी आलोक सिंह के अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि अधिसूचित आवश्यक सेवाओं में कार्यरत कार्मिकों को पोस्टल वैलेट फार्म 12 डी के माध्यम से मतदान की सुविधा आयोग द्वारा प्रदान की गई है। उन्होंने सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े विभागाध्यक्षों से कहा कि विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय के अंतर्गत आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों का फार्म 12 डी भरवाकर डीएफओ कार्यालय में शीघ्र प्रेषित करें। जिन अधिकारी, कर्मचारियों का फॉर्म 12 डी प्राप्त होगा, उन्हें ट्रेनिंग स्थल पर व संबंधित विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी के यहा पोस्टल वैलेट से मतदान की सुविधा प्राप्त होगी।

आपदा प्रबंधन को लेकर जारी की गई एडवाइजरी

जन एक्सप्रेस । औरैया

अपर जिलाधिकारी (वि0धा0) महेंद्र पाल सिंह ने अवगत कराया है कि तेजी से बढ़ रहे तापमान व तेज हवा के चलने के बीच गर्मी में व्यक्तिगत असावधानियों से हो रहे अग्निकांड को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से एडवाइजरी जारी की गयी है जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की तरफ से जारी एडवाइजरी में बढ़ते अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के बारे में आम जन को सावधान किया गया है, अग्निकांड से हो रहे नुकसान को लेकर छोटी-छोटी सावधानियां अपना कर हम इन घटनाओं को रोक सकते हैं । उन्होंने कहा कि गर्मी में लगने वाली आग से गांव अत्यधिक प्रभावित होते हैं। ऐसे में रसोई घर यदि फूस का हो तो उसकी दीवाल पर मिट्टी का लेप अवश्य लगा दें। रसोई घर की छत ऊंची रखने, आग बुझाने के लिए घर में बोरे में बालू रखने, बाल्टी में पानी रखने की सलाह दी। सार्वजनिक स्थानों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ लेकर न चलने की सलाह दी खेतों पर जहां कहीं भी ढीले तार दिखें।

उत्तरीपुरा जीटी रोड से बदन निवादा जाने वाली सड़क पर हो रहा घटिया सामग्री से निर्माण

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में इन दिनों जो भी कार्य हो रहे हैं सभी घटिया सामग्री से कराए जा रहे हैं कारण यह है कि ठेकेदार से इस समय मौजूद चुनाव के दौरान कोई भी अधिकारी और राजनेता कुछ भी कह भी नहीं सकता है जिसके चलते वह अपनी मनमानी से निर्माण कार्य कर रहा है आखिरकार अधिकारियों के सामने कौन सी मजबूरी है कि वहां पर झांकने तक नहीं जा रहे हैं जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश सरकार के शख्त निर्देश है कि भ्रष्टाचार किसी भी तरह बर्दास्त नहीं किया जायेगा वहीं पूरा खजुरिया निवादा बदननिवादा डामरीकरण रोड पर ठेकेदार मनमर्जी से डामरीकरण के नाम पर डामरीकरण सड़क बनाने में लीपापोती कर रहे हैं वहीं राहगीरों के द्वारा घटिया डामरीकरण रोड को सही तरह से बनाने को कहा गया तो मजदूरों ने कहा कि जो आदेश ठेकेदार ने दिये है रोड बनाने के उसी तरह से हम काम कर रहे हैं हम तो मजदूर हैं वहीं ग्रामीणों में घटिया डामरीकरण रोड को लेकर भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय के लिए काला रोड हो जाएगा फिर गड्ढो में तब्दील हो जाएगा।

कमिश्नरेट पुलिस और प्रेस क्लब ने मतदाता जागरूकता अभियान मकनपुर में चलाया

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक नगरी मकनपुर में स्मार्ट प्री किड्स स्कूल में आयोजन किया गया जिसमें जिले के पुलिस अधिकारी और पत्रकार संगठन के शामिल हुए मतदाता जगरूप हो,और ज्यादा से ज्यादा मतदान करेगा तभी लोकतंत्र मजबूत होगा।यह कहना है डीसीपी विजय ढुल का। मकनपुर कस्बे में पत्रकारों,वकीलों व्यापारियों तथा सामाजिक लोगों की बैठक में बोल रहे थे।बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं भी मौजूद थी।बैठक का आयोजन मकनपुर में किड्स स्कूल में किया गया था।गोष्ठी के संयोजक डा. मजहर नकवी उर्फ जामी भाई ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उनको मोमेटो भेंट किए।उन्होंने कहा मकनपुर कस्बा सामाजिक आध्यात्मिक रूप से जो संदेश देता है,उसका संदेश दूर तक जाता है।गोष्ठी में बोलते हुए प्रेस क्लब के अध्यक्ष सरस बाजपेई ने कहा जैसे आप ईद,होली,दिवाली त्योहार उत्साह खुशियों के साथ मिलजुलकर मनाते हैं वैसे ही राष्ट्रीय पर्व मतदान में भारी संख्या में शामिल हों।एसीपी अजय त्रिवेदी ने कहा निर्भय होकर मतदान करें और कोई दिक्कत हो तो तत्काल पुलिस को सूचना दें। प्रेस क्लब के महामंत्री शैलेश अवस्थी ने कहा मतदान आपका अधिकार हो नहीं कर्तव्य भी है।भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है,और जब आप मतदान करते हैं तभी विश्व में भारत का मान बढ़ता है।अन्य लोगो के अतरिक्त प्रेस क्लब के आशुतोष बाजपेई,मनोज सोनकर, रवि गुप्ता,योगेश ,एलआईओ एके सिंह अपने साथियों के साथ मौजूद रहे, प्रधान मजाहिर हुसैन ने भी संबोधित किया।संचालन अनुराग अवस्थी मार्शल ने किया।कार्यक्रम के बाद आजादी के आंदोलन के नायक शहीद मलंग मजनू शाह की मजार पर अतिथियों ने माला चढ़ा उन्हे नमन किया। कार्यक्रम के बाद डीसीपी ने अरौल एस ओ अखिलेश पाल और अन्य पुलिसकर्मियों का उत्साह बढ़ाते हुए चुनाव में पूरी सजगता से काम करने का आवाहन किया। डीसीपी ने कर्क में मौजूद बच्चों से आग्रह किया कि 13 तारीख को आपको अपने परिजनों के जो वोट डाले जाए उनसे भी आप जीत करें जिस तरह से खिलौने चॉकलेट मांगते हैं उसे तरह से करें कि जब तक आप वोट डालकर और उंगली में निशान लगाकर नहीं आएंगे तब तक घर में आप नहीं घुसेंगे और जल्दी से जाएं वोट डालकर आए और अपनी उंगली में निशान लगा कर आए हैं तभी हम आपकी बात मानेंगे और आपके साथ खेलेंगे इससे क्या है बच्चों की जीत के आगे बुजुर्गों की भी नहीं चलती है और उन्हें हरहालत में करना पड़ता है अगर हमारे यह जो सामने ह्यारे बच्चे बैठे हैं यह सभी अगर वीणा उठा लेंगे तो हमारा 70त्न से 80त्न मतदान मकनपुर का जाएगा यह हमें उम्मीद है।

वोट बैंक के लिए धर्म आधारित आरक्षण की योजना बना रही कांग्रेसः पीएम मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तीसरे चरण के मतदान से पहले नरेंद्र मोदी कर्नाटक के बागलकोट में चुनाव प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने एक रैली को संबोधित भी किया। रैली में पीएम मोदी ने राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को कई मुद्दों पर घेरा। उन्होंने विपक्षी पार्टी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया है। पीएम मोदी ने बताया कि वह देश में कभी भी ऐसा होने नहीं देंगे। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए प्रस्ताव लेकर आई है, क्योंकि उन्हें मालूम है कि अल्पसंख्यकों का समर्थन भाजपा के साथ है। रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है। हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने आगे कहा, वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है। वहां मौजूद लोगों से भाजपा को वोट देने की अपील करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता का वोट उन्हें मजबूत बनाएगा। इसके बाद भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। पीएम मोदी ने कहा, भारत को विनिर्माण केंद्र बनाना हमारा संकल्प है। यह संकल्प वे कभी पूरा नहीं कर पाते जो छुट्टियों का आनंद लेते हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं सोशल मीडिया पर काम कर रहा हूं। इस दुनिया में जिनके पास सबसे अधिक फॉलोअर्स हैं, उनमें से मोदी एक है। मैंने समाज के लोगों से जुड़ने के लिए इसका सकारात्मकता से उपयोग किया। लेकिन जो चुनाव हार चुके हैं, वे मेरा फर्जी वीडियो बनाते हैं। एआई के जरिए मेरी आवाज के साथ वे वीडियो बना रहे हैं। मैं आपसे अपील करता हूं कि जब भी आप ऐसा कुछ देखें तो इसपर शिकायत जरूर करें। मध्य प्रदेश चुनाव के दौरान अमित बच्चन की आवाज के साथ ऐसा किया गया था।

हुबली हत्याकांड पर पीएम मोदी का कांग्रेस पर हमला

पीएम मोदी ने हुबली में कांग्रेस पार्षद की बेटी की हन्या मामले में भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस मामले में राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी कांग्रेस को घेरा है। पीएम मोदी ने कहा, हुबली में जब हमारी बेटी की हन्या कर दी गई, तब यहां की सरकार अपना वोट बैंक बचाने के लिए उस बेटी की इज्जत पर हमला करना शुरू कर दिया। कर्नाटक में कट्टरपंथी बेकाबू हो गए हैं। यहां हनुमान चालीसा सुनने वाले दुकानदार पर हमला किया गया।

'दो चरण के चुनाव में ही विपक्षी गठबंधन का डब्बा गोल हुआ'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सोलापुर

देशभर में लोकसभा चुनाव का माहौल बना हुआ है। पहले और दूसरे चरण के चुनाव समाप्त हो गए हैं। अब आगामी चरणों के चुनाव के लिए सभी राजनीतिक दल रैलियां और जनसभाएं कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी ताबड़तोड़ चुनावी रैलियां कर रहे हैं। सोलापुर में जमकर कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस फिर से देश की सत्ता हथियाने का सपना देख रही है।

देश की सत्ता हथियाने का सपना देख रही कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, इस चुनाव में आप अगले पांच वर्ष के लिए विकास की गारंटी को चुनेंगे। दूसरी ओर वो लोग है जिन्होंने 2014 से पहले देश को आतंकवाद, भ्रष्टाचार और कुशासन के गश्त में धकेल दिया था। अपने कलंकित इतिहास के बाद भी कांग्रेस फिर से देश की सत्ता हथियाने का सपना देख रही है। इन्हीं अंदाजा ही नहीं कि पहले दो चरण के चुनाव में विपक्षी गठबंधन का डब्बा गोल हो चुका है।

इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महायुद्ध चल रहा

पीएम ने कहा, इंडी गठबंधन में नेता के नाम पर महायुद्ध चल रहा है। क्या आप इतना बड़ा देश किसी ऐसे व्यक्ति को सौंप सकते हैं जिसका नाम तय न हो, जिसका चेहरा न मालूम हो? क्या इतना बड़ा देश आप उन्हें दे सकते हैं? ये नकली शिवसेना वाले कह रहे हैं कि उनकी पार्टी में प्रधानमंत्री पद के लिए कई लोग हैंऔर उनके एक नेता ने कहा कि हम एक साल चार पीएम बनाए तो क्या जाता है?

विपक्षी गठबंधन वाले बहुत बौखलाए हुए हैं

उन्होंने कहा, कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन वाले बहुत बौखला हुए हैं इसलिए वे लगातार झूठ फैला रहे हैं कि हम संविधान बदल देंगे और आक्षरण खन्म कर देंगे। मैं पहले कह चुका हूं कि अगर खुद बाबा साहब चाहे तो भी वह संविधान और आरक्षण खन्म नहीं कर सकते। तो मोदी का तो सवाल ही नहीं उठता। पीएम मोदी ने कहा, इस पूरे चुनाव में, ये इंडी अघाड़ी के जितने लोग हैं, उनका सिर्फ एक ही एजेंडा है। मोदी को नई-नई गाली देना। उनके पास विजन नहीं है। हमारे पास विजन है और हम इस विजन के लिए ये जीवन खपा देंगे।

परिवारों का हाल ही सबसे खराब रहा

उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस के 60 वर्षों के राज में एसीसी/एसटी/ओबीसी परिवारों का हाल ही सबसे खराब रहा। वो मुसीबत में रहें, तकलीफ में रहें। मोदी ने उन्हें अपनी प्राथमिकता बनाई। 10 वर्षों में हमने गरीब कल्याण की जितनी भी योजनाएं बनाई, वो सबके लिए हैं।

बंगाल शिक्षक भर्ती: सीबीआई जांच पर 'सुप्रीम' रोक, 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति रद्द करने के फैसले पर रोक नहीं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

कलकत्ता उच्च न्यायालय के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद्द करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यीय पीठ ने की सुनवाई

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी। हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। ब्याज सहित वापस करना होगा वेतन हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है।

हाईकोर्ट का फैसला अवैध है: ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

सीएम केजरीवाल से मिलने तिहाड़ जेल पहुंची पत्नी सुनीता और मंत्री आतिशी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता और मंत्री आतिशी मुलाकात के लिए पहुंच गई हैं। तिहाड़ प्रशासन ने सीएम केजरीवाल की पत्नी सुनीता को मुलाकात की अनुमति दी है। कल रात को तिहाड़ जेल ने मुलाकात रद्द कर दी थी। आम आदमी पार्टी ने जानकारी देते हुए कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को तिहाड़ जेल में मिलने की अनुमति मिल गई है। आप ने कहा कि जेल प्रशासन ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की अनुमति नहीं दी थी। जबकि पंजाब के मुख्यमंत्री भवंत मान मंगलवार केजरीवाल से मुलाकात करेंगे।

अरब सागर में गुजरात एटीएस-तटरक्षक बल के संयुक्त अभियान में 73 किलो नशीला पदार्थ बरामद, दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारतीय तटरक्षक ने एटीएस गुजरात के साथ मिलकर अरब सागर में एंटी नार्को ऑपरेशन चलाया। इस संयुक्त अभियान में 173 किलो नशीला पदार्थ बरामद किया गया। अधिकारियों ने इस मामले में मछली पकड़ने वाली नाव समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है। यह अभियान 28 अप्रैल को एक पाकिस्तान मछली पकड़ने वाली नाव को जब्त करने के बाद चलाया गया था। बता दें कि एक दिन पहले यानी की 28 अप्रैल को गुजरात आतंकवादी विरोधी दस्ते (एटीएस) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के साथ मिलकर तटरक्षक बल ने अरब सागर में ऑपरेशन चलाया था। इस संयुक्त अभियान में भारतीय तटरक्षक बल ने पाकिस्तानी नाव से 86 किलोग्राम नशीला पदार्थ जब्त किया था। जहाज पर सवार 14 लोगों को भी गिरफ्तार किया गया था। हालांकि, तटरक्षक बल ने अभी तक यह खुलासा नहीं किया कि कैसे पाकिस्तानी नाव से किस तरह नशीला पदार्थ बरामद किया गया। ऑपरेशन रात भर चलाया गया था। ऑपरेशन के लिए तटरक्षक जहाजों और विमानों को तैनात किया गया था। चालक दल के सभी सदस्य पाकिस्तान के बलूचिस्तान से हैं।

भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ ने 2.2 करोड़ की हेरोइन जब्त की

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चौकसी बढ़ाई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत ने देश में हो रहे लोकसभा चुनाव के चलते भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है। सीमा चौकी डीएमसी, 149वीं वाहिनी ने जिला मुर्शिदाबाद की अंतरराष्ट्रीय सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी को विफल करते हुए 2.2 किलो हेरोइन जब्त की। तस्कर इसे भारत से बांग्लादेश में तस्करी की करने की फ़िराक में थे। जब्त हीरोइन का कुल बाजार मूल्य 2.2 करोड़ बताई गई है। दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी, ए.के. आर्य ने बताया कि रविवार को शाम को करीब 5.15 बजे ड्यूटी के दौरान, जवानों ने तीन भारतीय तस्करों को ल्लास्टिक की बोरियों के साथ सीमा के पास देखा। जवान उन्हें रुकने के लिए ललकारा। इस बीच, तस्करों ने बोरे को सीमा बाड़ के पार बांग्लादेश की ओर फेंकने की कोशिश की, लेकिन बोरे भारतीय क्षेत्र में गिर गए। तस्कर अंधेरे और मक्के की फसल का फायदा उठाकर भारतीय सीमा की ओर भागने में सफल रहे। इसके बाद आसपास के इलाके की गहनता से तलाशी ली और मौके से पीले रंग की ल्लास्टिक की रस्सी से बंधी एक सफेद और लाल रंग की ल्लास्टिक की बोरी बरामद की, जिसमें नशीला पदार्थ था। जब्त पाउडर के परीक्षण करने के बाद हेरोइन होने का पता चला। जब्त हेरोइन को पुलिस थाना, लालगोला को आगे की कानूनी कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है। जब्त की गई हेरोईन की अंतरराष्ट्रीय कीमत 2.2 करोड़ बताई गई है।

कड़े कदम उठा रहा

दक्षिण बंगाल सीमान्त के जनसंपर्क अधिकारी, ए.के. आर्य, डीआईजी ने एक बयान में इस बात पर जोर दिया कि सीमा सुरक्षा बल भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी से निपटने के लिए कड़े कदम उठा रहा है। बयान में कहा गया है कि बीएसएफ किसी भी परिस्थिति में तस्करी को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमित शाह के फर्जी वीडियो मामले में एक आरोपी गिरफ्तार, असम के सीएम सरमा ने दी जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से जुड़े फर्जी वीडियो के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। गिरफ्तार आरोपी का नाम रीतम सिंह है।

फर्जी वीडियो मामले में गृह मंत्रालय गंभीर

दरअसल, सोशल मीडिया पर केंद्रीय मंत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें छेड़छाड़ की गई है। वीडियो में शाह एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण खत्म करने की बात करते दिख रहे हैं। एक दिन पहले रविवार को शाह का फर्जी वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट करने वाले लोगों को खिलाफ दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एफआईआर दर्ज की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय ने मामले को गंभीरता से लिया है। स्पेशल सेल उन एक्स अकाउंट पर नजर रख रही है, जो इस वीडियो को पोस्ट कर रहे हैं। वीडियो डिलीट करने वाले भी जांच एजेंसियों के रडार पर हैं।

कार्रवाई के लिए तैयार रहें: अमित मालवीय

भाजपा ने भी इस वीडियो के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में भाजपा ने बताया कि अमित शाह ने एससी-एसटी और ओबीसी आरक्षण को खन्म करने को लेकर कोई बात नहीं की है। वायरल वीडियो पूरी तरह से फर्जी है। उनके वीडियो के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। भाजपा का कहना है कि मूल वीडियो में शाह ने तेलंगाना में मुसलमानों के लिए असंवैधानिक आरक्षण हटाने की बात कही थी। मामले में भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा कि जिसने भी फर्जी वीडियो साझा किया है, वे कार्रवाई के लिए तैयार रहें।

दिल्ली पुलिस अलर्ट, एक्स और फेसबुक से मांगी जानकारी

मामले में दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। पुलिस ने एक्स और फेसबुक को एक पत्र लिखा है। पत्र में उन्होंने जानकारी मांगी है कि दोनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से किस-किसने से गृहमंत्री शाह के फर्जी वीडियो को शेयर किया है।

जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच, 1 की मौत, पिछले 36 घंटे से बारिश-बर्फबारी जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग के सरबल इलाके में एवलांच आया है। माछिल में भारी बर्फबारी के चलते बीते 24 घंटे में बर्फ की 12 से 15 इंच मोटी परत जम गई है। अगले 8 घंटे में कई जगहों पर भारी बारिश और ओले गिरने और ऊपरी इलाकों में भारी बर्फबारी होने की आशंका है। कश्मीर में पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश-बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग ने कहा है कि 30 अप्रैल तक बारिश और बर्फबारी की स्थिति बनी रहेगी। श्रीनगर प्रशासन ने लोगों को झेलम नदी और डल झील समेत अन्य नदी-नालों से दूर रहने की सलाह दी है। रामबन के करूल इलाके में 13 साल के एक लड़के की लैंडस्लाइड से मौत हो गई। वहीं, रामबन में लैंडस्लाइड से जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे बंद हो गया है। इससे पहले 26 अप्रैल को भी रामबन-गूल रोड पर लैंड स्लाइड हुआ था। इसके चलते करीब 1 किलोमीटर तक की जमीन धंस गई और रामबन से 6 किलोमीटर दूर पेरनोट गांव में 30 से ज्यादा घर क्षतिग्रस्त हो गए। इलाके में हो रही बारिश के कारण हालात खतरनाक होते जा रहे हैं। इधर, देश में तेज गर्मी का असर लगातार जारी है। मौसम विभाग ने उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लिए आज हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में 3 दिन बाद सीवियर हीटवेव चलेगी। हीटवेव के अलर्ट वाले राज्यों में तापमान 42 डिग्री के पार रिकॉर्ड किया गया है। इसके अलावा महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में भी टेम्परेचर 42ख्र रिकॉर्ड किया गया है।

तेलंगाना सीएम को दिल्ली पुलिस का नोटिस

एक मई को पूछताछ के लिए बुलाया, गृह मंत्री शाह के एडिडेट वीडिया का मामला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को गृह मंत्री अमित शाह के एडिडेट वीडियो को सोशल मीडिया पर पोस्ट करने के मामले में पूछताछ के लिए बुलाया है। जारी किए नोटिस के मुताबिक सीएम रेड्डी समेत पांच लोगों को एक मई को दिल्ली बुलाया गया है। इन सभी ने वीडियो को सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया था। सूत्रों के मुताबिक सीएम रेड्डी को पुलिस ने उस मोबाइल को भी साथ लाने को कहा है जिससे उन्होंने ये वीडियो एक्स पर पोस्ट किया था। बता दें कि दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शनिवार को इस मामले में आईपीसी और आईटी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया था।

उत्तराखंड के जंगलों में आग का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, तत्काल सुनवाई की मांग की गई



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को दो बड़े मामलों में तत्काल सुनवाई की मांग की गई। इनमें एक मामला उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग से जुड़ा है। दरअसल, कोर्ट में एक याचिका का जिक्र करते हुए जंगल की आग के मुद्दे पर तुरंत सुनवाई का आग्रह किया गया। इस पर कोर्ट ने वकील से एक ईमेल भेजने को कहा और इस पर विचार करने का आश्वासन दिया। इस पर वकील ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में जंगल की आगों को लेकल पिछले चार वर्षों से तीन याचिकाएं लंबित हैं। दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के बीरभूम से लोकसभा चुनाव में भाजपा की ओर से प्रत्याशी बनाए गए देबाशीष धर ने अपना पर्चा खारिज होने के बाद सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने इस मामले में तत्काल सुनवाई की मांग की है। देबाशीष की इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विचार करने की बात कही है। उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में पिछले साल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई सोमवार को छह मई तक के लिए स्थगित कर दी।निदेशालय की ओर से पेश एक वकील ने इस आधार पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं हैं। इसके बाद न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की जमानत याचिका खारिज

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के एक मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि यह एक ''असाधारण मामला'' है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से प्रवर्तन निदेशालय ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि इस मामले में सुनवाई जल्द ही पूरी की जाएगी।

वीपीपैट पर्चियों के मिलान से जुड़ी याचिका खारिज

उच्चतम न्यायालय ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का इस्तेमाल कर डाले गए मतों के साथ वीवीपैट पर्चियों का मिलान करने का मुद्दा उठाने वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि शीर्ष अदालत की एक समन्वय पीठ ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे पर फैसला दिया था। पीठ ने याचिका पर विचार करने से इनकार करते हुए कहा, एक समन्वय पीठ पहले ही अपना विचार व्यक्त कर चुकी है।

'विभाजन ने पूर्वोत्तर की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरण, आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना विषय पर एक कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन ने कई तरह से पूर्वोत्तर राज्यों की प्राकृतिक कनेक्टिविटी को तोड़ दिया। राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों के कारण क्षेत्र के विकास पर भी इसका असर पड़ा। भारत के विभाजन के परिणाम ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया, जो पूर्वोत्तर के पास था या होता। पजयशंकर ने छात्रों से बात करते हुए कहा कि पूर्वोत्तर में विकास का जो स्तर देखा जाना चाहिए था, वह धीमा हो गया। विभाजन के बाद पहले कुछ दशकों में, पूर्वोत्तर को वह लाभ नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा, पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत मोर्चे की ओर बढ़ रही है। अब हम जो देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले आना चाहिए था यदि इतिहास हमारे प्रति दयालु होता। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं, भारत को पूर्व की ओर देखने के लिए, दिल्ली को पहले पूर्व की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्व को देखना चाहिए। यह तब क्षमता और संभावनाएं हैं पूर्वोत्तर की पूरी सराहना की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)